ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

फ्रांस के '3 कॉन्टिनेंट्स फेस्टिवल' में ... पेज 10 पर



www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● कार्तिक शुक्ल पक्ष 09 ● विक्रम संवत 2080 ● मंगलवार, 21 नवम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-35 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

## गागर में सागर

### पलामू में देवकीनंदन ठाकुर का आगमन आज



**मेदिनीनगर।** वृंदावन के अंतर्राष्ट्रीय भागवत कथा वाचक 21 नवंबर को पहली बार पलामू की धरती पर हेलीकाप्टर से लैंड करेंगे। श्री ठाकुर मेदिनीनगर हाउसिंग कालोनी में आयोजित श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ में भक्तों को भागवत कथा का रसपान कराएंगे। ख्यातिलब्ध कथा वाचक के आगमन से पलामू वासियों में हर्ष व उत्साह देखा जा रहा है।

### मुख्यमंत्री के 28 को लोहरदगा दौरे की तैयारियां तेज, डीसी-एसपी ने संभाला मोर्चा



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 28 नवंबर को लोहरदगा जायेंगे। मुख्यमंत्री के लोहरदगा जाने का यह कार्यक्रम तय हो चुका है। कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज हो चुकी है। मुख्यमंत्री यहां पर राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था को मजबूत किया गया है। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी हारिस बिन जमां पूरी व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्तर से भी कार्यक्रम को लेकर तैयारी की जा रही है। झारखंड सरकार द्वारा लोहरदगा जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम 24 नवंबर से लेकर 26 दिसंबर तक पंचायतवार आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का निर्देश झारखंड सरकार के मुख्य सचिव के स्तर से दिया गया है, जिसके बाद जिला प्रशासन ने अलग-अलग तिथियां में अलग-अलग पंचायत में इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर पूरी रूपरेखा तय की है। सबसे पहले 24 नवंबर को उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय मैदान सेन्हा के अलावे अन्य दो पंचायत में यह कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इसके बाद अंतिम रूप से 26 दिसंबर को उत्क्रमित मध्य विद्यालय अरु सेन्हा के अलावा अन्य दो पंचायत में यह कार्यक्रम आयोजित करते हुए पूरे अभियान का समापन किया जाएगा।मुख्यमंत्री 28 नवंबर को लोहरदगा जाएंगे। इस बात की पुष्टि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने की है। झामुमो जिला अध्यक्ष ने कहा है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम को लेकर स्थल निरीक्षण किया जा रहा है। प्रशासनिक तौर पर भी तैयारी की जा रही है।

### आचार संहिता उल्लंघन मामला : मुख्यमंत्री सोरेन की याचिका पर सुनवाई आज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट मंगलवार से अपने निर्धारित समय से चलेगा। मंगलवार (21 नवंबर) को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सरायकेला खरसांवा के आदित्यपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी (418/2014) को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट याचिका पर सुनवाई होगी। मामले में कोर्ट ने पिछली सुनवाई में राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। साथ ही कोर्ट ने हेमन्त सोरेन के खिलाफ 21 नवंबर तक पीड़क कार्रवाई पर रोक भी लगाई थी। याचिका में हेमंत सोरेन ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2014 में चुनाव के दौरान वह अपनी पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गए थे।उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया था। उस दौरान उन पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले की सुनवाई पश्चिम सिंहभूम की निचली अदालत में चल रही है। हेमंत सोरेन ने अदालत में चल रही कार्रवाई पर रोक लगाने व उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है।

### झारखंड सरकार गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को जमीन पर उतारने में जुटी

**रांची।** राज्य की हेमंत सोरेन ने सरकार ने उच्च शिक्षा से वंचित होने वाले विद्यार्थी के लिए बड़ी राहत देते हुए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की शुरूआत की है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना को उतारने में जुटी है। पहले चरण में इस योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक स्टूडेंट का आवेदन आमंत्रित किया गया है, जिसे पोर्टल के माध्यम ऑनलाइन आवेदन दाखिल किया जायेगा। इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर लग रहे कैपों में व्यापक प्रचार प्रसार के साथ आवेदन मांगे जायेंगे। इस संबंध में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव राहुल कुमार पुरवार ने सभी जिलों के उपायुक्त को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है।

# रेहला के जेपी नर्सिंग होम में गर्भवती की मौत, चिकित्सक दंपति फरार

### परिजनों ने दिया धरना, जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** नप के प्रमुख कस्बा रेहला स्थित जेपी नर्सिंग होम में इलाजरत 32 वर्षीय गर्भवती महिला सोनी देवी पति विनय राम निवासी डंडीला कला की मौत हो गई। सूचना पर ग्रामीणों व पुलिस के आने के पहले ही चिकित्सक दंपति पिछले दरवाजे से फरार हो गए । परिजनों द्वारा नर्सिंग होम के मुख्य द्वार पर शव रखकर सैकड़ों ग्रामीणों के साथ धरना-प्रदर्शन किया गया। परिजन व ग्रामीणों ने नर्सिंग होम के चिकित्सक डा. अलाउद्दीन अंसारी व उनकी पत्नी डा. शबिला प्रवीन को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की है। मौके पर पहुंची इंस्पेक्टर प्रियंका



आनंद,विश्रामपुर चिकित्सा प्रभारी डा. राजेंद्र कुमार व रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने परिजनों को समझा बुझा कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्मार्टम हेतु जिला अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया है। अधिकारियों ने परिजनों द्वारा प्राप्त आवेदन पर जल्द ही चिकित्सक दंपति को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। मौके पर केतात मुखिया पति रविशंकर चौबे, विश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास, निवर्तमान वार्ड पार्षद दिनेश शुक्ला, शत्रु कुमार, उपेन्द्र कुमार, सोनू कुमार, अखिलेश कुमार, सतदेव राम, गुड्डु कुमार नरेंद्र, हरी लाल कुमार, भोला राम, नंदू राम, विरेंद्र राम, विश्वनाथ राम, महेंद्र राम, धर्मेंद्र कुमार रवि, राजू राम सहित कई लोग मौजूद थे।

### स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी

समाजसेवी गोपाल राम ने आरोप लगाया कि इस मामले में कहीं न कहीं स्वास्थ्य विभाग की भी घोर अनदेखी है। जिसके कारण इस तरह के मामले विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में लगभग हर महीने देखने को मिल रहे हैं। अवैध प्राइवेट नर्सिंग होम संचालकों की कारस्तानी से जहां गरीब जनता अपना जान गंवा रही है। वहीं कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही है।

# भारत की हार के बाद पीएम मोदी ने शमी को गले लगाकर कहा हमें गर्व है

### जडेजा ने शेयर की तस्वीर



**अहमदाबाद।** नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया मैच के देखने के लिए कई बड़ी हस्तियां पहुंचीं थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दूसरी पारी के दौरान स्टेडियम में नजर आए। पीएम मोदी के साथ गृह मंत्री अमित शाह नजर आए। फाइनल मुकाबले को देखने के लिए पीएम मोदी के अलावा बॉलीवुड हस्तियां भी पहुंचीं। शाहरूख खान, गौरी खान, आशा भोसले, अनुष्का शर्मा, आथिया शेट्टी समेत अन्य कई दिग्गज स्टेडियम में मौजूद थे। भारत के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने पीएम के ड्रेसिंग रूम में आने की तस्वीर शेयर की है। उन्होंने लिखा- हमारा टूर्नामेंट ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**चंदवा की घटना :** छठ पूजा देखने गयी थी, रेलवे ब्रिज के समीप से शव बरामद

# आदिवासी किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या !

### 15 दिन के अंदर दूसरी बड़ी घटना से सहमे ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र में एक 15 वर्षीय आदिवासी नाबालिग छात्रा का शव बरामद किया गया है। रेप के बाद हत्या किये जाने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतका छठ पूजा देखने देवनद नदी तट पर गई थी, जिसके बाद वह घर नहीं लौटी। सुबह ग्रामीणों ने उसके शव को एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर देवनद के समीप स्थित पेट्रोल पंप के पश्चिम दिशा में गेरुवागढ़ा रेलवे ब्रिज के समीप देखा और पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी शुभम कुमार के नेतृत्व में पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई। मृतका के शरीर में कई जगह चोट के निशान हैं। उसका दाहिना हाथ भी टूटा हुआ है। ग्रामीण रेप के बाद हत्या किये जाने की आशंका जाहिर कर रहे हैं। बॉडी देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि अपराधियों ने बेहरमी से उसकी हत्या की है। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकता है। घटना के संबंध में मृतका के पिता ने बताया कि छठ पूजा के अवसर पर घर के सभी सदस्य देवनद छठ घाट गए थे। मृतका भी पीछे से घाट जाने के लिए घर से निकली थी। देर शाम सभी लोग घाट से वापस घर लौट गये लेकिन वह घर नहीं लौटी। परिजनों को लगा कि वह अपनी किसी सहेली के घर गई होगी। सुबह पुलिस द्वारा फोन पर बेटी की मौत की सूचना दी गई जिसके बाद परिजन और आस पड़ोस के सैकड़ों लोग थाना पहुंचे। मृतका बाल सृष्टि ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### थाना गेट पर घंटों जमे रहे ग्रामीण



घटना की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में धीरे-धीरे थाना के समीप जमा होने लगे। सभी लोग अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाना गेट के समीप घंटों डटे रहे। घटना की सूचना पर चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उंराव भी थाना पहुंचे और घटना के प्रति दुख व्यक्त करते हुए पुलिस से अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। काफी देर बाद थाना प्रभारी शुभम कुमार, बीडीओ विजय कुमार, मुखिया रंजीत उंराव के समझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए। तब जाकर शव को अंत्यपरीक्षण हेतु लातेहार भेजा गया।

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उपायुक्तों के साथ की बैठक**

# विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण को लेकर दिये आवश्यक निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने जिलों के उपायुक्तों सह जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्य की प्रगति को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों से मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए बचे हुए कार्यों को ससमय निष्पादित करने के लिए जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्थाई रूप से शिफ्ट हो चुके मतदाताओं, मृत मतदाताओं, डुप्लीकेट एंट्री वाले मतदाताओं आदि का नाम विहित प्रक्रिया अपनाकर हटाने का शेष काम जल्द ही कर लें, साथ ही इस कार्य में पूरी सावधानी और जिम्मेदारी भी बरतें। दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करने, स्थानीय स्तर पर कैंप लगाने, समुचित प्रचार प्रसार करने जैसे विषयों से संबंधित भी उन्होंने कई निर्देश दिए। उन्होंने सुझाव दिया कि इस अभियान के दौरान स्कूली बच्चों को भी निर्वाचन साक्षरता क्लब के तहत निर्धारित प्रोजेक्ट वर्क करवाये जाएं। इस बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारीयों के अलावा जिला शिक्षा पदाधिकारी भी मौजूद थे। इसलिए सीईओ ने सभी को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि जिन स्कूलों में मतदान केंद्र बनाए जाते हैं वहां महिला व पुरुष शौचालय, रैम्प, प्रकाश, पंखा, मोबाइल चार्जिंग आदि की व्यवस्था अनिवार्य तौर से समय रहते कर ली जाए। बैठक में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारीयों के अलावा ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, उमाशंकर सिंह व अन्य तकनीकी विशेषज्ञ मौजूद थे।

### प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के पुत्र की शादी में शामिल होंगे सीएम

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे के पुत्र गौरांग की शादी में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित सत्तारूढ़ दल झामुमो, कांग्रेस और राजद के कई नेता शिरकत करेंगे। 23 नवंबर को नागपुर के अमरावती रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में आयोजित शादी समारोह में भाग लेने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम 23 नवंबर की दोपहर बाद विशेष विमान से नागपुर रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री का नागपुर में रात्रि विश्राम की संभावना है। 24 नवंबर की सुबह लौटने के बाद मुख्यमंत्री साहिबगंज और पाकुड़ का दौरा करेंगे। नागपुर में होने वाली इस ग्रैंड शादी में झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे के पुत्र गौरांग और आशना के परिणय सूत्र में बंधने का साक्षी राजनेता से लेकर यहां के पत्रकार भी होंगे। अविनाश पांडे ने अपने पुत्र की शादी में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया है। जिन लोगों को आमंत्रित किया गया है उनमें झारखंड सरकार के सभी मंत्री, ब्यूरोक्रेट्स, कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय बड़े नेता, विभिन्न बोर्ड निगम में नवपदस्थापित अध्यक्ष और पत्रकार शामिल हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर 22 नवंबर को ट्रेन से नागपुर के लिए रवाना होंगे।

# विश्व बाल दिवस पर नीली रोशनी में जगमगाया राजभवन

**रांची।** विश्व बाल दिवस के अवसर पर बाल अधिकारों के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए सोमवार को राजभवन को नीले प्रकाश से प्रकाशित किया गया। विश्व बाल दिवस, संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समझौता को अंगीकार किए जाने के वर्षगांठ के अवसर पर हर वर्ष 20 नवंबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य दुनिया भर के बच्चों के अधिकारों के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करना है। विश्व बाल दिवस यूनिसेफ का बच्चों के लिए, बच्चों के द्वारा थीम पर आधारित एक वैश्विक दिवस है, जो प्रतिवर्ष बाल अधिकार समझौता, जो कि दुनिया की अब तक की सबसे अनुमोदित मानवाधिकार संधि है, को स्वीकार किए जाने के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर पूरे भारत में प्रतिष्ठित सार्वजनिक इमारतों और स्मारक स्थलों को नीले प्रकाश से रोशन किया जाता है, जो कि बच्चों के अधिकारों के प्रति समर्थन और एकजुटता को प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि मुझे दुनिया भर के उन सभी बच्चों के साथ अपनी आवाज जोड़ने पर गर्व है, जो अपनी समस्याओं, जो कि उनकी शिक्षा, सुरक्षा, सशक्तीकरण और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी है, के समाधान की मांग रहे हैं। नीले प्रकाश से प्रकाशित राजभवन बच्चों के समर्थन का प्रतीक है, जो सभी लोगों से झारखंड के बच्चों के लिए एक सुरक्षित और कल्याणकारी वातावरण सुनिश्चित करने और सामूहिक प्रयास के माध्यम से बच्चों के हित में काम करने का आग्रह करती है। विश्व बाल दिवस बच्चों के हित में एजेंडा निर्धारित करने और बाल अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ. कनीनिका मित्र ने कहा कि हर बच्चे के अधिकार को सुनिश्चित करना हम सभी का कर्तव्य है, क्योंकि सभी लड़कों एवं लड़कियों के लिए सुरक्षित और बेहतर भविष्य के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी को व्यक्त करता है।

# पलामू में आस्था व उल्लास के साथ मना महापर्व छठ



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में महापर्व छठ आस्था व उल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर सहित जिले के रेहला, पांडू, विश्रामपुर, पड़वा, छतरपुर, जपला, हैदरनगर, नावा बाजार, हरिहरगंज आदि कस्बों में श्रद्धालुओं ने पूर्ण भक्तिभाव के साथ सूर्य देव व छठ माता की आराधना कर सर्व मंगल की कामना की। छठ घाटों सहित रिहायशी इलाकों में बज रहे छठ गीतों की अनुगूंज से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। सोमवार सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के बाद शुरू हुआ प्रसाद वितरण का कार्यक्रम देर रात तक जारी रहा। कई छठ घाटों पर आयोजित भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शांति व सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के निर्देशन में पुलिस निरंतर क्षेत्र में चक्रमण करती रही।

### ब्रिटेन में बिहार व झारखंड के सैकड़ों लोगों की महापर्व छठ उत्सव में रही भागीदारी



**ब्रिटेन (आरएनएम)।** ब्रिटेन के विभिन्न शहरों में बसे भारत के बिहार और झारखंड राज्य के लोगों ने हिंदु समुदाय के सौजन्य से संचालित बिहारी कनेक्ट यूके संगठन ने धूम -धाम से चार दिवसीय महापर्व छठ उत्सव समारोह आयोजित की। ब्रिटेन की राजधानी लंदन से करीब 70 मील दूर नॉर्थहेम्पटनशायर शहर के बोजिटा विलेज के यॉर्क कॉटेज स्पा एंड रिजॉर्ट में चार दिनी छठ पूजा को पूरे पारंपरिक विधि विधान से जीवंत किया गया। दोनों राज्यों के कुल 15 महिला व 3 पुरुष छठी व्रतियों ने विधि विधान व रीति-रिवाज से छठ पूजा की। सामूहिक छठ उत्सव में नहाय खाय, खरना,कोशी भराई, शाम में पहला अर्ध्य और सुबह दूसरा अर्घ्य, हवन व व्रतियों का पारंपरिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दोनों राज्यों के विभिन्न पृष्ठभूमि से जुड़े सैकड़ों परिवार के 750 ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# छठ त्योहार की धार्मिकता से परे कुछ बातें



सुनील बादल

भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां सबसे अधिक धार्मिक सांस्कृतिक विविधता भी है और अनूठापन भी। हर राज्य के पर्व त्योहार और संस्कृति वहां रहनेवाले या पर्यटकों तक को प्रभावित करते हैं भले उनका मूल राज्य कुछ भी हो!

चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी और कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी को मनाए जाने वाले छठ पर्व को मान्यता के अनुसार भगवान कृष्ण के पुत्र शांब ने कुष्ट रोग से मुक्ति के लिए चिकित्सा विशेषज्ञ शाकद्वीपीय मग ब्राह्मणों के निदेर्शानुसार बारह राशियों के अनुसार ओलार्क (उलार) दुल्हिन बाजार, पटना, कोणार्क उड़ीसा देवार्क (देव) औरंगाबाद पुण्यार्क पण्डारक औगार्क औगारी,लोलार्क-काशी, मार्कण्डे यार्क कन्दाहा, सहरसा, कटलार्क कटारमल उत्तराखंड बालार्क बड़गांव, चानार्क चंद्रभागा नदी के किनारे, मोढ़ेरार्क गुजरात में पुष्पावती नदी के किनारे, आदित्यार्क (पाकिस्तान)के पंजाब प्रांत के चिनाब नदी के किनारे ऐसे ही इलाज कराया था। बिहार के औरंगाबाद (मगध) में बहुत बड़ी संख्या में उपस्थिति को इसी से जोड़कर देखा जाता है।

एक और मान्यता के अनुसार महाभारत काल में जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गए, तब द्रौपदी ने छठ व्रत किया था। एक मान्यता है कि छठ पूजा की शुरूआत सूर्य पुत्र कर्ण ने की थी। एक मान्यता के अनुसार, ऐतिहासिक नगरी मुंगेर में रावण वध के बाद पाप से मुक्ति के लिए मुग्दल ऋषि के राम और सीता को दिए निदेर्शानुसार सीता ने छह दिनों तक रह कर छठ पूजा की थी।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी के सूर्यास्त और सप्तमी के सूर्योदय के मध्य वेदमाता गायत्री का जन्म हुआ था।प्रकृति के षष्ठ अंश से उत्पन्न षष्ठी माता बालकों की रक्षा करने वाले विष्णु भगवान द्वारा रची माया हैं। बालक के जन्म के छठे दिन छठी मैया की पूजा-अर्चना की जाती है, जिससे बच्चे के ग्रह-गोचर शांत हो जाएं औरजिंदगी में किसी प्रकार का कष्ट नहीं आए। इस मान्यता के तहत ही इस तिथि को षष्ठी देवी का व्रत होने लगा।

सबसे सादगी से मनाया जाने वाला छठ महापर्व बिहार, झारखंड और उत्तर भारत से अब विश्वव्यापी हो गया है।

धार्मिक भेदभाव, ऊंच-नीच, जात-पात भूलकर सभी एक साथ इसे मनाते हैं। किसी भी लोक परंपरा में ऐसा नहीं है। सूर्य, जो रोशनी और जीवन के प्रमुख स्रोत हैं और ईश्वर के रूप में जो रोज सुबह दिखाई देते हैं उनकी उपासना की जाती है। जनजातीय समुदाय भी चंद्रमा के साथ सूर्य को पूजता है। कई सारे धर्मों में सूर्य देव उपासना के केंद्र में रहे हैं।

ऐसी संस्कृति और सभ्यताओं में पेरू के इंका, प्राचीन जॉर्डन के नेबेटियन्स और जापान के शिंटोइज्म जैसे पंथ और सभ्यताएं शामिल है. नेबेटियन्स ने जॉर्डन में तो सूर्य के सम्मान में पेट्रा नामक शहर भी बसाया था। दक्षिण अमेरिका में इंका सभ्यता के लिए सबसे महत्वपूर्ण देवताओं में से एक सूर्य देवता थे। इंका वास्तुकला का अधिकांश भाग सूर्य की पूजा के लिए डिजाइन और निर्मित किया गया है. इसमें ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**निकाय सहित लोक सभा के संभावित उम्मीदवारों ने भी दी दस्तक**

# भावी उम्मीदवारों के होर्डिंग्स- बैनर से पटे रहे छठ घाट

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** छठ घाट लोकतांत्रिक व्यवस्था के नीचले स्तर ग्राम पंचायत से लेकर सर्वोच्च पंचायत लोक सभा चुनाव के भी विमर्श का केंद्र रहे। नगर निकाय सहित लोक सभा चुनाव के संभावित दावेदारों ने भी छठ घाट पर दस्तक देकर आमजन के समक्ष हाजिरी लगाई। धर्म व राजनीति अनंत काल से एक-दूसरे के समानांतर चले हैं। भारत में लोकसभा सहित झारखंड के निकाय चुनाव भी आसन्न हैं। ऐसे में इस वर्ष आस्था के महापर्व छठ पूजा में राजनीतिक हलचल पूरे उफान पर रहा। छठ घाटों पर भावी उम्मीदवारों के बड़े-बड़े होर्डिंग्स, बैनर लगाये गये। उम्मीदवारों ने भी प्रत्यक्ष उपस्थिति दर्ज कराकर छठ मइया के साथ आमजन से भी आशीर्वाद मांगा। घाटों की साफ-सफाई से लेकर वहां आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के उद्घाटन में भी उम्मीदवारों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। पर्व के दौरान फलाहार व पूजन सामग्री वितरण को लेकर भी दावेदारों में होड़ मची रही। भले ही इन सबके पीछे उम्मीदवार अपनी अथाह श्रद्धा को कारण बता रहे हों, किंतु इसके मूल में कहीं न कहीं राजनीति ही रही।





**वैश्विक पटल पर कायम है धमक :** बिहार, झारखंड व उप्र के पूर्वांचल क्षेत्र का पर्व माने जाने वाले छठ पर्व की धमक अब देश से परे विदेशों में भी महसूस की जाने लगी है। यूरोप, अमेरिका सहित आस्ट्रेलिया महाद्वीप में भी छठ पर्व धूमधाम से मनाया जाने लगा है। उक्त स्थलों पर बिहार, झारखंड व पूर्वांचल वासियों की प्रभावी मौजूदगी के कारण वहां के नेतागण भी इसकी अनदेखी करने की साहस नहीं जुटा पाते।

## गागर में सागर

### फ्लाईओवर से गिरने से युवक गंभीर

**हुसैनाबाद।** रविवार की रात जपला हरिहर चौक के समीप रेलवे फ्लाई ओवरब्रिज से गिरने से जपला बाल्मीकि नगर मोहल्ला निवासी मदनलाल का 18 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता हैं कि उक्त युवक रेलवे ओवरब्रिज पर बैठा था। इसी दौरान अनियंत्रित होकर वह नीचे गिर गया। युवक को घायल अवस्था में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्रारंभिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया।

### बाइक के धक्के से वृद्ध गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद।** जपला-छतरपुर मुख्य सड़क के ऊपरी गांव के समीप रविवार की रात्रि करीमन मेहता नामक 60 वर्षीय वृद्ध बाइक के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गए। वृद्ध उपरीकला गांव के निवासी हैं। घायल वृद्ध का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कराने के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए उन्हें मेदिनीनगर रेफर किया गया।-

### जिंदगी की जंग जीत घर लौटे मुखिया पति



**नावा बजार।** पंचायत गुरी के मुखिया पति घुरा बैठा दस दिन नवजीवन अस्पताल तूमेगड़ा मे जिंदगी की जंग जीत कर घर वापसी की है। बताते चलें दस दिन पहले मुखिया पति अपने खेत में फसल देखने जा रहे थे। इसी दौरान विषैला सर्प ने उन्हें डंस लिया। उन्हें बेहोशी की हालत में आनन-फानन में परिवार वाले की मदद से नवजीवन अस्पताल तूमेगड़ा में भर्ती कराया गया। पैर में काफी सूजन हो जाने के कारण वे चलने-फिरने में भी असमर्थ थे। दस दिन के बाद हालत में सुधार होने पर उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। मुखिया पति ने बताया कि पहले भी एक बार उन्हें विषैले सांप ने डंस लिया था। छठ मइया की कृपा से दूसरी बार भी उनकी जान बच गई है।

### आपसी विवाद में मारपीट दंपति घायल

**हुसैनाबाद।** सोमवार को थाना क्षेत्र के पतराखुर्द गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मुरली श्याम मनोहर प्रजापति व उनकी पत्नी अनीता मनोहर शामिल हैं। दोनों घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। बताया जाता हैं कि पड़ोसी से मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। भुक्तभोगी के अनुसार पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में मामला मारपीट तक पहुंच गई। घटना की सूचना हुसैनाबाद थाना को दे दी गई हैं। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही हैं।

# विधायक प्रतिनिधि ने छठ घाटों का किया भ्रमण





**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह के अस्वस्थ रहने की वजह से रविवार को विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण कर आयोजन समितियों से मुलाकात की। हैदरनगर के मुख्य छठ घाट सदाबह नदी पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह का विजेता क्लब के सदस्यों ने भव्य स्वागत किया। सदस्यों ने कहा कि पूर्व की सभी मांगों को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पूरा करने का काम किया है। उन्होंने इसके लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने विधायक प्रतिनिधि से नदी के तल का पीसीसी व पुराना शिवालय में विवाह मंडप का निर्माण कराने की मांग की। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि आंख का ऑपरेशन की वजह से वह नहीं पहुंच पाए। इसका उन्हें काफी दुःख है। उन्होंने क्षेत्र वासियों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं। विधायक प्रतिनिधि सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ स्थल भी पहुंचे। मौके पर यज्ञ समिति के ललन सिंह, विनय सिंह, मुन्ना सिंह, पूर्वी पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह मौजूद थे।

### आकस्मिक निधन से उगते सूर्य को अर्घ्य नहीं दे पाये व्रती

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर प्रखंड के केतात गांव में सोमवार की भोर में समाजसेवी का आकस्मिक निधन हो जाने से व्रती उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित नहीं कर पाये। बताया जाता है कि केतात गांव निवासी जगदंबा प्रसाद मिश्रा कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। चिकित्सालय के उपचार के बाद घर पर ही वे स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के साथ परिजनों ने छठ व्रत किया था। किंतु सोमवार भोर में उनका निधन हो गया। इससे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई तथा व्रती उगते सूर्य को अर्घ्य भी नहीं दे पाये।

#### वर्ल्ड कप फाइनल में करारी हार से छठ पर्व का उत्साह फीका

# टीम इंडिया का बैटिंग, बालिंग के साथ फील्डिंग भी ध्वस्त





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आखिर वही हुआ जिसका भय था। ऐन मौके पर टीम इंडिया का बालिंग, बैटिंग के साथ फील्डिंग भी धराशायी हो गई। नतीजन छठ पूजा को हुए वर्ल्ड कप फाइनल में आस्ट्रेलिया के हाथों करारी मात मिली। इससे प्रशंसकों का छठ पर्व का उत्साह जहां फीका पड़ गया। वहीं प्रकाश पर्व के छह दिन बाद ही दूसरी बार दीपावली मनाने का उनका अरमान भी धरा का धरा रह गया। कई लोगों ने टीम इंडिया के तीसरी बार वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए मन्नत भी मांगी थी। टास हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम के शूरमा जहां एक-एक कर पेवेलेयिन लौट गये तथा लीग व नाग आउट मुकाबलों में रनों का पहाड़ खड़ा करने वाली टीम इंडिया फाइनल में 250 तक भी नहीं पहुंच पाई। उसके बाद श्रीलंका व साउथ अफ्रीका को 100 रनों के भीतर समेटने वाले भारतीय गेंदबाज भी विफल रहे। रही-सही कसर खराब फील्डिंग ने पूरी कर दी। और तो और खिताबी मुकाबले में विकेट कीपिंग का स्तर अत्यंत निम्न रहा।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पूजा का समापन







**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** नहाय-खाय से शुरू हुए आस्था के महापर्व छठ पूजा का सोमवार को चौथे दिन उगते हुए सूर्य देवता को अर्घ्य देने के साथ ही समापन हो गया। सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रतधारियों ने कठिन व्रत का पारण किया। चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन तप व व्रत के माध्यम से हर साधक अपने घर-परिवार, विशेष रूप से अपनी संतान की मंगलकामना करता है। बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड समेत देश के तमाम हिस्सों में मनाया जाने वाला छठ पर्व छठी मैया व प्रत्यक्ष देवता भगवान भास्कर की विशेष पूजा के लिए किया जाता है। छठ पूजा का धार्मिक महत्व व भगवान भास्कर की महिमा तमाम पुराणों में बताई गई है। भगवान सूर्य एक ऐसे देवता हैं, जिनकी साधना भगवान राम व श्रीकृष्ण के पुत्र सांब तक ने की थी। सनातन परंपरा से जुड़े धार्मिक ग्रंथों में उगते हुए सूर्य देव की पूजा को अत्यंत ही शुभ व शीघ्र फलदायी बताया गया है। लेकिन छठ महापर्व पर की जाने वाली सूर्यदेव की पूजा एवं अर्घ्य का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि छठ व्रत की पूजा से साधक के जीवन से जुड़े सभी कष्ट पलक झपकते दूर हो जाते हैं व उसे मनचाहा वरदान प्राप्त होता है।

### मुखिया ने दी शुभकामनाएं

**हरिहरगंज।** छठ पर्व के अवसर पर प्रखंड के खड़गपुर गांव में मुखिया काजल कुमारी व मुखिया के अभिभावक सत्येंद्र मेहता ने स्टॉल लगाकर सैकड़ों छठ व्रतियों के बीच फल का वितरण किया। इस मौके पर मुखिया ने कहा कि छठ पर्व पर सेवा करने से आत्मसंतुष्टि व शांति मिलती है। उन्होंने सभी को पर्व की शुभकामनाएं दीं। मौके पर उप मुखिया रामसुंदर राम, पंसस पति विनोद राम, जितेंद्र मेहता, धीरज मेहता, ब्रजेश मेहता, सुनील मेहता, संजय मेहता, गुड्डू मेहता उपस्थित थे।

### महान पर्व है छठ

**हरिहरगंज।** छठ के अवसर पर नपं के मेन रोड़ स्थित पुरानी पोस्ट ऑफिस के समीप समाजसेवी जानू चौधरी द्वारा स्टॉल लगाकर सैकड़ों छठ व्रतियों के बीच फल का वितरण किया गया। मौके पर जानू चौधरी ने कहा कि छठ पर्व एक महान पर्व है। इसमें सेवा करने से आत्म संतुष्टि मिलती है। मौके पर बंटी कुमार, भोला गुप्ता, सुनील प्रसाद बैजनाथ, अमित, धर्मवीर, जितेंद्र, अमित मौजूद थे।

### पूर्व विधायक ने किया फल का वितरण

**हरिहरगंज।** महापर्व छठ के अवसर पर हरिहरगंज थाना के समीप पूर्व विधायक सह आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने स्टॉल लगाकर छठव्रतियों के बीच फल का वितरण किया। मौके पर पूर्व विधायक श्री मेहता ने कहा कि छठ पर्व एक महान पर्व है। उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों की सेवा के लिए वे हमेशा आगे रहते हैं। इस मौके अनुसूचित जाति आयोग के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष ललन भुइयां, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा दास, आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, नगर अध्यक्ष प्रेम गौरव, महताब शाहिल, शिक्षक जितेंद्र मेहता, डा. नितेश मेहता आदि मौजूद थे।

### समाजसेवी ने पूजा स्टालों में भेजवाया पूजन सामग्री

**हरिहरगंज।** छठ के अवसर पर समाजसेवी राजीव रंजन ने हरिहरगंज प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों पर छठ व्रतियों के लिए पूजन सामग्री भेजवाया। स्टालों के माध्यम से सामग्रियों को व्रतियों के बीच वितरण किया गया। समाजसेवी ने कहा कि छठ व्रतियों के बीच फल का वितरण करना पुण्य का काम है। व्रतियों को महापर्व की शुभकामना देते हुए उन्होंने सभी को भाईचारे के साथ पर्व मनाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर मृत्युंजय सिंह, संजय जायसवाल, मनोज मेहता, शंभू यादव, राजेश रंजन मिश्रा, विनोद, अरुण, विजय प्रजापति, नवीन दुबे मौजूद रहे।

# अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही लोक आस्था के महापर्व छठ का समापन किया गया।इससे पूर्व रविवार को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य देकर व्रतियों ने घाटों पर अनुष्ठान की शुरूआत की। माता अधिकारी कुंवर चैरिटेबल ट्रस्ट भरतगढ़ मोहम्मदगंज द्वारा दस दिन पूर्व से ही स्थानीय कोयल नदी घाट की साफ-सफाई,घाट तक सुगमता पूर्वक जाने के लिए श्रमदान से रास्ता बनाने आदि कार्यों को संपन्न किया गया। नदी घाट पर आकर्षक लाइट का सजावट किया गया जो क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना रहा। अनिकान्त के साथ शानू,प्रेम,अणु, अंकित, बंटी,रानू ,पानू, रौशन, सनी, अंगद, लव, बोलबम, प्रिंस,भोलू,जुगनू,हरि आदि युवाओं ने कार्य में अहम भूमिका निभाई। पहली बार अर्घ्य के समय काशी वाराणसी से आये आचार्य पंडितों द्वारा गंगा आरती की गई। ट्रस्ट के सदस्यों ने छठव्रतियों के बीच सूप,साड़ी, पूजन सामग्री, फल,ईख का भी वितरण किया। उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के बाद छठव्रतियों को चाय पिलाया गया। सोनबरसा गांव स्थित घाट पर भी गंगा आरती का आयोजन किया गया। भाजपा नेता कर्नल संजय कुमार सिंह ने विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचकर व्रतियों को शुभकामनाएं दीं। घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसआई आशीष कुमार,एएसआई विपिन ठाकुर के नेतृत्व में पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे।

### उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ संपन्न

**सतबरवा।** उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ आस्था का महापर्व छठ सोमवार को संपन्न हो गया। नदी-तालाबों में सुबह से ही उगते सूर्य को अर्घ्य देने को लेकर व्रती कतार में खड़े हो गये। पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दूध से अर्घ्य दिलवाया। सतबरवा लक्ष्मण घाट एवं राम घाट की रंग-बिरंगी लाइटों से सजावट देखते ही बनी। मलय नदी नौरंगा, पोंची, रजडेरवा, खामडीह तथा कोईली नदी रेवारातू, चांपी, बोहिता व औरंगा नदी फुलवरिया के अलावे अन्य नदी-तालाबों में भी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, जिप सदस्य सुधा कुमारी, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, पूर्व सरपंच नंदकिशोर प्रसाद, सामाजिक कार्यकर्ता मोहन जोशी, मेघराज प्रसाद ने घाटों पर जाकर प्रसाद ग्रहण किया व लोगों को शुभकामनाएं दी।

# 41 गांवों में किया पूजा सामग्री व फलाहार का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर टीम सूर्या के बैनर तले हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के 41 गांवों में फलाहार का वितरण किया गया। इस दौरान हुसैनाबाद के जेपी चौक, जपला गईता पोखरा, नहर मोड़, दंगवार, देवरी, महुदंड, अमही, इमलिया टिकर, डंडीला, पथरा, पोलडीह, पिपरा के सरैया कुंडपर, टंडवा जगदीशपुर, तेंदुई पंचायत भवन, हसनपुर, मधुबाना, दमवा, बरदाग, जीतपुर, पिपरा बाजार, अंधारीबाग, डिहरिया, दलपतपुर, मसूरिया, चपरबार, लईचूडीह, गेरुआधाम, धवतर, बभंडी, सोनबे, मोहम्मदगंज के मोहम्मदगंज बाजार, कादल, हैदरनगर के शिवालापर, कोइरी मोहल्ला हैदरनगर, दीवान बीघा, कुकही, सड़ेया, कबरा, परता, बभंडी, बरवाडीह बाजार, बरेवा के अलावा डाल्टनगंज व हरिहरगंज में भी ईख का वितरण किया गया। सूर्या सिंह ने कहा कि यह सिलसिला विगत 16 वर्षो से चल रहा है।

### मुखिया ने व्रतियों के बीच फल का वितरण किया



**हरिहरगंज।** शहर के थाना रोड़ में सियरभूका गांव के समीप व डेम छठ घाट पर मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा द्वारा छठ व्रत धारियों के बीच स्टॉल लगाकर फल का वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छठ पूजा पर भेदभाव से ऊपर उठकर सभी को मिलकर पर्व मनाना चाहिए। सामग्री वितरण कार्यक्रम में शिक्षक सुरेश सिंह, बसंत मेहता, जितेंद्र मेहता, रामवृक्ष मस्ताना, बसंत मेहता, हरिनारायण मेहता, लखन सिंह, राहुल, प्रकाश, मृत्युंजय, परमानंद, संतोष, धनंजय मेहता, मिथिलेश मेहता शामिल थे।

#### छठ व्रतियों के साथ ग्रामीणों को मिली राहत

# विधायक की पहल पर नदी रोड़ सड़क की मरम्मत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह की पहल पर शिवालया कंट्रक्शन कंपनी ने छठ घाट जाने वाली सड़क का रविवार की रात कालीकरण कर मरम्मत किया। ज्ञात हो कि उक्त सड़क अत्यंत जर्जर हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इससे छठ व्रतियों को भी घाट तक जाने में परेशानी हो रही थी। इसे देखते हुए एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, शिक्षक सुरेश सिंह सहित छठ पूजा समिति के निरंजन प्रसाद, पुरुषोत्तम जायसवाल, रिंकू शौडिक ने सड़क मरम्मती करने की मांग की थी। जन समस्या को देखते हुए विधायक ने शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी को उक्त सड़क का मरम्मत कराने का निर्देश दिया था। जिस पर कंपनी ने अनुरक्षण कराकर सड़क का कालीकरण कराया। इस कार्य के लिए स्थानीय लोगों ने विधायक का आभार प्रकट किया है।

## आस्था

#### हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

# गंगा आरती में विधायक सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने किया सहभाग

**रात्रि में बलिया की मशहूर गायिका नीतू गोस्वामी, रूबी गोस्वामी व गायक अमित अंकुश द्वारा भव्य भक्ति जागरण की प्रस्तुति की गई।**



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** स्थानीय थाने के पीछे बेलवा नदी तट स्थित शिव घाट पर छठ पूजा समिति के तत्वावधान में बनारस की टीम द्वारा प्रस्तुत गंगा आरती में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर भगवान भास्कर व मां गंगे की आरती की। बताते चलें कि इस वर्ष विश्रामपुर में गंगा आरती श्रद्धालुओ के आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। रात्रि में बलिया की मशहूर गायिका नीतू गोस्वामी,रूबी गोस्वामी व गायक अमित अंकुश द्वारा भव्य भक्ति जागरण की प्रस्तुति की गई। जिसका उद्घाटन आरसीयू के कुलाधिपति डा. ईश्वर सागर चंद्रवंशी द्वारा किया गया। गंगा आरती से पूर्व विधायक को पूजा कमिटी के सदस्यों ने अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया। विधायक ने अपने संबोधन में छठ पूजा आयोजन कमेटी के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए शहर के सभी व्रत धारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छठ पूजा शुद्धता का प्रतीक है। जिसमें उदीयमान सूर्य व अस्त होते भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर श्रद्धालु उनकी स्तुति करते हैं। गंगा आरती में विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय,कमेटी के अध्यक्ष पेंटर विजय,संत पॉल कांवेंट स्कूल के निदेशक साइमन मैथ्यू येसले,सुभाष हेंब्रम,गुंशी गुप्ता,अमित सोनी,जितेंद्र बहेलिया के अलावा हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही।

# भंडारे के साथ लक्ष्मीनारायण महायज्ञ संपन्न

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर के प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय भगवान सूर्य व माता पार्वती प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सोमवार को विष्णु देवाचार्य स्वामी जी महाराज व आचार्य पं. जितेन्द्र कुमार की देखरेख में हवन-पूणार्हुति व भव्य भंडारे के साथ संपन्न हुआ। अंतिम दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। समाजसेवी मुकेश कुमार मेहता ने कहा कि यह यज्ञ सभी के लिये प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि सूर्य मंदिर निर्माणकर्ता सह समिति सरंक्षक ललन सिंह इस आयोजन के लिए बधाई के पात्र हैं। विजेता क्लब ने संरक्षक ललन कुमार सिंह व नन्दलाल प्रसाद गुप्ता को इस अनुष्ठान के आयोजन पर सम्मानित किया गया। यज्ञ समापन में उनके अलावा संयोजक उदय कुमार सिंह, अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, सचिव डॉ. अजय जयसवाल, उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिंह व पवन जयसवाल, उपसचिव धनंजय सिंह व मुकेश कुमार मेहता, संजय कुमार सिंह योगदान सराहनीय रहा है।

## शपथ पत्र

मैं, राजेश कुमार सर्राफ पिता स्व० ओम प्रकाश सर्राफ, निवास स्थान-मदन मोहन रोड़ डालटनगंज जिला पलामू शपथ व विश्वासपूर्ण ब्यान करता हूँ कि :-

1. यह कि मदन मोहन रोड़ डालटनगंज पलामू स्थित होल्डींग नं0-973 प्लॉट नं0-240/2075 रकबा 3.5 डी० जिसे छेदी लाल सर्राफ के नाम से प्रचालित है जिसकी जमाबंदी स्व० ओम प्रकाश सर्राफ के नाम से चलती है मैं उक्त मकान में रहता हूँ।

2. यह कि पांकी रोड़ रेड़मा में छेदी लाल पेट्रोल पम्प के नाम से प्रचलित एवं उसका गोदाम प्लॉट नं0-2614, 2615, एवं 2616 रकबा 18.5 डी0 की जमाबंदी स्व० ओमप्रकाश सर्राफ के नाम से चलती है।

3. यह कि दोनों सम्पतियों के बंटवारा के संबंध में मूल वाद-90/2022 श्रीमान सिविल जज सिनियर डिविजन नं0-03 राजेश कुमार सर्राफ बनाम राजीव कुमार सर्राफ व ललिता देवी के नाम से लम्बित है।

4. यह टान्सफर ऑफ प्रोप्ट्री एक्ट की धाना 52 के अनुसार सिविल कोर्ट में लम्बित किसी भी संम्पति का स्थानान्तरण बिक्री, एग्रीमेन्ट, पावर ऑट अटर्नी आदि अवैध है।

**शपथ पत्र संख्या : xiv/8037/ दिनांक : 18/11/2023**

## गागर में सागर

### नवागत सीओ से पाटन अंचल में ग्रामीणों को राहत

**मेदिनीनगर।** पाटन के नवागत सीओ दीपक मिश्रा की कार्यशैली से ग्रामीणों को काफी राहत मिल रही है। भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान ने कहा कि सीओ बहुत ही बारीकी से दस्तावेज देखकर जमीन का मामला सुलझा रहे हैं। प्रखंड को ऐसे पदाधिकारी की शिद्दत से आवश्यकता थी। ग्रामीणों की भू-समस्याएं काफी हद तक दूर हो रही हैं।

### भाकपा नेताओं ने किया जनसंपर्क

**मेदिनीनगर।** सोमवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी व अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो ने सतबरवा प्रखंड के दुलसुलमा पंचायत में जनसंपर्क समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान जिला सचिव श्री तिवारी ने बताया कि आज जब पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। दुलसुलमा ग्राम विकास से कोसों दूर है। यहां के दलित व चेरो समुदाय के लोग आज भी नदी का दूषित पानी पीने को विवश हैं। 50 घर की बस्ती में मात्र एक चापाकल स्कूल के पास लगा है । वह भी साफ पानी नहीं देता है। 9 साल पूरा होने के बाद भी भाजपा के विधायक व सांसद इस सुदूर ग्रामीण इलाके में आने के लिए एक दिन का भी समय नहीं निकाल सकें। गांव में सड़क का हाल बदहाल है। प्रधानमंत्री आवास का लाभ भी लोगों को नहीं मिला है। उमेश सिंह चेरो ने कहा कि भाजपा के विधायक व सांसद ने चेरो समुदाय का वोट तो ले लिया, लेकिन उनके लिए विकास का एक भी काम नहीं किये। ऐसी स्थिति में आम जनता इस बार भाजपा को सबक सिखाने का काम करेगी। मौके पर सविता देवी, लोचन सिंह, अखिलेश सिंह, हरिद्वार सिंह, प्रमोद सिंह, नीलम देवी, राम अजय सिंह, संगीता देवी, मुकेश प्रजापति, जुमन सिंह आदि मौजूद रहे।

### गंगा आरती में मंत्रोच्चारण से मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालू

**हैदरनगर।** प्रखंड के हैदरनगर स्थित सदाबह नदी के मुख्य छठ घाट पर विजेता क्लब की ओर से आयोजित पारंपरिक गंगा आरती का अनुष्ठान बरबस श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींचने को विवश किया। घंटों गंगा घाट वाराणासी की तर्ज पर रविवार की शाम भव्य गंगा आरती का आयोजन विद्यान आचार्यों व पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार व विधि-विधान से कराई गई। जो श्रद्धालुओं व उनके परिजनों के लिये मुख्य आकर्षण का केन्द्रबिन्दु बना रहा। जय जय भगीरथ नंदनी, मुनि - चय चकोर - चंदनी, नर - नाग - विबुध - वंदनी, जय जहनु बालिका आदि कई संगीतमय ध्वनि व मंत्रोच्चारण के धुन से श्रद्धालू मंत्रमुग्ध हो गये। गंगा आरती ने छठ घाट पर अलग ही रोमांच भरी आस्था में डूबोने का कार्य किया है। इसमें क्लब के प्रमुख सदस्य अनिल सिंह, संतोष कुमार सिंह, संतन चौधरी ने भी भाग लिया। इनके अलावा छठ व्रतियों, श्रद्धालुओं ने पने हाथों में दीपक लेकर गंगा आरती किया।

### जय महाकाल ने मूरही नाला पर किया छठ पूजा का आयोजन

**हैदरनगर।** जय महाकाल छठ पूजा युवा समिति परता ने भव्य गंगा आरती का आयोजन परता छठ घाट मूरही नदी के तट पर किया। इसके सदस्य एक माह से घाट की साफ सफाई, रोड पर लाइट, भगवा झंडा लगाने में लगे हुए थे ' रविवार की शाम को गंगा आरती और रात्री में राधा रानी की झांकी ने व्रतियों का मन मोहा लिया। इसकी सफलता में विवेक दूबे, प्रेम पांडेय, मंगल दूबे, राजू चंद्रवंशी, अनिल साव, आकाश पांडेय, मुन्ना पांडेय, मनोज दूबे, कुंडल साव, प्रवीण दूबे, प्रवीण पांडेय, बिट्टू, डबल, रौशन, अमरजीत, नीतीश, संतोष, रनजेश, अविनाश सहित चार दर्जन से अधिक युवाओं की मेहनत से सफलता मिली है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुखिया कमल कुमार पासवान, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, सृष्टिकांत मिश्र, नंदलाल मिश्र, पप्पू मिश्र, नरसिंह देव पांडेय, दीपक पांडेय, बबलू पांडेय, राजेश साव सहित अन्य कई प्रबुद्ध लोग शामिल थे।

### छठ घाटों को विशेष रूप से सजाया गया

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद शहर के भगवान भाष्कर छठ घाट, जमुहारी माई छठ घाट, पंच सरोवर छठ घाट, गम्हरिया, मोहम्मदाबाद समेत सभी छठ घाटों को विशेष रूप से सजा दिया गया है। पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी बिपुल सन्नी, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी आदि शनिवार को घाट पर पहुंचकर तैयारी की समीक्षा की। बिपुल सन्नी ने बताया कि छठ व्रतियों के लिए हर सुविधा मुहैया कराई गई है। नगर पंचायत के कर्मी सोमवार की सुबह तक तत्पर रहे। शशि कुमार ने बताया कि पूर्व की तरह इस बार भी व्रतियों के लिए जरूरत की सामग्री उपलब्ध रहेगी। पूर्व वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल, मनोज शर्मा, राज अली, सुनील गुप्ता, संजीत कुमार, सुनील चौधरी आदि भी मौके पर उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सेवा मंच ने की पहल

# अमानत घाट पर सूर्य भगवान की प्रतिमा स्थापित



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छठ पूजा के पावन अवसर पर राष्ट्रीय सेवा मंच ने इस वर्ष सिंगरा स्थित अमानत नदी के छठ घाट पर भगवान भाष्कर की भव्य प्रतिमा स्थापित कर पूजा- अर्चना की। मंच के केंद्रीय अध्यक्ष प्रियरंजन पाठक ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा मंच कई वर्षों से सेवा कार्यों से जुड़ा है। इस वर्ष नए आयाम के रूप में आस्था के महान पर्व छठ के अवसर पर उक्त कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि अमानत घाट पर इस वर्ष भगवान सूर्य की प्रतिमा मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस अवसर पर केंद्रीय महासचिव सच्चिदानन्द विद्यार्थी, पलामू जिलाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हर्षित शौर्य, सचिव सूरज तिवारी, कोषाध्यक्ष अभिषेक ओझा, सत्येंद्र ठाकुर, नीतू सिंह, सोनल, सूर्यांश, अमन, मृगांक शशांक, राहुल, प्रतीक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजा कुमार वैद्य ने दी है।

# छठ पर्व पर प्रशासन चौकस , घाटों पर सुरक्षा चाक-चौबंद



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोक आस्था का महान पर्व छठ को लेकर पलामू पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में रही। शहर थाना की पुलिस छठ पर्व पर रात भर शहर में भ्रमण करती रही। वहीं शहर के टीओपी वन,टीओपी 2,टीओपी 3 के प्रभारी रात भर जवानों के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त करते देखे गए। छठ पर्व को लेकर जिला प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था की गई। कोयल नदी के अलावा अमानत नदी तट पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बलों की विशेष तैनाती की गयी। एहतियातन कुछ जवानों को सिविल ड्रेस में भी तैनात किया गया। पूजा के दौरान जिन रूटों पर श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा उमड़ती है। उन पर बड़े मालवाहकों सहित अन्य वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध था। रविवार दोपहर से शाम तक शहर के कई रूटों में बदलाव किया गया था। कोयल व अमानत नदी घाट पर प्रशासन की विशेष नजर रही। इन दोनों घाटों पर भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए हर साल हजारों की भीड़ उमड़ती है। साथ ही अमानत नदी घाट पर गंगा आरती भी होती है। छठव्रती की सुविधा को देखते हुए कई वाटरप्रुफ पंडाल के साथ चेंजिग रूम भी बनाये गये थे। साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर घाट पर वॉच टावर भी बनाये गये थे। जिससे सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रहे।

### पुलिस मुख्यालय ने किया था अलर्ट

पलामू सहित झारखंड के अन्य जिलों के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक को पुलिस मुख्यालय की विशेष शाखा ने अलर्ट किया था। विशेष शाखा ने सुरक्षा से संबंधित कई बिंदुओं पर निर्देश भी दिये थे। ताकि छठ पर्व के दौरान कोई तनाव, दुर्घटना या अनहोनी ना हो। अलर्ट के रूप में पिछले छह माह के दौरान घटित घटनाओं के बारे में जानकारी दी गयी थी। अलर्ट करते हुए कहा गया कि छठ घाट में होने वाली भीड़ का लाभ उठाकर असमाजिक तत्व विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न कर सकते हैं। इस तरह की घटनाओं के नियंत्रण के लिए उपद्रवी तत्व को चिन्हित करते हुए संवेदनशील इलाके में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सूनसान इलाकों की सड़को पर पुलिस बल की तैनाती के साथ गलत तरीके से आतिशबाजी व जलाशयों में व्रतियों व बच्चों को अधिक गहराई में जाने से रोकने के विशेष निर्देश दिये गये थे। जवानों को ट्यूब के साथ विशेष रूप से तैनात रखा गया।

रथ पर सवार देवकीनंदन करेंगे जल यात्रा का नेतृत्व

# पलामू में इंतजार की घड़िया खत्म, महायज्ञ का आगाज आज से

**हाउसिंग कॉलोनी से सुबह 9 बजे पूरे गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकलेगी**

**विद्वान ब्राह्मणों के साथ श्रीमद्भागवत के ख्याति प्राप्त कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर मंत्रोच्चारण कर कलश में जल भराव कराएंगे**





नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आखिरकार इंतजार की घड़िया समाप्त हुईं। परशुराम युवा वाहिनी के नेतृत्व में शहर के हाउसिंग कालोनी में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ मंगलवार को भव्य आगाज किया जाएगा। हाउसिंग कॉलोनी से सुबह 9 बजे पूरे गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकलेगी। हाउसिंग कॉलोनी से पूर्वाह्न ठीक 9 बजे निकलेगी। कलश यात्रा में आगे-आगे ब्रह्मचारी उदितानंद जी महाराज व संत श्री गौरवानंद महाराज चलेंगे। कलश यात्रा का नेतृत्व महायज्ञ कमेटी के संरक्षक अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय, अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, यज्ञशाला प्रभारी कृष्णकांत चौबे व महासचिव शैलेश दुबे करेंगे। उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी अवधेश शुक्ला ने दी। बताया कि यज्ञ स्थल से भारी संख्या में युवतियां, महिलाएं व पुरुष कोयल नदी पहुंचेंगे। गिरवर स्कूल स्थित कोयल नदी के तट पर वाराणसी से पहुंचे 22 विद्वान ब्राह्मणों के साथ श्रीमद्भागवत के ख्याति प्राप्त कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर मंत्रोच्चारण कर कलश में जल भराव कराएंगे। वहां श्रद्धालुओं पर सप्त नदियों के जल का छिड़काव करेंगे। इसके पश्चात देवकीनंदन ठाकुर रथ पर सवार होकर कलश यात्रा का नेतृत्व करेंगे। कलश यात्रा पोस्ट ऑफिस रोड, छहमुहान, रेड़मा चौक होते हुए सीधे हाउसिंग कॉलोनी स्थित यज्ञ स्थल पर पहुंचेगी। इस क्रम में हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा होगी। यज्ञ मंडप पर पहुंचने के पश्चात समिति के सदस्य सभी कलश यात्रियों को शीतल जल के साथ फलाहार कराएंगे।

### कल से देवकीनंदन ठाकुर कराएंगे श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान

22 नवंबर से अंतर्राष्ट्रीय भागवत कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराएंगे। कथा 3 बजे अपराह्न से शाम 6 बजे तक होगा। 27 नवंबर को कथा कार्यक्रम में परिवर्तन किया गया है। श्रद्धालु 27 को कथा का श्रवण पूर्वाह्न 11 से अपराह्न 2 बजे तक कर पाएंगे। यज्ञ समिति के संरक्षक अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडे ने पलामू प्रमंडल के लोगों को महायज्ञ में शामिल होकर देवकीनंदन ठाकुर का कथा श्रवण करने का आह्वान किया है।

### 11 कुंडीय यज्ञशाला में 22 से होगा वेद पाठ

21 नवंबर को केवल जल यात्रा कार्यक्रम होगा। 22 नवंबर पूर्वाह्न 6 बजे से वेद पाठ प्रारंभ होगा। 8 बजे से देवताओं का आह्वान व पूजन किया जाएगा। 22 नवंबर को भी यही कार्यक्रम चलेगा। 11 कुंडीय यज्ञशाला में सपत्नीक 22 श्रद्धालु शामिल होंगे। जबकि 24 नवंबर से 22 श्रद्धालुओं के अलावे प्रत्येक कुंड पर पांच-पांच अतिरिक्त श्रद्धालु सकल हवन में भाग ले सकेंगे। 27 नवंबर को अंतिम हवन होगा। उक्त जानकारी यज्ञशाला प्रभारी कृष्णकांत चौबे ने दी है।

गजल-संग्रह 'नींद खुली तन्हाई है' का भव्य लोकार्पण

# 'कही' में 'अनकही' का माद्दा रखती हैं अजहर की गजलें: प्रो. जफर




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अदबी संसार व बज्म-ए-सदफ इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में जेलहाता मेदिनीनगर स्थित शांति पैलेस के सभागार में प्रसिद्ध लोकप्रिय शायर एमजे अजहर के गजल संग्रह 'नींद खुली तन्हाई है' का भव्य लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मेदिनीनगर की प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने किया। साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित प्रो. जफर कमाली ने समारोह की अध्यक्षता की। उर्दू साहित्य के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रो. सफदर इमाम कादरी बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शरीक हुए। संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीधर द्विवेदी,अदबी संसार के अध्यक्ष इमरान शाद, मौलाना महताब आलम जेयाई, डा. अफशां बानो(पटना), अमीन रहबर (लातेहार), डा. मुर्शीद, लोकप्रिय कवि हरिवंश प्रभात, नेता के.डी.सिंह, गोकुल बसंत, शिवशंकर प्रसाद, अविनाश देव ने सहभागिता की। अपने संबोधन में अतिथियों ने गजल-संग्रह की खूबियों को मुजाकरा के माध्यम से रेखांकित करते हुए एमजे अजहर की शख्सियत व शायरी को खूब सराहा। इसके पूर्व मो. युनूस रजवी ने हम्द, हाफिज मो.मेराज आलम ने नात व अदनान कासिफ ने गजल पढ़ने का दायित्व पूरा किया।

### इंटक के पूर्व अध्यक्ष के निधन से शोक

**मेदिनीनगर।** हमीदगंज वार्ड नंबर 12 निवासी समाजसेवी सहित सेवादल व इंटक के पूर्व जिलाध्यक्ष बागीय दुगार्बाड़ी के सचिव प्रभास दास गुप्ता उर्फ साधन दा का 65 वर्ष की उम्र में रविवार को निधन हो गया। इससे क्षेत्र में शोक की लहड़ दौड़ गई। परिजनों ने बताया कि पिछले कुछ महीने से वह बीमार चल रहे थे। रिम्स रांची में उपचार के दौरान रविवार रात उनका देहांत हो गया। भाइयों में सबसे बड़े साधन दा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। उनका पार्थिक शरीर दोपहर हमीदगंज स्थित घर पहुंचते ही शुभचिंतकों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। एड. शलभ सिंह, विभाकर पांडे, बैंक कर्मी कौशिक मलिक, नितेश सिंह, नेहरू युवा केंद्र के शैलेश कुमार, सुबोध सिंह, अमिताभ सिंह, अरविन्द सिंह उर्फ झाना, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह आदि ने आवास पर पहुंच स्व. साधन दा को श्रद्धांजलि दी। सोमवार सुबह हरिशचंद्र घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

चैनपुर के शिवा नदी के तट पर गंगा आरती व जागरण का आयोजन

# धर्म लोगों के साथ जुड कर रहने की प्रेरणा देता है : मनोज सिंह



नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। छठ पूजा पर चैनपुर के पूर्व मुहल्ला स्थित शिवा नदी तट पर गंगा आरती व जागरण का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मेदिनीनगर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव एवं जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह ने संयुक्त रूप से किया। पूर्व उपाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि धर्म हम सभी को एक साथ मिल-जुलकर रहने की प्रेरणा देता है। चैनपुर का शिवा नदी का तट इसका बड़ा उदाहरण है,जहां युवा मिल कर आपसी एकता व सद्भाव के साथ पिछले कई वर्षों से छठ पूजा का आयोजन कर रहे हैं। इस तट पर भगवान सूर्य का मंदिर निर्माण हो जाने से इस घाट की भव्यता बढ़ी है। मंदिर निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उन्होने संजय सिंह को बधाई दी। माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने कहा कि पर्व से आपसी भाईचारा होते हैं। छठ महापर्व हम सभी को संकल्प ले कर पवित्रता के भाव के साथ समाज के लिए काम करने की प्रेरणा मिलती है। आयोजन के लिए उन्होंने समिति के मित्तल सिंह व उनकी पूरी टीम को बधाई दी। जिप सदस्य प्रमोद सिंह ने छठ की महिमा की चर्चा की। गंगा आरती पुरोहित अजय पांडेय द्वारा विधि विधान के साथ संपन्न करायी गयी। मौके पर मृत्युंजय कुमार सिंह , शिक्षक प्रमोद कुमार, प्रदीप सिंह, अभय कुमार, रणविजय, अरविंद सिंह आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संतु पासवान ने किया। बता दें कि शिवा नदी घाट पर नवनिर्मित मंदिर में भगवान सूर्य की प्रतिमा का विधान पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा किया गया। इसे लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया था । कार्यक्रम के समापन पर सोमवार को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

## आस्था

शहरों के साथ ग्रामीण अंचलों में भी उमड़ी भीड़

# घाटों पर आस्था का सैलाब, चहुंओर बही भक्ति की बयार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र स्थित घाटों पर रविवार शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए व्रतधारियों में व्यापक उल्लास देखा गया। भारी संख्या में लोगों ने जलस्त्रोतों के किनारे पहुंचकर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान वाद्य यंत्रों पर बज रहे छठ गीतों की अनुगूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं की भारी मौजूदगी के कारण घाटों पर मेले सा नजारा उत्पन्न हो गया। जलाशयों में घुटने तक पानी में खड़े कतारबद्ध व्रतियों के नजारे ने सभी का मन मोह लिया। कोयल व अमानत नदी तट पर हजारों की संख्या में लोग छठ करने के लिए पहुंचे। इससे पूर्व सूर्यास्त के पूर्व से ही काचहिं बांस के बहंगिया.., रूनकी झुनकी बेटी मांगीला, पंडितवा दामाद हे छठी मइया... जैसे प्रसिद्ध लोकगीतों को गाते हुए छठ व्रती महिलाओं का घाट पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। शाम में अर्घ्य अर्पित करने के बाद व्रती नदी तट पर ही ठहर गए। छठ पूजा के इस शानदार आयोजन को देखने के लिए घाटों पर हजारों की संख्या में दर्शनार्थियों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। कई स्वयंसेवी संगठन, समाजसेवी संस्थाएं व समाजिक कार्यकर्ता छठ व्रतियों की सेवा में जुटे रहे। किसी को भी कोई परेशानी नहीं हो, इस बात का ख्याल रखा जा रहा है। छठ घाटों पर जगह-जगह श्रद्धापूर्वक फल, दूध, अगरबत्ती, दातून आदि का वितरण किया गया। शहर के पंपूकल, चित्रगुप्त मंदिर, सीआरपीएफ, गिरिवर स्कूल, अग्रसेन घाट से लेकर शिवाला घाट व हमीदगंज सूर्य मंदिर घाटों पर व्रतियां का रातभर जमावड़ा







### उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ छठ पर्व सम्पन्न



**मेदिनीनगर।** उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए सोमवार प्रातः छठ घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान व्रती महिलाओं व वाद्य यंत्रों पर बज रहे कर्ण प्रिय छठ गीतों से चहुंओर भक्ति की बयार बहती रही। भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ पर्व सम्पन्न हो गया। इसके पहले रविवार शाम को व्रतधारियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर घाटों के किनारे रतजगा कर छठी माई की आराधना की। सुबह के समय अधिकांश साधकों ने गंगाजल या कच्चे दूध से अर्घ्य देकर मनोवांछित फल की कामना की। कोयल रिवर फ्रंट, अमानत सहित शहर की सभी घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पर्व को लेकर नवविवाहितों में विशेष उत्साह देखा गया। मान्यता है कि इस व्रत के पुण्य प्रताप से विवाहित महिलाओं को सुख व सौभाग्य की प्राप्ति होती है। वहीं नवविवाहितों को पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। विशेष कार्य में शुभ फल की प्राप्ति के लिए भारी संख्या में पुरुषों ने भी छठ पर्व पर सूर्य उपासना किया। सूर्य की लालिमा प्रस्फुटित होने से पूर्व ही घुटने तक पानी में हाथों में पूजन की थाल लिये व्रतियों ने घंटों सूर्य देव का इंतजार किया। पर्व समापन के बाद व्यापक पैमाने पर प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद वितरण व ग्रहण करने की भक्तों में होड़ मची रही। शास्त्रों के अनुसार छठी मैया माता कुंती को भी कहा जाता है। क्योंकि वह छः पुत्रों की माता थी। करण, अर्जुन, युधिष्ठिर, भीम, नकुल व सहदेव। सूर्य देव को अर्घ्य देने के बाद छठ व्रतियों ने अपनों से बड़ों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

## गागर में सागर

### जय भामाशाह क्लब ने लगाया भंडारा

**श्री बंशीधर नगर।** जय भामाशाह क्लब के तत्वावधान में रविवार की शाम सूर्य मंदिर के निकट भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव व क्लब के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू ने किया। मौके पर संरक्षक भारत भूषण प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, बिरेंद्र अग्रहरि, अशोक जायसवाल, बबलू जायसवाल, संजीत कुमार छोटू, पप्पू अनमोल, ओम प्रकाश, विकास शालू, आनंद जायसवाल, चंदन गुप्ता, अध्यक्ष रजनी कांत, सचिव नित्यानंद कुमार, उपाध्यक्ष बबलू केशरी, सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष अनिल मेहता, ऋतुराज जायसवाल, दिनेश जायसवाल, दिनेश गुप्ता, आशीष गुप्ता, विनोद कांयकार, अनूप निराला, कमलेश मेहता, मिंटू कुमार, अमित कुमार, बिकु कुमार, अमित अग्रहरि उपस्थित थे।

### बांकी नदी घाट पर आरती का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** नव युवक क्लब चचेरिया के तत्वाधान में सूर्यमंदिर के निकट बांकी नदी पर बने छठ घाट पर भव्य व दिव्य आरती का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा एवं झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर विहिप के राजेश प्रताप देव, चैंबर ऑफ कॉमर्स के शंभूनाथ सौदागर, उपाध्यक्ष हृदयानंद कमलापुरी, राम प्रसाद कमलापुरी,अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, सूर्यदेव मेहता, रवि प्रकाश, तस्लीम खान, अनूप निराला, मंदीप कमलापुरी, गोपाल जायसवाल, रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू, अशोक जायसवाल, कामेश्वर प्रसाद, कमलेश कुमार, अजय प्रसाद, नवयुवक क्लब के अध्यक्ष मनोज कुमार, राहुल कुमार कमलापुरी, राजू कुमार मेहता, मनीष कुमार कमलापुरी, मिक्की जायसवाल आदि उपस्थित थे।

### प्रमुख ने किया पूजा सामग्री का वितरण

**श्री बंशीधर नगर।** लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत को लेकर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी के द्वारा बिलासपुर पंचायत के सभी छठ घाटों पर जाकर पूजा सामग्री का वितरण किया गया.इस अवसर पर प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी छठ पूजा के अवसर पर बिलासपुर ,गंगटी सहित अन्य छठ घाटों पर जाकर छठव्रतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर पूर्व प्रमुख रविंद्र पासवान आदि उपस्थित थे।

### मुखिया प्रतिनिधि ने बांटी पूजा सामग्री

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड की चितविश्राम पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अनुराग सोनी ने चितविश्राम, गगरिया घाट, बम्बा, निमियादामर, बरडीहा, मगरदह आदि छठ घाटों पर व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया। मौके पर मुखिया पति कमलेश सोनी, संजय पांडेय, शैलेंद्र पांडेय, नागेंद्र पांडेय, रामजी सेठ, समर राजू, विजय साह, अजीज अंसारी, देवदत्त पांडेय, रईस अंसारी, साबिद अंसारी, महबूब अंसारी, विंध्याचल राम आदि उपस्थित थे।

### सूर्य मंदिर निर्माण का भूमि हुआ पूजन

**खरौंधी।** राजी पंचायत के ग्रामीणों ने पंडा नदी पुल के समीप स्थित छठ घाट पर भगवान सूर्य मंदिर का भूमि पूजन किया। मंदिर निर्माण कमेटी सदस्य अमर प्रताप मेहता ने बताया पंचायत में सूर्य मंदिर नहीं थी। इससे छठ व्रतियों को परेशानी होती थी। मौके पर बसंत लाल श्रीवास्तव, नरेश पासवान, कामेश्वर पासवान, हरिवंश पासवान, नंद किशोर मेहता, श्रीनाथ मेहता, तारामानी मेहता, संजय लाल श्रीवास्तव, झाबू मेहता, रमेश पटेल, अमरेश चौधरी, शिव नाथ यादव, अजय पासवान आदि उपस्थित थे।

### कार चोरी कर भाग रहे किशोर को दबोचा

**श्री बंशीधर नगर।** रमना थाना क्षेत्र के सिरियाटोंगर से कार चोरी कर भाग रहे किशोर को हेन्हों मोड़ के समीप लोगों ने धर दबोचा। मामले की जानकारी मिलते ही नगर उंटारी पुलिस उक्त किशोर को भीड़ से छुड़ा कर अपने साथ थाने ले गयी। सिरियाटोंगर निवासी शमशुदिन अंसारी ने बताया कि अपने घर के पास मारुति वैगनआर कार खड़ी किये थे। घर के लोग पास में काम कर रहे थे। इसी दौरान कार लेकर किशोर जाने लगा। परिजनों को लगा कि घर का ही कोई सदस्य कार लेकर जा रहा है। इसी दौरान सभी सदस्य घर में मौजूद होने के बाद शक हुआ, जिसके बाद कार खोजने लगे। पड़ोस के एक व्यक्ति के बताने पर परिजन उसका पीछा करने लगे। पीछा करते हुए हेन्हों मोड़ के समीप उक्त कार को पकड़ लिया। पुलिस ने लड़के को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने अपना परिचय उत्तर प्रदेश के नौगढ़ निवासी सूरज कुमार बताया।

### तीन सगे भाइयों के घर में लाखों की चोरी

**भवनाथपुर।** क्षेत्र के मकरी गांव के बरवाबांध टोला में रविवार रात्रि तीन सगे भाइयों के घर चोरों ने लगभग छह लाख रुपये की संपत्ति की चोरी कर ली। पीड़ित गौरीशंकर यादव ने बताया कि घर के सभी सदस्य छठ घाट स्थल पर गए हुए थे। हम बाहर तरफ के रूम में सोए थे। अज्ञात चोरों द्वारा पीछे की चहारदीवारी पार कर घटना का अंजाम दिया गया, जिसमें तीनों भाइयों को मिलाकर करीब पांच लाख रुपये का सोने का गहना एवं एक लाख रुपये नकद चुरा लिए गए। इस संबंध में थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि अभी तक आवेदन नहीं मिला है।

### अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**चिनिया।** पुलिस ने विभिन्न धाराओं के चार प्राथमिक अभियुक्तों को रविवार को गिरफ्तार कर सोमवार की सुबह जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में चंद्रभानु शाह उर्फ चंद्रभानु प्रसाद गुप्ता (57), मंतु साह (48), अशोक शाह (46), एवं छांठन साह (40) शामिल हैं।

### गढ़वा जिले में हर्षोल्लास और शांतिपूर्वक मनाया गया सूर्योपासना व लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ का समापन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
जिले में लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ संपन्न हो गया। अहले सुबह श्रद्धालुओं ने 6:25 बजे भगवान भास्कर का दर्शन किया। सूर्य पूजन के उपरांत व्रती महिलाओं द्वारा अखंड सौभाग्य के प्रतीक सिंदूर को विवाहित महिलाओं की मांग में लगाया गया तथा श्रद्धालुओं को सिंदूर का टीका लगाया गया। इस दौरान सर्वाधिक भीड़ जिला मुख्यालय स्थित दानरो नदी स्थित स्टूडेंट क्लब घाट, टी ग्रुप घाट, फ्रेंड्स घाट, जय देवी संघ घाट, जगृति क्लब, स्टूडेंट क्लब सह पुलिस परिवार, सहिजना सूर्य क्लब, देवी धाम सहिजना छठ घाट पर दिखी। छठ के दौरान पुलिस प्रशासन का पुख्ता इंतजाम दिखा। हर घाट पर पुलिस पदाधिकारी और जवान तैनात थे। दंडाधिकारी की भी नियुक्ति की गई थी। अर्घ्य अर्पित करने के उपरांत विभिन्न घाटों पर स्थापित भगवान सूर्य की प्रतिमा के समीप आकर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। व्रतियों ने सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं सांसद विष्णु दयाल राम और वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व प्रत्याशी गढ़वा रंका विधानसभा अलखनाथ पांडेय आदि ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। गढ़वा शहर का छठ पूजा पूरे प्रदेश काफी चर्चित है। यहां झारखंड प्रदेश के अलावे करीब आधा दर्जन अन्य प्रदेशों की छठव्रती छठ करने आते हैं। गढ़वा में बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश व ओडिशा आदि के छठव्रती शामिल होते हैं। छठ मेला को भव्य बनाने में फ्रेंड्स क्लब, स्टूडेंट्स क्लब, जय देवी संघ, टी ग्रुप, जागृति क्लब भागलपुर, छठ सेवा समिति सहिजना, सूर्यांश क्लब सहिजना, हनुमान नगर घाट सहिजना, शिव संघ, करमडीह, सूर्या क्लब गढ़देवी मोहल्ला, भास्कर क्लब नगवां, गोल्डन क्लब दीपुआ, इंडियन युवा क्लब मिल्लत कॉलेज के पास उंचरी, शांति सद्भावना समिति दुर्गा मंडप के पास उंचरी, ओम क्लब रेलवे क्रॉसिंग के पास उंचरी व जागृति युवा क्लब जोबरईया की भूमिका रही।





### केतार प्रखंड के नारायण वन में पांच राज्यों के छठ व्रतियों ने दिया उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य

**केतार।** लोक आस्था का महापर्व छठ सोमवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न हो गया। प्रखंड के नारायण वन, बत्तों कला सूर्य मंदिर, अमराहीदह छठ घाट, बुढ़ी खाड़, परती सोन नदी, मेरौनी सोन नदी, बलीगढ़ पंडा नदी सहित दर्जनों छठ घाटों पर छठ व्रतियों ने उदयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। इधर मुकुन्दपुर के नारायण वन छठ घाट पर छठ व्रती रविवार की शाम गाजे-बाजे के साथ, दंडवत प्रणाम करते, छठ गीत गाते हुए सपरिवार छठ घाट पहुंचे। छठ व्रती स्नान कर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर पूरी रात नारायण वन छठ घाट पर रहकर



छठ व्रत पूरा किया। नारायण वन छठ घाट पर छठ महापर्व करने झारखंड के अलावा सीमावर्ती राज्य बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के 35 हजार छठ व्रती पहुंचे थे। वहीं छठ मेला में 50 हजार लोग शामिल हुए। नारायण वन छठ घाट पर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम था। केतार थाना की पुलिस थाना कमलेश कुमार, पीएसआई दिनेश मरांडी,एसआई उस्मान सेख,अरूण यादव, दिनेश मांझी के साथ पुरी रात छठ घाट, मेला परिसर और पार्किंग व्यवस्था मे मुस्तैद दिखे। नारायण वन घाट पर सफलता पूर्वक छठ महापर्व सम्पन्न होने के बाद मंदिर कमेटी के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, संरक्षक अजय वर्मा, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, शिवभरोष सिंह ने मेले में तैनात मजिस्ट्रेट, स्वास्थ्य विभाग की टीम, बंशीधर नगर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोखुल प्रसाद, बीडीओ नंदजी राम, थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो आदि को नारायण वन मंदिर के सूर्य भगवान की प्रतिमा देकर सम्मानित किया।

### खरौंधी : छठ पूजा संपन्न

**खरौंधी।** भगवान भास्कर को प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ ही सोमवार को लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न हो गया। इसके साथ ही छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास भी पूरा हुआ। इससे पहले प्रखंड के सूर्य मंदिर सिसरी, डोमनी नदी खरौंधी, राजी, अमरोरा, मझिगांवा, लामी सरहिया, करिवाडीह, खोखा, सुंडी चौरिया, कूपा, अरंगी, पिपरा आदि स्थानों पर सुबद 4 बजे से ही छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। खरौंधी थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया, प्रमुख आभा रानी, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, बीससूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ आदि ने विभिन्न पूजा पंडालों का दौरा कर छठ व्रतियों को पूजन सामग्री वितरित की। प्रशासन पूरे प्रखंड में शांति व्यवस्था को लेकर चौकस रह।

### डंडई : छठ का समापन

**डंडई।** प्रखंड में सोमवार को उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हुआ। डंडई करके, सोनेहरा, लवाही, रारो, जरही इत्यादि गांवों में भी जलाशयों पर छठ पूजा की गई। डंडई गांव में दानरो नदी पीपल छठ घाट व बगीचा छठ घाट पर छठ महापर्व का श्रद्धा के साथ समापन हुआ। डंडई फ्रेंड्स क्लब और जय हिंद क्लब की ओर से विभिन्न आयोजन किए गए। थाना प्रभारी शाबाज अंसारी ने छठव्रतियों के बीच फलहार का वितरण किया गया। डंडई के फ्रेंड्स क्लब व आजाद हिंद क्लब के फलहार वितरण कार्य का का उद्घाटन पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव व मुखिया धनवंती देवी ने किया। मौके पर चंद्रशेखर प्रसाद, आनंद प्रकाश, राजेश मेहता, भोलाराम, सन्नी कुमार, राजू प्रसाद, सिद्धेश्वर प्रसाद, अनुज प्रकाश, नंद गोपाल सिंह, अजय सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

### चिनिया : छठ संपन्न

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न पंचायतों में लोक आस्था का महापर्व छठ सोमवार की सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हो गया है।चिनिया थाना के पीछे नाहर घाट, बस स्टैंड के पीछे नाहर घाट, बाजार स्थित पोखरा आदि घाटों पर छठ पूजा मनाई गई।

### श्री बंशीधर नगर : छठ हर्षोल्लास से संपन्न

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। अनुमंडल मुख्यालय में बांकी नदी के तट पर अवस्थित अति प्राचीन सूर्यमंदिर परिसर स्थित छठ घाट पर बड़ी संख्या छठ व्रतधारी पहुंची। प्रभात क्लब व नवयुवक क्लब ने कृत्रिम झरना लगाया था। जय भारत क्लब ने सफाई के साथ प्रकाश व ध्वनि की व्यवस्था की थी। फ्रेन्ड्स रॉक ग्रुप ने बैठने के लिये इंतजाम किया था। सभी क्लबों के सदस्य परिक्षेत्र में भ्रमण करते दिखे।

### मझिआंव : आस्था का महापर्व छठ संपन्न

**मझिआंव।** मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड क्षेत्र में महापर्व छठ शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। वहीं सूर्य मंदिर छठ पूजा कमेटी ने दो दिवसीय भक्ति जागरण का आयोजन किया। वहीं कोयल नदी पर सूर्य भगवान की प्रतिमा स्थापित की गई। मेला घाट छठ पूजा समिति ने गंगा आरती का आयोजन बनारस के विद्वान पंडित एवं आचार्य द्वारा कराया। पंपु कल छठ घाट पर राधा रानी की जीवंत प्रस्तुति दी गई। बकोईया,आमर, खजूरी, खरसोता गोपालपुर, मोरबे एवं बरडीहा प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों पर भी छठ महापर्व संपन्न हुआ।







## मेराल थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में 18 साल के युवक की हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**
थाना अंतर्गत गोंदा गांव निवासी शिवनाथ कुशवाहा के पुत्र 18 वर्षीय नीरज कुमार कुशवाहा की बीती रात्रि सड़क हादसे में मौत हो गई। यह घटना रविवार की रात्रि में रमुना थाना क्षेत्र के एनएच 75 पर टेंढ़की पुल के पास की बताई गई है। घटना की सूचना पर रमुना पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष गोरखनाथ साव ने गोंदा गांव जाकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। साव ने बताया कि नीरज गोंदा गांव के तीन चार लोगों के साथ छठ घाट स्थल पर मोमोज बेचने गया था। बचा हुआ सामान रमुना स्थित दुकान में रखने टेंपो से जा रहा था। इसी बीच टेंढ़की पुल के पास टेंपो के दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा कैसे हुआ इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। टेंपो गोंदा गांव का बताया गया है। पिता शिवनाथ कुशवाहा गढ़वा जिला के प्रगतिशील किसान हैं।

### बाइक हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**भवनाथपुर।** टाउनशिप मुख्य मार्ग स्थित स्थित देवीधाम के समीप छठ पर्व की रात्रि बाइक दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में भवनाथपुर बस्ती निवासी आशु सिंह व हिमांशु सिंह शामिल हैं। दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। दोनों युवको दुल्हर स्थित छठ घाट से भवनाथपुर आ रहे थे, तभी स्पीड ब्रेकर पार करने के दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई।

## मंत्री आवास पर सूर्य को 25 सूप से दिया गया अर्घ्य

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर आयोजित छठ महापर्व में भगवान भास्कर को 25 सूप से अर्घ्य दिया गया। मंत्री के आवास में उनकी भाभी अनीता ठाकुर एवं सासू मां ने छठ महापर्व की थी। मंत्री ने भगवान भास्कर से गढ़वा सहित पूरे राज्य की सुख समृद्धि की कामना की। इस महापर्व में मंत्री के सभी परिजन शामिल हुए। इस मौके पर मंत्री आवास पर प्रसाद ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। ज्ञात हो कि मंत्री के गढ़वा स्थित आवास पर पिछले चार वर्षों से लगातार छठ महापर्व होते आ रहा है। इस महापर्व में मंत्री के सभी परिजन बड़े भाई



अमरनाथ ठाकुर, रंजीत कुमार ठाकुर, विनय ठाकुर, चंचल ठाकुर, सुनैना ठाकुर, रोजी ठाकुर, अनीता ठाकुर, सुभद्रा ठाकुर, सत्या ठाकुर, बहन, बहनोई सास, ससुर सभी परिजन, रिश्तेदार शामिल हुए।

**फलों व पूजा सामग्री का किया वितरण :** गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने छठ महापर्व का मौके पर रविवार को छठ व्रतियों के बीच फल एवं पूजा सामग्री का वितरण किया। शहर के रंका मोड़ पर घंटाघर के समीप स्टॉल लगाकर फल वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, केंद्रीय समिति सदस्य परेश तिवारी, शरीफ अंसारी, नवीन तिवारी ओम प्रकाश गुप्ता, अनिता दत्त, धीरेंद्र चौबे, प्रियम सिंह, दिलीप गुप्ता, आशीष अग्रवाल, फुजैल अहमद आदि उपस्थित थे।

**राजनीति** | मंत्री ने सभी को पार्टी का पट्टा पहना कर शामिल किया

# पंसस सहित कई लोग झामुमो में शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत तीसर टेटूका के पंचायत समिति सदस्य सहित 50 से अधिक लोगों ने भाजपा छोड़कर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। सोमवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी लोग पार्टी में शामिल हुए। मंत्री ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो में शामिल किया।

पार्टी में शामिल होने वालों में संतोष कुमार चंद्रवंशी, बीडीसी संजय चंद्रवंशी, करेश चंद्रवंशी, डब्लू चंद्रवंशी, रंजीत चंद्रवंशी, महेंद्र साह, विजय चंद्रवंशी, कृष्णा



चंद्रवंशी, चुन्नू चंद्रवंशी, रमेश चंद्रवंशी, लक्ष्मण चंद्रवंशी, राम सागर चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, उमेश चंद्रवंशी, राम अवतार यादव, बली चंद्रवंशी, नंदू चंद्रवंशी, रामचंद्र रजवार, उदय चंद्रवंशी, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, रंजीत चंद्रवंशी, रामचंद्र ठाकुर, सीताराम ठाकुर, अनिल चंद्रवंशी, अरविंद ठाकुर, आशीष रवि, सूरज चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी, राजकुमार भुइयां, भूपेंद्र चंद्रवंशी, कुंदन रजवार, पचिया देवी, राजकुमार चंद्रवंशी आदि शामिल हैं। लोगों ने कहा कि वे लोग हेमंत सरकार एवं मंत्री ठाकुर के बेहतर कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हो रहे हैं। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता, नवीन तिवारी आदि उपस्थित थे।

### घर से जेवर सहित एक लाख लेकर फरार हुए चोर

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 4 के ग्राम गाहिडी में रविवार रात्रि समय लगभग 10 बजे चोरों के द्वारा जेवर सहित लगभग एक लाख रुपये की चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। अनिल मेहता एवं सुनील मेहता घर के सदस्यों के साथ छठ पूजा स्थल पर मझिआंव मेला घाट पर आरती देखने गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने सुनील मेहता के घर से 50000 रुपयैं श एवं दो जोड़ी पायल, दो जोड़ी कंगन, नथिया, कान वाली, अनिल मेहता के घर से 20000 रुपये नकद, पायल, कंगन, नथिया की चोरी कर ली। थाना प्रभारी विवेक पंडित ने सूचना प्राप्त होने पर गश्ती दल को भेजा और मामले की छानबीन करवाई। वहीं अगले दिन प्रशासन पुनः घटनास्थल पर तहकीकात की।

## थाना के सामने चले लाठी-डंडे, 7 घायल

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
थाना चौक पर रविवार की सुबह दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें सात लोग घायल हो गए। घायलों में महेंद्र साव, सोनू प्रसाद, संजीत प्रसाद, संतोष प्रसाद, भानु साव, छठन साव, अशोक साव शामिल हैं। दोनों पक्षों की ओर से थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। पहले पक्ष के सुशील कुमार द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि रविवार की सुबह लगभग 8:00 बजे में उनसे पिता महेंद्र साव तथा भाई संजीत कुमार चिनिया थाना चौक पर छठ पूजा के सामान की दुकान लगा रहे थे। तभी सत्येंद्र कुमार, भानु साव, प्रदीप साव, मंटू साव, अशोक साव, नरेंद्र साव, नारद गुप्ता, पिंटू साव, शीतल गुप्ता, मिठू गुप्ता सहित 8-10 अज्ञात लोग लाठी-डंडे से लैस होकर आए तथा गाली गलौज करते हुए मारने लगे।



कहने लगे कि पैसा नहीं देगा तो इसे जान से मार देंगे तथा लाठी डंडे से पीटकर उसके पिता महेंद्र साव, संजीत प्रसाद तथा उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं उसकी मां इंदु देवी के साथ अभद्र व्यवहार किया। सत्येंद्र गुप्ता ने उसकी छोटी बहन नीतू कुमारी (21) को प्रेमजाल फंसा कर शादी कर ली। उसकी बहन भी इस शादी के पक्ष में थी। इसलिए हम लोगों ने कोई मुकदमा नहीं किया, जिसे उन लोगों का मन बढ़ गया। सत्येंद्र एवं उसके पिता ने 500000 रुपये दहेज के रूप में मांग करने लगे। वहीं दूसरे पक्ष छठन साव द्वारा लिखित आवेदन में कहा गया है कि रविवार की सुबह छठन साव गढ़वा जाने के लिए गाड़ी पकड़ रहे थे तभी सुशील प्रसाद उर्फ सोनू गुप्ता, संजीत प्रसाद एवं महेंद्र साव ने हम लोगों पर हमला बोलकर मारपीट शुरू करनी शुरू कर दी। भानु साव, छठन साव एवं अशोक साव घायल हो गए। थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है। अग्रिम कार्रवाई की जारी है। चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मारपीट में गंभीर रूप से घायल लोगों का इलाज गढ़वा सदर अस्पताल में चल रहा है।

## गागर में सागर

### छठ पूजा पर भक्ति जागरण का आयोजन

**लातेहार।** सदर प्रखंड के तुपुखुर्द सेमरिया ग्राम में रविवार को छठ पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने किया। मौके पर समिति सदस्य मनोज कुमार, परिषद अध्यक्ष, पूनम देवी, जिला महामंत्री बंशी यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामदेव सिंह, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमंत यादव, ग्रामीण मंडल महामंत्री अवधेश चंद्रवंशी, मंडल सोसल मीडिया प्रभारी विकास साहू, किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष नेपाल यादव, विनोद यादव, परशुराम लोहारा, रामदयाल उरांव, पीयूष उरॉव, नागेंद्र प्रसाद, प्रकाश सिंह, बजरंगी प्रसाद, मंटू प्रसाद, प्रदीप, कृष्ण वर्मा, आनंद प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### व्रतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण

**लातेहार।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह भाजपा जिला अध्यक्ष हरे कृष्ण सिंह ने दोमुहान व विभिन्न छठ घाटों पर रविवार को छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री के साथ फलों का वितरण किया। मनिका के विभिन्न घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मनिका प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम सभी घाटों पर किए गए। मौके पर भाजपा नेता धर्मजीत राय, पवन राय, प्रेमचंद प्रसाद, अशोक प्रसाद, मनोज यादव, सुनील प्रसाद, मुकेश प्रसाद, विकास गुप्ता, श्याम गुप्ता, शैलेश यादव आदि उपस्थित थे।

### पुण्यतिथि कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

**बारियातु।** खरवार भोगता सामाज विकास संघ की प्रखंड कमेटी की बैठक सरना भवन परिसर में बहादुर गंझू की अध्यक्षता में की गई। बैठक में 15 दिसंबर को स्व. रामदेव गंझू की पुण्यतिथि पर चंदवा में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। अधिक से अधिक संख्या में लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जायेगा। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, उपाध्यक्ष रामनाथ गंझू, सलाहकार झलकू गंझू, जिला अध्यक्ष प्रेमचंद गंझू, सचिव सत्यनारायण गंझू, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश गंझू, महामंत्री दीपू गंझू, प्रखंड अध्यक्ष चंदवा रामवचन गंझू, प्रखंड अध्यक्ष बारियातु बहादुर गंझू, कोषाध्यक्ष योगेंद्र गंझू, उपाध्यक्ष रवि गंझू, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश्वर गंझू, अध्यक्ष गोनिया विनोद गंझू, फुलसू अशोक गंझू, डाढा विनय गंझू, नानहु गंझू, बालूभांग पंचायत अध्यक्ष नरेश गंझू, सभी ग्राम अध्यक्ष कैलाश गंझू, सेवक गंझू, सतावन गंझू, कुलदीप, सुरेंद्र, करण, दशरथ गंझू आदि मौजूद थे।

### देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की कांग्रेसियों ने मनाई जयंती

**चंदवा।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती रविवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने मनाई। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा कि भारत को शक्तिशाली देश बनाने में देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की अहम भूमिका रही है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई ऐतिहासिक निर्णय पूरी निडरता से लिए, जिन्होंने न केवल देश में क्रांति लाई बल्कि विश्व में भारत के प्रति राय को भी बदल दिया। उन्होंने आगे कहा कि इंदिरा गांधी ने देश को विभिन्न क्षेत्रों में सफलता की महान ऊंचाइयों तक पहुंचाया और उनके सक्षम नेतृत्व के कारण भारत दुनिया में एक मजबूत और शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरा। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 1971 के युद्ध को संभाला और जीत दिलाई। उनके नेतृत्व में ही भारत सोवियत शांति मित्रता और सहयोग की संधि हुई। उनके नेतृत्व में पोखरण में पहला परमाणु परीक्षण हुआ। इसी तरह के मजबूत नेतृत्व की बदौलत ही उन्हें आयरन लेडी के नाम से भी जाना जाता है। इंदिरा गांधी एक प्रेरणादायक नेता थीं और राष्ट्र के उत्थान में उनका योगदान अहम रहा है। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी रामयश पाठक, सेवादल जिला अध्यक्ष बाबर खान, निर्मल भारती, मुकेश कुमार सिंह, श्रीराम शर्मा, सरवर अंसारी, अरुण भारती, दामोदर उपाध्याय, गिदयोंन खाखा कैलाश बैठा, बालजी उरांव, सुनील ठाकुर, राजू भारती, अभिषेक भारती, अशोक भारती, मोहम्मद रसीद, छठन राम, सागर प्रजापति समेत कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

### प्रिंस क्लब ने बांटी छठ पूजा सामग्री



**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के रेलवे कॉलोनी के प्रिंस क्लब की ओर से लगातार 33वें वर्ष छठ व्रर्तियों के बीच मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह ने पूजा सामग्री का वितरण किया। मौके पर प्रिंस क्लब के संस्थापक सदस्य निरंजन सिंह, राजेंद्र प्रसाद, रेलवे अधिकारी विवेकानंद बसु, वासुदेव डे, पूर्व मुखिया सुनीता टोप्पो, हुलास कुमार सिंह, पूर्व उप मुखिया काजमी अनवर, इंदु भूषण सिन्हा, गिल्ली राजेंद्र कुमार, रंजीत कुमार राणा, सुनीता पाल, रेखा पाठक, राजू रहमान, सुबोध कुमार, नाजमी अनवर, शशि कुमार, रविंद्र कुमार, सुनील कुमार, अनिल कुमार सिंह, पिंटू सिंह आदि मौजूद रहे।

## लोक आस्था के महापर्व पर भगवान भास्कर को अर्घ्य देने घाटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



# उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ का समापन

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

चार दिवसीय लोक आस्था व सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। छठ व्रतियों ने रविवार शाम अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। देवनद, भूषाड़, देवनदिया, जमीरा, चेटर समेत विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। घाटों को पर विशेष तैयारी की गई थी। घाटों को रंग बिरंगी रौशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। देवनद छठ घाट पर भव्य संध्या आरती का आयोजन किया गया था। घाटों में श्रद्धालुओं की मदद को लेकर प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखी। थाना प्रभारी शुभम कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने मोर्चा संभाल रखा था। पूरे प्रखंड में छठ पूजा को लेकर श्रद्धालुओं के बीच गजब का उत्साह देखा गया। पूरा वातावरण छठ की गीतों से भक्तिमय बना हुआ था। महापर्व को लेकर थाना प्रभारी, बीडीओ, सीओ, विवेकानंद छठ पूजा समिति, युवा भारत समेत कई सामाजिक संगठन छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर दिखे। वहीं छठ घाट को बेहतर बनाने में हिंडाल्को बॉक्साइट कंपनी का भी अहम योगदान रहा।





### सुख समृद्धि की दुआ की

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में छठ महापर्व सोमवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व रविवार की शाम छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर सुख समृद्धि की दुआ मांगी। प्रखंड के आदर्श नगर मुख्य छठ घाट पर रेलवे कॉलोनी, बाजार व आसपास के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। इसके अलावा देवरी नदी छठ घाट पर भी श्रद्धालुओं काफी भीड़ रही। यहां पूजा समिति ने आरती का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा प्रखंड के मंगरा कोयल नदी तट पर विधायक रामचंद्र सिंह की धर्मपत्नी द्वारा छठ पूजन का आयोजन किया गया। इस घाट में मंगरा एवं आसपास के छठ व्रतियों ने हिस्सा लिया। पुल नदी घाट, खुरा छठ घाट, कोयल नदी किनारे स्थित सभी घाटों पर भीड़ रही। विधायक सिंह अपने समर्थकों के साथ कई छठ घाटों का निरीक्षण किया। मौके पर पूजा समिति के पंकज कुमार गुप्ता, हेमंत कश्यप, दीपक कुमार, नरेश चौरसिया, फिरोज अहमद मुन्ना, हिमांशु गुप्ता, पपन खान, प्रिंस गुप्ता, संजीव श्रीवास्तव, बम भोली आदि मौजूद थे।

## उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठ व्रतियों ने तोड़ा 36 घंटे का उपवास

**चतरा/प्रतापपुर/कुंदा/पत्थलगड़ा**

जिला मुख्यालय के अलावा गिद्धौर, प्रतापपुर, कुंदा, मयूरहंड, सिमरिया, पत्थलगडा, टंडवा, हंटरगंज व इटखोरी आदि प्रखंडों के छठ घाटों पर सोमवार को अहले सुबह भगवान भास्कर के उदीयमान स्वरूप को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय सूर्योपासना का महापर्व छठ संपन्न हो गया। व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला उपवास पूजा के उपरांत महाप्रसाद ग्रहण करने के बाद तोड़ा। छठ पूजा को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो में छठ घाटों को सजाया गया था। इससे पहले रविवार की दोपहर तीन बजे से ही श्रद्धालु गीत गाते छठ घाट पहुंचने लगे। व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। महापर्व को लेकर शहर के अलावे ग्रामीण क्षेत्र में भी उपायुक्त अबु इमरान व एसपी राकेश रंजन के दिशा निर्देश पर पुलिस व प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के व्यपक प्रबंध किए गए थे। शहर के कठोतिया तलाब,



छठ तालाब, हेरूवा नदी, पुरैनिया आदि घाटों पर व्रतियों द्वारा अर्घ्य अर्पित किया गया। वहीं प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र में भी आस्था का महापर्व छठ पूजा उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथं संपन्न हो गया। पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र के छठ घाटों पर लाईट व साउंड की व्यवस्था की गई थी। कुंदा प्रखंड के ऐतिहासिक महादेव मठ में विभिन्न गांवों से वर्ती छठ पूजा के लिए पहुंचे थे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी प्रमुख छठ घाटों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

### भद्रकाली, चुंदरु, बलबल लोटार डैम में उमड़ी भीड़

**चतरा/इटखोरी/टंडवा।** छठ पर्व पर इटखोरी स्थित प्रसिद्ध माता भद्रकाली मंदिर स्थित महाने नदी घाट पर हजारों की भीड़ उमड़ी। टंडवा प्रखंड के चुंदरु सूर्य मंदिर स्थित नदी, गिद्धौर के लोटार डैम में बने सूर्य मंदिर व बलबल बागेश्वरी मंदिर स्थित छठ घाट पर छठ



व्रतियों की भारी भीड़ उमड़ी। भद्रकाली मंदिर के दक्षिण छोर पर स्थित महाने नदी घाट पर भगवान सूर्य को दोनो बेला अर्घ्य देने के लिए भरी संख्या में व्रती व श्रद्धालु पहुंचे थे। सबसे भव्य दृश्य सोमवार को अर्घ्य अर्पित करने के बाद मां भद्रकाली व टंडवा प्रखंड के चुंदरु धाम में दिखा। व्रती माता भद्रकाली के दरबार में छठ घाट से दंडवत करते हुए कतारबद्ध पहुंचे। वहीं गिद्धौर प्रखंड अंर्तगत बलबल गर्म कुंड, लोटार डेम के सूर्य मंदिर भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। टंडवा सूर्य मंदिर के समिप चुंदरू घाट पर अर्घ्य अर्पित करने के लिए टंडवा, पिपरवार व सिमरिया के अलावे हजारीबाग के केरेडारी व लातेहार के बालूमाथ थाना क्षेत्र से श्रद्धालु पहुंचे थे। लोटार डेम के साथ विभिन्न छठ घाट पर दोनो समय अर्घ्य अर्पित किया गया। गिद्धौर लोटार डेम छठ घाट के रास्ते मे कई सेल्फी प्वाइंट बना लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। संचालन शिक्षक अनिल कुमार ने किया।

### लोक आस्था का महापर्व छठ शांतिपूर्ण संपन्न

**बालूमाथ।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व सोमवार को भगवान भास्कर को अर्घ्य के बाद संपन्न हुआ। पर्व को शांति सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने में पूजा समिति, सामाजिक संस्था, पुलिस प्रशासन, समाजसेवी की भूमिका सक्रिय रही। बालूमाथ थाना चौक के पास बालूमाथ डीएसपी दिल्लू लोहरा, इंस्पेक्टर शशि रंजन, थाना प्रभारी धर्मेंद्र महतो, छठ व्रतियों को फलों का वितरण करते नजर आए। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्वयं छठ घाट और सड़कों पर भ्रमणशील पुलिस पदाधिकारी रहे। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में हजारों छठ व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया।

### लातेहार व पलामू एसपी ने परिवार संग की छठ पूजा

**लातेहार।** लोक आस्था का महापर्व छठ सोमवार को भगवान भास्कर को प्रातःकालीन अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। एसपी अंजनी अंजन व उनकी पत्नी पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने चाणक्यनगरी मुख्य घाट पर भगवान सूर्य को अर्घ्य दयिा। मौके पर लातेहार विधायक वैधनाथ राम, सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के साथ गौरव सिंह, राज रौशन सिन्हा आदि मौजूद रहे। पुलिस की तैनाती रही।

### महापर्व छठ का समापन

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय सहित बालुभांग, फुलसु, गोनिया, साल्वे, टोंटी, अमरवाडीह, शिबला पंचायत के विभिन्न छठ घाटों पर सोमवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही लोक आस्था का महापर्व छठ का समापन हो गया। इससे पहले व्रतियों ने रविवार शाम को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ पर्व को लेकर चार दिनों तक प्रखंड का माहौल भक्तिमय रहा। प्रखंड मुख्यालय स्थित कड़रका नदी सहित तमाम घाटों पर छठ की धूम दिखी। चार दिनों तक छठ पूजा के पारंपरिक गीत गूंजते रहे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी दुरुस्त दिखी।

### छठ महापर्व संपन्न

**महुआडांड़।** रामपुर नदी छठ घाट, नकटी नदी छठ घाट, बोहटा नदी छठ घाट, चटकपुर स्थित बूढ़ा नदी छठ घाट, हामी नदी छठ घाट, राजडंडा नदी छठ घाट, नेतरहाट स्थित छठ घाट आदि पर व्रतियों ने उगते भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर सुख शांति की कामना की। वहीं एसडीएम बिपिन कुमार दुबे, बीडीओ अमरेन डांग, प्रभारी थाना प्रभारी प्रभारी रतन टुडू, सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान के नेतृत्व में पुलिस बल पूरी तरह से मुस्तैद थे। वहीं हिंदू महासभा की ओर से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मो. इफ्तेखार अहमद, प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष सह उपप्रमुख अभय मिंज, कांग्रेस के युवा नेता अजीत पाल कुजूर, रामनरेश ठाकुर, राजेश ठाकुर आदि ने रामपुर नदी छठ घाट पर स्टॉल लगाकर प्रसाद का वितरण किया। वहीं इस वर्ष पहली बार महाकाल नवयुवक संघ महुआडांड़ ने रामपुर नदी छठ घाट जाने वाले रास्ते की आकर्षक सजावट की।

## छठ महापर्व का समापन | टंडवा में सराढु स्थित छठ घाट पर व्रतियों के ऊपर की गई पुष्प वर्षा

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद देवी स्थान में उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाताञ**
**चतरा/पत्थलगड़ा**

जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित लेंबोईया पहाड़ी पर अवस्थित देवी स्थान माता भगवती मंदिर में सोमवार को उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के उपरांत व्रतियों की भारी भीड़ पूजा के लिए उमड़ी। ज्ञात हो की प्रखंड के लोग उदीयमान सूर्य के अर्घ्य देने के उपरांत माता के दरबार में पहुंचकर व्रती पूजा अर्चना करते हैं, उसके बाद ही पारन कर अनुष्ठान का समापन करते हैं। यह परंपरा वर्षों से चली या रही है। हालांकि अन्य त्योहारों के साथ सामान्य दिनों में



भी श्रद्धालु पूजा के लिए माता के दरबार में पहुंचे रहते हैं। लेकिन प्रखंड क्षेत्र के लोग जिनके यहां छठ पर्व होता है, उनके यहा से वर्तियों के साथ अन्य लोग भी उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के उपरांत माता भगवती की पूजा करने देवी स्थाना विशेष रुप से पहुंचते हैं। सोमवार सुबह से दोपहर तक माता दरबार में भारी भीड़ लगी रही।

### गंगा आरती में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

**टंडवा(चतरा)।** जिले के टंडवा प्रखंड अंर्तगत सराढु स्थित छठ घाट में छठ महापर्व पर सद्भावना छठ पूजा समिति द्वारा व्रतियों के ऊपर पुष्प वर्षा कर सम्मान और स्वागत किया गया। वहीं छठ व्रतियों को छठ घाट पर किसी भी तरह का परेशानी नहीं हो इसे ध्यान में रखते हुए पूजा समिति के अध्यक्ष शंकर कुमार सिंह तथा संस्थापक सुजीत कुमार सिंह अपने टीम के साथ सेवा में जुटे रहे। सराढु छठ घाट को विद्युत साज सजा से सजावट किया गया है। छठ व्रतियों के ऊपर समिति के द्वारा पुष्प वर्षा करने के उपरांत चुनरी तथा भगवान भास्कर का फोटो प्रदान किया गया। समिति के द्वारा पूजन सामग्री का भी वितरण छठ घाट पर किया गया। इसके अलावे अर्घ्य अर्पित होने के उपरांत भव्य गंगा आरती का आयोजन काशी विश्वनाथ के आचार्य जीवन शास्त्री के नेतृत्व में हुआ। गंगा आरती में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, पुलिस उपाधीक्षक केदार नाथ राम, अंचल अधिकारी राजेंद्र दास, पुलिस इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह आदि श्रद्धालु शामिल थे। गंगा आरती से क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

# पुलिस टीम ने किया फल व पूजन सामग्री का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**



छठ महापर्व पर इटखोरी व राजपुर आदि थाना क्षेत्र में छठ वर्तियों के बीच पुलिस द्वारा द्वारा फल व पूजन सामग्री का वितरण किया गया। मयूरहंड थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी भोला दास व इटखोरी में थाना प्रभारी विनोद कुमार नेतृत्व में सेवा ही लक्ष्य के तहत फल और पूजन सामग्री का वितरित किया गया। पुलिस अवर निरीक्षक बंटी यादव के साथ अन्य पुलिस कर्मी में वितरण कार्य में शामिल थे। इसके अलावे कई समाजसेवयिों ने भी व्रतियों के बीच फल वितरित किया। ज्ञात हो कि छठ व्रत हिंदुओ के लोक आस्था के साथ प्रकृति का भी पर्व है। ऐसी मान्यता है कि किसानों के उपज का प्रथम भोग छठ माता को पूजन के साथ अर्पण किया जाता है। वहीं दक्षिण भारत में ओणम व पोंगल को प्रकृति पर्व के रूप में मनाया जाता है।

## गागर में सागर

### हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम को लेकर केंद्रीय प्रभारी ने की बैठक



लोहरदगा। केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने और छूटे हुए योग्य लाभुकों को जोड़ने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण अनुसूचित जनजाति आबादी वाले 70 जिलों में ₹हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम₹ आयोजित किया जा रहा है, जिसे लेकर आज लोहरदगा जिला के लिए प्रतिनियुक्त केंद्रीय प्रभारी राजीव शंकर ने जिला के वरीय पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम के कार्ययोजना को लेकर परिसदन, लोहरदगा में बैठक की। इस मौके पर केंद्रीय प्रभारी ने बताया कि 'हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम' के तहत सभी ग्राम पंचायतों में मोबाइल आईईसी वैन भेजा जायेगा। मोबाइल आईईसी वैन के माध्यम से आम लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं एवं उसके लाभ की जानकारी दी जायेगी तथा आम लोगों को जागरूक करने के लिए अन्य गतिविधि का भी आयोजन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के तहत संपादित सभी गतिविधियों को आईटी पोर्टल पर अपलोड भी किया जाना है। मोबाइल आईईसी वैन के माध्यम से जिन योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाना है उनमें प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अंत्योदय योजना (राष्ट्रीय ग्रामीण), पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, सर्वे ऑफ विलेजेस एंड मैपिंग विथ इम्प्रोविस विपेज एरियाज (एसवीएएमआईटीवीए), जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम, नैनो फर्टिलाइजर आदि योजनाएं प्रमुख हैं। कार्यक्रम में उक्त योजनाओं से संबंधित आवेदन भी सृजित किया जाना, आच्छादित लाभुकों सहित छूटे लाभुकों को भी जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए उप विकास आयुक्त, लोहरदगा को जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। केंद्रीय प्रभारी द्वारा कार्यक्रम के लिए प्रखंड और पंचायत स्तरीय नोडल पदाधिकारी भी नामित किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, जिला परिवहन पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्त्ता सौरभ प्रसाद, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो और जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह उपस्थित थे।

### भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा की हुई संयुक्त बैठक



**घाघरा।** झारखंड जेनरल कामगार यूनियन एवं अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा की संयुक्त बैठक घाघरा प्रखंड के गम्हरिया गांव में हुई। यूनियन के केंद्रीय महासचिव अंजनी कुमार पांडेय ने कहा कि राज्य में हमारा संगठन जल, जंगल जमीन और अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। गुमला, लोहरदगा तथा रांची जिले में खेतिहर किसानों के पक्ष में खड़ा होकर संगठन ने भू माफियाओं को पीछे धकेल दिया है। भारत माला परियोजना के खिलाफ खेतिहरों को संगठित कर जो लड़ाई विकसित की गई है। उसे जीत के मुकाम तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। बॉक्साइट खनन मजदूरों के हक की लड़ाई भी पूरे सिद्दत से लड़े जाने की बात कही। बैठक में रांची के लापुंग, लोहरदगा, भंडरा, विशुनपुर, गुमला, घाघरा तथा रायडीह प्रखंड के लोग शामिल थे। बैठक में आगामी 23 नवंबर को जिला मुख्यालय में विशाल रैली कर पीएम नरेंद्र मोदी, परिवहन एवं केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी तथा सांसद सुदर्शन भगत का पुतला दहन करने के कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया।

### जैविक खेती को बढ़ावा देने की दी ट्रेनिंग

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत घाटा ग्राम में प्रदान संस्था द्वारा जैविक खेती के बारे में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया.प्रशिक्षण के क्रम में प्रदान संस्था के प्रशिक्षक एरेन टोप्पो व दुर्गावती देवी द्वारा महिला किसानों को जैविक खेती के बारे जानकारी देते हुए कहा गया कि आज के आधुनिक युग मे रासायनिक खाद से होने वाले बीमारी और नुकसान से बचना आवश्यक है। यूरिया, साल्फेट, डीएपी जैसे रासायनिक खाद से मिट्टी का उर्वरा शक्ति कम हो रहा है।

### लोगों को समानता और सद्भाव का मार्ग दिखाता है सूर्योपासना व लोक आस्था का महापर्व छठ

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ का समापन

**राहुल कौशल। लोहरदगा**

लोक आस्था का महापर्व छठ पूरे जिले भर में श्रद्धा, उल्लास एवं पवित्रता के साथ मनाया गया। नहाय खाय, खरना के बाद व्रतियों ने रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को दूध एवं जल से अर्घ्य दिया। सोमवार की सुबह में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर भगवान भास्कर की आराधना की गई। पूजन-हवन व आरती की गई। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस पूरे व्रत में दो बार अर्घ्य दिया जाता है। पहला अर्घ्य षष्ठी तिथि के दिन अस्ताचलगामी सूर्य को दिया जाता है। दूसरा अर्घ्य सूर्य उदय होने पर दिया जाता है। जिले के अधिकांश नदी व तालाबो में हजारों छठ व्रतियो ने निर्जला रह कर उगते हुए सूरजदेव को अर्घ्य दिया गया। शहर के घाटों जैसे सेरेंगहातु कोयल नदी छठघाट, शंखनदी, हरमू, भक्सो छठ घाट आदि जगहों में विशेष साउंड सिस्टम के साथ साथ विद्युत सज्जा, बच्चो के खिलौने, मिठाई, अर्द्ध के लिए दूध, फल आदि का स्टॉल लगाया गया था। जिला पुलिस प्रशाशन की ओर से भी श्रद्धालुओ को किसी प्रकार की असुविधा ना हो, सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त कर जगह जगह पर पुलिस बल को तैनात किया गया था। लोगों की सुविधा के लिए स्थानीय समितियां एवं प्रशासन के द्वारा यातायात, पार्किंग, सफाई, सुरक्षा समेत प्रकाश की उत्तम व्यवस्था की गई थी। नगर परिषद् के द्वारा भी प्रकाश का प्रबंध में सहयोग किया गया था। वहीं आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी। सुबह में व्रतियों ने नदी के पावन जल में घंटो खड़े होकर भगवान सूर्य के उदय होने तक प्रतीक्षा की। जैसे ही लालिमा के साथ भगवान सूर्य प्रकट हुए व्रतियों ने अर्घ्य देना शुरू कर दिया। लोगों ने अर्घ्य देने के बाद सूर्य देव की पूजा अर्चना की। कहा जाता है कि महापर्व छठ शुद्धि और आस्था का मिशाल है। यह पर्यावरण के संरक्षण का संदेश देता है। लोगों को समानता और सद्भाव का मार्ग दिखाता है। अमीर-गरीब सभी माथे पर डाला लेकर एक साथ घाट पहुंचते हैं। यह पर्व प्रकृति से प्रेम को दशार्ता है। सूर्य और जल की महत्ता का प्रतीक यह पर्व पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है। इस पर्व को भगवान सूर्य और परब्रह्मा प्रकृति और उन्हीं के प्रमुख अंश से उत्पन्न षष्ठी देवी का उपासना भी माना जाता है। सूर्य प्रत्यक्ष देवता हैं वे सर्वत्र व्याप्त हैं और रोज दर्शन देते हैं।



#### गजराज को दिया जाता है निमंत्रण

कोसी भराई के दौरान मिट्टी से बने गजराज की प्रतिमा को स्थापित किया जाता है, जिनके पेट में अन्न भरे जाते हैं। मान्यता है कि गजराज के पेट में अन्न भरे रहने से लोगों के घरों में भी सालों भर धन धान्य से भरा रहता है। कोसी भराई कर सौभाग्य की कामना किया : लोहरदगो लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा में पवित्रता का एक और जहां खास मायने होता है। वहीं पूजा के दौरान कोसी भराई भी काफी महत्वपूर्ण होता है। व्रती अपने-अपने घरों में सौभाग्य की कामना लिए कोसी भरते हैं। मान्यता है कि अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद नदी घाटों के अलावा घरों में भी लोग कोसी भरते हैं। इस रस्म में 9 या 11 गन्नों की आकृति बनाई जाती है। साथ ही दीप, नैवेद्य खासकर ठेकुआ से सजाकर भगवान भास्कर की आराधना करते हुए कोसी भराई की जाती है।

#### षष्ठी माता करती हैं हर मन्नतें पूरी

इस पर्व के विषय में मान्यता यह है कि जो भी षष्ठी माता और सूर्य देव से इस दिन मांगा जाता है वह मुराद पूरी होती है। अथर्ववेद में भी इस पर्व का वर्णन है। ऐसी मान्यता है कि सच्चे मन से की गई इस पूजा से हर मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। माताएं अपने बच्चों व पूरे परिवार की सुख-समृद्धि, शांति व लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। इस अवसर पर मुराद पूरी होने पर बहुत से लोग सूर्य देव को दंडवत प्रणाम करते हैं। सूर्य को दंडवत प्रणाम करने का व्रत बहुत ही कठिन होता है। लोग अपने घर में कुल देवी या देवता को प्रणाम कर नदी तट तक दंड करते हुए जाते हैं। पहले सीधे खड़े होकर सूर्य देव को प्रणाम किया जाता है फिर पेट की ओर से जमीन पर लेटकर दाहिने हाथ से जमीन पर एक रेखा खींची जाती है। यही प्रक्रिया नदी तट तक पहुंचने तक बार- बार दोहराई जाती है। यह ऐसा पूजा विधान है जिसे वैज्ञानिक दृष्टि से भी लाभकारी माना गया है।

#### सृष्टि चक्र का प्रतीक भी है छठ पर्व

महापर्व छठ सृष्टि चक्र का प्रतीक भी है। इस पर्व में पहले डूबते सूर्य की पूजा होती है। फिर उगते सूर्य की। सूर्य ही हमारे जीवन का स्त्रोत हैं चाहे अपनी रोशनी से हमें जीवन देना हो या हमें भोजन देने वाले पौधों को भोजन देना सूर्य का संपूर्ण जगत आभारी है। हम आजीवन उनके उपकारों से लदे रहते हैं। सूर्य अंधकार को दूर कर चराचर जगत को प्रकाशमान करते हैं। जगत में उगते सूर्य को पूजने की प्रथा है। डूबते सूर्य को कौन पूछता है...पर इस पर्व में प्रथम अर्घ्य अस्ताचलगामी सूर्य यानि डूबते सूर्य को ही अर्घ्य पड़ता है। उदय और अस्त दोनों अनिवार्य है। जन्म को उत्सव के रूप में लेते हो तो मृत्यु को भी उसी रूप में गले लगाना सिखाता है यह पर्व। यह बताता है कि हर अस्त में उदय छिपा है। हर मृत्यु में नवजीवन का रहस्य है।

#### भगवान सूर्य की बहन हैं छठी मईया...

छठी मईया (षष्ठी) भगवान भुवन भास्कर सूर्य की बहन हैं। इन्हीं को खुश करने के लिए महत्वपूर्ण अवयवों में सूर्य व जल की महत्ता को मानते हुए इन्हीं को साक्षी मानकर भगवान सूर्य की आराधना करते हुए नदी तालाब के किनारे छठ पूजा की जाती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी के सूर्यास्त और सप्तमी के सूर्योदय के मध्य वेदमाता गायत्री का जन्म हुआ था। प्रकृति के षष्ठ अंश से उत्पन्न षष्ठी माता बालकों की रक्षा करने वाले विष्णु भगवान द्वारा रची माया है। बालक के जन्म के छठे दिन छठी मैया की पूजा-अर्चना की जाती है ताकि बच्चे के ग्रह-गोचर शांत हो जाएं और जिंदगी में किसी प्रकार का कष्ट नहीं हो।

## भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ सेन्हा में छठ महापर्व संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

उदयाचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ ही लोकआस्था का चार दिनी छठ महापर्व भक्तिभाव और हर्षोल्लास से साथ सम्पन्न हुआ। प्रखंड मुख्यालय के अलावे सीठीयो, बदला, चौकनी, हेसवे, डांडू, अरु, तोड़ार, बुटी, झखरा, बांधटोली, चितरी, चन्दकोपा, गगेया, कोराम्बे सहित विभिन्न छठ घाटों में छठ व्रतियों के द्वारा रविवार को शाम में अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को तथा सोमवार सुबह में उदयाचलगामी भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य अर्पण और पूजन किया गया। व्रतियों ने सुख, समृद्धि, वैभव के लिये मंगल कामना की। छठ महापर्व के दौरान सुबह शाम सभी छठ घाटों में भक्तों का भारी भीड़ देखने को मिली। इस दौरान छठ गीत से पूरा प्रखंड क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। वहीं छठ व्रतियों की सुविधा के लिये छठ घाटो में पूजा समितियों द्वारा टेंट लाइट एवं पूजन सामग्री की व्यवस्था की गई थी। वहीं सभी छठ घाटों में विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रसासन मुस्तैद रहा। सोमवार सुबह में पूजा संपन्न होने के बाद प्रसाद वितरण किया गया। वहीं छठ पूजा के दौरान ग्रामीणों ने भी साफ सफाई में सहयोग किया गया।

## छठ पूजा में शामिल हुए डीडीसी-एसडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



श्री शुभकामना छठ पूजा समिति पतरा टोली लोहरदगा के तत्वाधान में लगातार चार दिनों के प्रयास से शांतिपूर्ण रूप से छठ पूजा संपन्न हो गई। शंख नदी छठ घाट पर संध्या आरघ मे विशेष रूप से लोहरदगा के उप विकास आयुक्त जयज्योति सामंता, अनुमंडल पदाधिकारी, तथा रेलवे के इंस्पेक्टर रघुराज सिंह, जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता तथा नीरू शांति भगत उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष अरविंद यादव सचिव रणधीर साहू कोषाध्यक्ष सोहन साहू उपाध्यक्ष रोशन कुमार गुप्ता, अनिल कुमार साहू, महावीर साहू, कमलेश प्रसाद तथा,विनोद साहू संरक्षक मंडली के विनोद सिंह, सुरेश ठाकुर, कमला देवी, मनोज कुमार गुप्ता, कुमार सुमन साहू, उदय दत्ता, निधिकांत प्रसाद, प्रभु गुप्ता, विमल कांत सिंह, दिलीप सिंह, दिनेश प्रसाद, सुनील छतरी( कालू) नंदकिशोर साहू के साथ सारे सनातनी उपस्थित थे। अनुमंडल पदाधिकारी के साथ लोहरदगा सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव उपस्थित होकर पूजन महोत्सव में शामिल हुए। यह कार्यक्रम के सफलता के लिए पूरी समिति के लोग दिन-रात लगे रहे तथा समिति के लोग ने लोहरदगा नगर परिषद के पदाधिकारी एवं सारे दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। 22 नवंबर को भव्य जागरण का आयोजन किया गया है, जिनमें मुख्य अतिथि राम लखन प्रसाद (विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष) तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी उपेंद्र प्रसाद होंगे। समिति के लोग निमंत्रण कार्ड देकर लोगों से भव्य जागरण में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल करने की अपील की गई। लोहरदगा प्रशासन के प्रति भी आभार व्यक्त किया गया। प्रशासन की ओर से भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया था। अंत में लोहरदगा वासी से अपील की गई है कि टाटा रांची एवं उड़ीसा के कलाकारों के द्वारा भव्य जागरण के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। समिति ने कहा कि जागरण स्थल पर महिलाओं के बैठने का विशेष प्रबंध रहेगा।

## आकर्षण का केंद्र रहा ऐतिहासिक टीको तट

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

अस्ताचलगामी और उदयीमान सूर्य को अर्घ्य के साथ ही कुडू प्रखंड में सूयोर्पासना व लोक आस्था का महापर्व छठ सोमवार को सम्पन्न हो गया। कुडू प्रखंड में छठ का मुख्य आकर्षण का केंद्र ऐतिहासिक टीको नदी तट रहा। जहां इस साल भी बजरंग दल छठ पूजा समिति ने पूरे घाट व रास्ता की साफ-सफाई, लाइट, साउंड, टेंट आदि की व्यवस्था की थी। समिति के संजय चौधरी, राजेश प्रसाद, शशि कुमार, प्रमोद मांझी, अनुराग कुमार अनु, आदि का सराहनीय योगदान रहा। पंचायत समिति सदस्य पूनम देवी ने पूरे रोड में जल छिड़काव किया। रामभक्त नवयुवक संघ कुडू ने चाय स्टाल लगाकर लोगों को चाय पिलाया। इसके अलावे जिलिंग, माराडीह, बड़कीचांपी,



सलगी, जिमा, लावागाई, रूद आदि विभिन्न घाटों और जलाशयों पर व्रती और उनके परिजन अपने-अपने घरों से पूजा सामग्रियों के साथ बड़ी संख्या में नदियों और जलाशयों के तट पर पहुंच छठ पूजा की। टीको छठ घाट में आजसू नेत्री नीरू शांति भगत, कुडू के सीओ प्रवीण कुमार सिंह आदि शामिल थे। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कुडू पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। जगह-जगह पुलिस मुस्तैदी से निगरानी में लगी रही। थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में जवान सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखे हुए थे।

## कैरो में हर्षोल्लास से मना छठ महापर्व

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

महापर्व छठ प्रखंड क्षेत्र में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर कैरो खूंटा तलाब,नन्दनी नदी में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय जाने वाली मार्ग पर, सढ़ाबे में कन्दनी नदी छठ घाट,खरता में कोयल पर, हनहट में तलाब समेत विभिन्न गांव छठ घाटों में छठव्रतियों द्वारा रविवार शाम को डूबते सूर्य और सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर विधिवत पूजा अर्चना की। इससे पूर्व छठ व्रतियों ने नहाय खाय के दिन से पूजा अर्चना सुरु कर दिए थे। 36 घंटे का निर्जला उपवास रखकर डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य दिया और परिवार की सुख शांति, बच्चों के सुखद भविष्य की कामना की।



विभिन्न छठ पूजा समितियों द्वारा छठ घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया सँवारा गया था तथा छठव्रतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण किया गया। पूजा सामग्री वितरण में समाज सेवी व पुलिस प्रसाशन भी आगे आये। छठ पूजा को देखते हुए पुलिस प्रसाशन के द्वारा सभी महत्वपूर्ण घाटों में पुलिस जवान तैनात थे व लगातार गस्ती भी की जाती रही। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, थाना प्रभारी संखनाद उरांव, एस आई संजय राय, संतोष कुमार, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, कृष्णा साहू, उपमुखिया रवि प्रजापति, गौतम साहू, सुरजमोहन साहू, राजेंद्र महतो, लखन उरांव आदि उपस्थित थे।

**पहल** | सीआरपीएफ व नेहरू युवा केंद्र के सौजन्य से चेन्नई रवाना

# 20 युवा करेंगे जनजातीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

158वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं नेहरू युवा केंद्र, लोहरदगा के सौजन्य से सांस्कृतिक आदान-प्रदान हेतु 15वें आदिवासी युवा आदान- प्रदान कार्यक्रम 2023-24 की शुरुआत लोहरदगा से की गई।

इसमें जनजातीय समाज के 10 छात्र व 10 छात्राएं, कुल 20 युवाओं को चेन्नई (तमिलनाडु) में आयोजित जनजातीय सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने हेतु रवाना किया गया, जहां पर उन्हें देश के अन्य हिस्सों से आए जनजातीय युवाओं से मिलकर उनके रहन सहन, संस्कृति, क्षेत्रीय विशेषताओं के बारे में जानने तथा लोहरदगा (झारखंड) की संस्कृति व रहन सहन से दूसरों को अवगत कराने का अवसर मिलेगा। एक सप्ताह के सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम में इन्हें विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों में भाग लेने तथा ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का दौरा करने का अवसर मिलेगा तथा इस कार्यक्रम में भाग लेने के बाद इनमें देश की सांस्कृतिक विविधता व एकता के बारे में बेहतर समझ का विकास होगा। चैन्नई (तमिलनाडु) यात्रा में इनका मार्गदर्शन करने के लिए एक पुरुष व एक महिला सदस्य इनके साथ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल से नियुक्त किया गया है जो यात्रा व कार्यक्रम के दौरान इनके साथ रहेंगे तथा इनकी मदद/सहयोग करेंगे।



कार्यक्रम में राहुल कुमार, कमाण्डेन्ट-158 बटालियन तथा बटालियन के सभी अधिकारियों के साथ-साथ 158 बटा. के अन्य सदस्य/कार्मिक व नेहरू युवा केन्द्र, लोहरदगा के श्री अब्दुल फारूख खान, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भंडरा : छठव्रतियों ने दिया भगवान भास्कर को अर्घ्य

**भंडरा।** प्रखंड के अखिलेश्वर धाम समेत विभिन्न तालाबों में सैकड़ों छठव्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इसके साथ ही चार दिनी अनुष्ठान संपन्न हो गया। व्रती व उनके स्वजन उदयगामी सूर्य की पूजा अर्चना करने के बाद आंगन एवं छत पर मिट्टी के कोशी को छठी के रूप में पूजा। इसके साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास खत्म हो गया। कहते हैं कि इस पर्व से मृत्यु के बाद भी सूर्य लोक में स्थान प्राप्त होता है और वहां जीवात्मा को सुख की प्राप्ति होती है। इस व्रत की एक खासियत यह भी है कि इस पर्व को करने के लिए किसी पुरोहित (पंडित) की आवश्यकता नहीं होती है और न ही मंत्रोचारण की कोई जरूरत है।

## सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज ने की एक नई पहल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

छठ पूजा पर महिला पुरुष समानता एवम कम उम्र में विवाह के दुष्परिणाम विषय पर पोस्टर के माध्यम से आमजनों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के द्वारा लोहरदगा, किस्को एवं कुरु ब्लॉक में छठ पर्व के दौरान पूजा स्थलों पर बैनर पोस्टर लगाकर आम नागरिको को लैंगिक समानता एवं कम उम्र में विवाह के दुष्परिणामों जैसे मुद्दों के ऊपर जागरूक किया गया। लड़कों को भी जागरूक किया गया कि हमें ऐसे समाज का निर्माण करना हैं जहाँ लड़के और लड़किया कदम से कदम मिलाकर चले और किसी तरह की छेड़खानी, छींटाकशी लड़कियों के ऊपर न हो। वे भी



भयमुक्त होकर पढाई कर सकें और साथ में रोजगार से भी जुड़ सकें। इसमें लड़को की भूमिका अहम है। पोस्टर में लड़कों द्वारा लड़कियों के लिए छेड़खानी मुक्त समाज बनाने का संकल्प संबंधी संकल्प संदेश ने सबों को प्रभावित किया। इस जागरुकता के तहत लगभग 12000 किशोर-किशोरि एवं महिला पुरुष को जागरूक किया गया। मौके पर किस्को जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।

## गागर में सागर

### ऐतिहासिक पलः भारत की जीडीपी पहली बार 4 ट्रिलियन डॉलर के पार




**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था ने आज बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विगत रविवार को भारत ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की जब उसका सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पहली बार 4 ट्रिलियन डॉलर (कुल 4,000,119,138,960) के आंकड़े को पार कर गया। इसके साथ ही हम दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बने हुए हैं। यह लैंडमार्क भारत के मजबूत आर्थिक ट्राजेक्टरी और उत्थान को दशार्ता है। यह दुनिया में तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भारत की स्थिति को रेखांकित करती है। 26.70 ट्रिलियन डॉलर के साथ अमेरिका पहले नंबर पर। 19.24 ट्रिलियन डॉलर के साथ चीन दूसरे नंबर पर, 4.39 ट्रिलियन डॉलर के साथ जापान तीसरे नंबर पर, 4.28 ट्रिलियन डॉलर के साथ जर्मनी चौथे नंबर पर और 4 ट्रिलियन डॉलर के साथ भारत पांचवें नंबर पर है। जापान और भारत के बीच फासला काफी कम रह गया है। विकास की गति को देखते हुए, अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि भारत अगले चार सालों में, यानि 2027 तक दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और आने वाले दशकों में अमेरिका, चीन और भारत ही दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे।

### 42% बढ़ा लैपटॉप, टैबलेट का आयात सिंगापुर से इम्पोर्ट में हुआ जबरदस्त इजाफा



**नई दिल्ली।** भारत का पर्सनल कंप्यूटर (लैपटॉप और टैबलेट) का आयात सितंबर महीने में 42 प्रतिशत बढ़कर 71.5 करोड़ डॉलर हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में आई गिरावट के विपरीत स्थिति है। सरकार द्वारा अगस्त महीने में इस तरह के इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर के आयात पर प्रतिबंध की घोषणा के बाद आयात में यह तेजी आई है। वाणिज्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक इस तरह के आयात के सबसे बड़े स्त्रोत चीन से आयात में 33 प्रतिशत, जबकि सिंगापुर से आयात में 188 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। केंद्र सरकार ने 3 अगस्त को घोषणा की थी कि वह सूचना तकनीक हार्डवेयर सेग्मेंट के 7 उत्पादों पर्सनल कंप्यूटरों, माइक्रो कंप्यूटरों, मेन फ्रेम कंप्यूटरों, सुपर कंप्यूटरों, कंप्यूटर सिस्टम और डेटा प्रॉसेसिंग यूनिट को प्रतिबंधित की श्रेणी में लाने की योजना बना रही है। हालांकि केंद्र ने इसे लागू करने की योजना को 30 अक्टूबर तक के लिए टाल दिया था, क्योंकि उद्योग ने इस प्रतिबंध को लेकर गंभीर चिंता जताई थी। इसका मुख्य मकसद चीन से आयात पर निर्भरता घटाना और विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करना था।

### ड्रोन-आधारित हेल्थकेयर नेटवर्क लॉन्च

**रांची।** समृद्ध हेल्थकेयर ब्लेंडेड फाइनेंस फैसिलिटी, एक मल्टी-स्टेकहोल्डर इनोवेशन और फाइनेंसिंग प्लेटफार्म, जो यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) द्वारा समर्थित है और आईपीई ग्लोबल द्वारा कार्यान्वित, एक अग्रणी भारतीय स्टार्टअप, रेडविंग के सहयोग से, ओडिशा के रायगड़ा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सामर्थ्य बढ़ाने के लिए एक पायलट ड्रोन नेटवर्क लॉन्च किया गया। यह पायलट कार्यक्रम ओडिशा के रायगड़ा जिले में अलग-अलग इलाकों में हवाई मार्ग से दवा और चिकित्सा उपकरण पहुंचाने के लिए रेडविंग के इलेक्ट्रिक हाइब्रिड ड्रोन का उपयोग करेगा। पायलट प्रोजेक्ट में रेडविंग के 'मेड इन इंडिया' इलेक्ट्रिक हाइब्रिड वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग (वीटीओएल) ड्रोन का उपयोग किया जाएगा। परियोजना के प्रमुख सहयोगियों में रायगड़ा का जिला प्रशासन और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, अहमदाबाद शामिल हैं, जो पहल के प्रभाव और व्यवहार्यता का मूल्यांकन करने में मदद करेंगे।

## अडाणी मामले में जांच रिपोर्ट जमा करने में देरी पड़ी सेबी को भारी

# सुप्रीम कोर्ट में रेगुलेटर के खिलाफ याचिका दायर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। वकील विशाल तिवारी ने देश की सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि सेबी ने शेयर कीमतों में हेराफेरी करने के आरोपों को लेकर अडानी ग्रुप की जांच पूरी करने और रिपोर्ट सौंपने की आखिरी तारीख का उल्लंघन किया है। सुप्रीम कोर्ट ने गौतम अडाणी की अगुवाई वाले अडाणी ग्रुप के शेयर कीमतों में हेराफेरी करने के आरोपों की जांच पूरी करने के लिए सेबी को 17 मई 2023 को 14 अगस्त, 2023 तक का समय दिया था।



**सेबी से स्पष्टीकरण मांगा जाना चाहिए- याचिकाकर्ता :** इसमें कहा गया है कि जांच पूरी करने और रिपोर्ट जमा करने के लिए अदालत ने सेबी को 17 मई, 2023 के आदेश में तय की गई समयसीमा का अनुपालन नहीं करने के लिए सेबी से स्पष्टीकरण मांगा जाना चाहिए। याचिका में अडाणी ग्रुप और ट्रांसपेरेंट मॉरीशस फंड के जरिए उसके कथित निवेश के खिलाफ ऑगेर्नाइज्ड क्राइम ऐंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) की लेटेस्ट रिपोर्ट का भी जिक्र किया गया है। विशाल तिवारी की लेटेस्ट पीआईएल में कहा गया है कि जनहित याचिका का शुरूआती ध्यान सिर्फ इस बात पर था कि रेगुलेटिंग सिस्टम को मजबूत करने के लिए भविष्य में क्या कदम उठाए जाएंगे। निवेशकों की सुरक्षा से लेकर शेयर बाजार में उनका निवेश सुरक्षित रहे इस पर ही याचिका का फोकस था। विशाल तिवारी ने अपनी अर्जी में कहा कि कंपनियों के आचरण और प्रथाओं पर निगाह रखने के लिए एक मजबूत सिस्टम की भी जरूरत है, भले ही वो रेगुलेटरी अथॉरिटी के तयशुदा जरूरी रूल्स और रेगुलेशन का अनुपालन कर रहे हों।

**वकील विशाल तिवारी ने फाइल की पेटीशन**

पेटीशनर विशाल तिवारी ने जो पीआएल फाइल की है उसमें कहा है कि सेबी को दी गई समय सीमा के बावजूद वो कोर्ट के ऑर्डर का पालन करने में विफल रही है। उसने अदालत के निदेशानुसार अंतिम निष्कर्ष/फाइनल रिपोर्ट पेश नहीं की है। याचिका में कहा गया है कि कोर्ट के 14 अगस्त तक की डेडलाइन तय करने के बावजूद सेबी अपनी रिपोर्ट दाखिल करने में असफल रही।

## लॉन्च होने से पहले ही टाटा के आईपीओ का रिकॉर्ड

# ग्रे मार्केट में आसमान पर भाव, बंपर कमाई के चांस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शेयर बाजार के लिए यह सप्ताह काफी खास साबित होने वाला है। शेयर बाजार के निवेशक सालों से जिस बात का इंतजार कर रहे थे, वह इस सप्ताह पूरा होने जा रहा है। हम बात कर रहे हैं शेयर बाजार के सबसे प्रतीक्षित आईपीओ यानी टाटा टेक्नोलॉजीज के आईपीओ की, जो सब्सक्रिप्शन के लिए 22 नवंबर को ओपन होने वाला है। टाटा समूह के कई शेयर बाजार में मल्टीबैगर साबित हुए हैं। चाहे टीसीएस हो या टाइटन या अथवा ट्रेंट, टाटा समूह के शेयरों ने कई निवेशकों को मालामाल बनाया है। यहां तक कि भारतीय बाजार के बिग बुल के नाम से मशहूर रहे दिवंगत दिग्गज निवेशक राकेश झुनझुनवाला की सफलता के पीछे भी टाटा समूह के शेयरों का सबसे बड़ा योगदान था।

**आईपीओ को लेकर गजब माहौल :** अभी करीब दो दशक के बाद टाटा समूह के खजाने से कोई नया आईपीओ आ रहा है। इससे पहले साल 2002 में टाटा समूह का आखिरी आईपीओ आया था, जब टाटा समूह की आईटी कंपनी टीसीएस बाजार में उतरी थी। आज के समय में टीसीएस शेयर बाजार की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है। मार्केट कैप यानी वैल्यू के हिसाब से उससे आगे सिर्फ रिलायंस इंडस्ट्रीज है। स्वाभाविक है कि टाटा के नए आईपीओ को लेकर बाजार में काफी माहौल बना हुआ है। खासकर रिटेल इन्वेस्टर्स टाटा के नए आईपीओ का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।




**इतने रुपये लगाने की जरूरत :** टाटा समूह का यह आईपीओ निवेशकों के लिए 22 नवंबर को ओपन होगा और 24 नवंबर तक बोलियां लगाई जा सकेंगी।

## वर्ल्ड कप का फायदा भारतीय एयरलाइन्स को मिला

# 4.6 लाख लोगों ने हवाई यात्रा की, बन गया रिकॉर्ड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल ने एयरलाइन्स के लिए वो कर दिखाया, जो दीवाली भी नहीं कर पाई थी। एक दिन में हवाई यात्रा करने वालों का रिकॉर्ड टूट गया है। शनिवार को देश भर में लगभग 4.6 लाख लोगों ने हवाई यात्रा की, जो कि अब तक का सबसे ज्यादा आंकड़ा है। इस साल दीवाली पर भी यात्रियों की संख्या में उछाल आया था। मगर, वर्ल्ड कप फाइनल के भारत के पहुंचने से लोगों में अहमदाबाद पहुंचने का उत्साह देखा गया और नया रिकॉर्ड बन गया। इस दौरान बढ़े हुए किराए से एयरलाइन्स ने जमकर कमाई भी की।

**त्योहारों में महंगे किराये ने तोड़ दिया था लोगों का दिल :** इस त्योहारी सीजन में कभी भी एक दिन में हवाई यात्रा करने वालों की संख्या 4 लाख नहीं पहुंच पाई थी। इसका जिम्मेदार एयरलाइन्स को माना जा रहा था। उन्होंने बढ़ती मांग के चलते दीवाली से एक महीना पहले ही एयर फेयर में काफी इजाफा कर दिया था। इतने ज्यादा किराये के चलते बहुत बड़ी संख्या में लोग ट्रेन के एसी क्लास टिकटों की ओर चले गए। इससे एयरलाइन्स राह ताकती रह गईं। उनको काफी पहले से किराया बढ़ाने का दाव उल्टा पड़ गया। मगर, वर्ल्ड कप फाइनल के लिए लोगों ने 20 से 40 हजार रुपये के टिकट भी खरीदे।



**सिंधिया-अडानी ने दी बधाई :** विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस बारे में सोशल मीडिया पर लिखा कि 18 नवंबर को भारतीय विमानन उद्योग ने इतिहास रच दिया। इस दिन हमने 4,56,748 पैसेंजर को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाया। शनिवार को मुंबई एयरपोर्ट ने भी एक दिन में सबसे ज्यादा पैसेंजर देखे।

### पोस्ट ऑफिस की आरडी स्कीम में करें निवेश, मैच्योरिटी पर होंगे 5,56,830 लाख के मालिक

**नई दिल्ली।** बदलते वक्त के साथ ही आजकल निवेश के कई विकल्प मौजूद है, लेकिन सुरक्षित इन्वेस्टमेंट के लिए पोस्ट ऑफिस स्कीम कई लोगों की पहली पसंद है। आज हम आपको एक ऐसी ही योजना के बारे में बता रहे हैं। पोस्ट ऑफिस रिकरिंग डिपॉजिट स्कीम एक शानदार और तगड़ा रिटर्न देने वाली योजना है। इस स्कीम के तहत आप हर महीने छोटी राशि निवेश करके तगड़ा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप भी इस योजना में निवेश करने के बारे में सोच रहे हैं को हम आपको स्कीम के डिटेल्स के बारे में बता रहे हैं।

पोस्ट ऑफिस की छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों को सरकार हर तिमाही के आधार पर तय करती है। सितंबर के आखिरी हफ्ते में सरकार स्मॉल सेविंग स्कीम की ब्याज दरों को तय किया है।

# इंडिगो में नशे में धुत यात्री करने लगा क्रू मेंबर्स से बदसलूकी, मच गया हंगामा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उड़ते जहाज में एक बार फिर बदसलूकी का मामला सामने आया है। जयपुर से बेंगलुरु जा रही एक फ्लाइट में एक यात्री ने शराब के नशे में धुत होकर क्रू मेंबर्स से बदसलुकी की है। शिकायत दर्ज होने के बाद बेंगलुरु हवाई अड्डे पर फ्लाइट के लैंड करते ही पुलिस ने आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने सोमवार को कहा कि जयपुर से बेंगलुरु जाने वाली इंडिगो की प्लाइट में एक यात्री कथित तौर पर नशे में था और क्रू मेंबर से लगातार दुर्व्यवहार कर रहा था। उसे बार-बार मना किया गया, लेकिन वह बाज नहीं आ रहा था, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई थी। इसलिए हवाई अड्डे पर उतरते ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया।




एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 17 नवंबर को फ्लाइट से उतरने के बाद 32 वर्षीय यात्री को बेंगलुरु में केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा, एयरलाइन कंपनी इंडिगो से प्राप्त शिकायत के आधार पर, हमने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और यात्री को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

**इंडिगो ने घटना पर क्या कहा**

वारदात को लेकर एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने भी बयान जारी किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि फ्लाइट 6ई 556 पर सवार एक यात्री नशे में था और बार-बार मना करने के बावजूद चालक दल के साथ बदसलुकी कर रहा था। एयरलाइन ने आगे कहा, यात्री को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों को सौंप दिया गया। हमें अन्य यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है।

## विदेश

### फिलीपींस और चीन के बीच बढ़ा तनाव, कहा

# किसी विदेशी ताकत को एक भी इंच नहीं देगें

**एजेंसी। बीजिंग**

दक्षिण चीन सागर को लेकर फिलीपींस और चीन के बीच तनाव अधिक गंभीर हो गया है। चीन के साथ चल रही तनातनी के बीच फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस ने चीन को फिर चेतावनी दी कि फिलीपींस हमारे क्षेत्र का एक भी वर्ग इंच किसी विदेशी ताकत को नहीं देगा। वहीं अमेरिका का कहना है कि चीन ने इस क्षेत्र में बनाए गए कई द्वीपों का सैन्यीकरण किया है। बता दें कि पहले ही कई देश इस क्षेत्र पर अपना दावा करते आ रहे हैं। राष्ट्रपति मार्कोस जूनियर ने दावा किया है कि चीन ने एटोल और शोल तट के लिए अपनी रुचि दिखाई है, जो कि फिलीपींस के तट के बेहद करीब है। इससे स्थिति सुधरने के बजाय और खराब होती जा रही है। सैन फ्रांसिस्को में एक क्षेत्रीय शिखर बैठक से लौटते हुए फिलीपींस के राष्ट्रपति ने अमेरिकी सैन्य नेताओं और स्थानीय फिलिपिनो समुदाय से मुलाकात की। इस यात्रा का मार्कोस जूनियर को भू-राजनीतिक और व्यक्तिगत महत्व दोनों हासिल हुआ है। उनकी यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका और फिलीपींस अपने लंबे समय से चले आ रहे गठबंधन को मजबूत कर रहे हैं। बता दें कि चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता आ रहा है। वहीं, फिलीपींस और चार अन्य सरकारों के दावों को स्वीकार करने से इंकार करता है। समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के तहत चीन के व्यापक ऐतिहासिक दावों को अमान्य करने के बावजूद बीजिंग ने इस मध्यस्थता को पूरी तरह से मानने से खारिज कर दिया। मार्कोस ने दोहराया कि उनका देश झुकेगा नहीं। उन्होंने अपने भाषण में कहा, 'फिलीपींस हमारे क्षेत्र का एक भी इंच किसी विदेशी ताकत को नहीं देगा। वहीं, अमेरिका का कहना है कि चीन ने इस क्षेत्र में बनाए गए कई द्वीपों का सैन्यीकरण किया है, उन्हें जहाज-रोधी और विमान-रोधी मिसाइल प्रणालियों, लेजर और जैमिंग उपकरण और लड़ाकू विमानों से लैस किया है।



**चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता आ रहा है। वहीं, फिलीपींस और चार अन्य सरकारों के दावों को स्वीकार करने से इंकार करता है।**

### अमेरिकी सांसदों ने बताई पाक की करतूत, बाइडेन से कहा

# तुरंत रोको पाकिस्तान की सैन्य मदद

**एजेंसी। वॉशिंगटन**

अमेरिका के 11 प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने बाइडन प्रशासन से आग्रह किया है कि जब तक पाकिस्तान संवैधानिक व्यवस्था बहाल नहीं करता और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव नहीं कराता, तब तक उसे भविष्य में दी जाने वाली सहायता रोक दी जाए। सांसदों ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को लिखे एक पत्र में विदेश मंत्रालय से यह आकलन करने का अनुरोध किया कि कहीं अमेरिका से मिलने वाली सुरक्षा सहायता के जरिये पाकिस्तान में मानवाधिकारों का उल्लंघन तो नहीं हो रहा। इस समूह में सांसद इल्हान उमर भी शामिल हैं, जो अमेरिकी संसद में मुसलमानों से संबंधित मुद्दे उठाती रही हैं। उन्होंने पत्र में लिखा, हम अनुरोध करते हैं जब तक कि पाकिस्तान संवैधानिक व्यवस्था की बहाली की दिशा में निर्णायक रूप से आगे नहीं बढ़ जाता और सभी दलों की भागीदारी से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव नहीं कराता तब तक भविष्य में उसे मिलने वाली सुरक्षा सहायता रोक दी जाए.ह्व हडॉन' समाचारपत्र की खबर के अनुसार, पत्र में ईशनिंदा कानून को और मजबूत बनाने के पाकिस्तान के कदमों का भी प्रमुखता से जिक्र किया गया है। पत्र में ब्लिंकन को आगाह किया गया है कि प्रस्तावित बदलावों का इस्तेमाल छोटे धार्मिक समूहों और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने के लिए किया जा सकता है।




### जापान ने तीसरी बार फुकुशिमा न्यूक्लियर प्लांट से छोड़ा जहरीला पानी

**टोक्यो।** जापान के क्षतिग्रस्त फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से प्रशांत महासागर में उपचारित रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल को तीसरी बार छोड़े जाने की प्रक्रिया तय योजना के अनुसार सुरक्षित रूप से समाप्त हो गई। संयंत्र के संचालकों ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश के ह्यसी फूड' उत्पादकों को हालांकि पानी छोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू होने के बाद लगाए गए चीनी आयात प्रतिबंध से परेशानी हो रही है। सी फूड का आशय समुद्री जल से प्राप्त खाद्य पदार्थ जैसे मछली, झींगा, ऑक्टोपस, सीप, कुछ प्रकार के शैवाल आदि से है। परमाणु संयंत्र में 2011 में भीषण भूकंप और सुनामी से क्षतिग्रस्त होने के बाद बड़ी मात्रा में रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल जमा हो गया है। संचालकों ने 24 अगस्त को उपचारित और अपशिष्ट जल की तीव्रता को कम कर उसे समुद्र में छोड़ना शुरू किया और सोमवार को 7,800 टन शोधित जल को समुद्र में छोड़ने की प्रक्रिया को समाप्त किया गया।

## तनाव बढ़ा — भारत जा रहे इजराइली जहाज पर हूती विद्रोहियों ने किया कब्जा

# जहाज पर सवार चालक दल के 25 सदस्यों को बनाया बंधक

**एजेंसी। यरुशलम**

यमन के हूती विद्रोहियों ने इजराइल से संबंधित और भारत जा रहे एक मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया और जहाज पर सवार चालक दल के 25 सदस्यों को बंधक बना लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस घटना से इजराइल-हमास युद्ध को लेकर क्षेत्रीय तनाव और बढ़ने की आशंका है तथा इससे समुद्री मोर्चे पर युद्ध छिड़ने का अंदेशा है। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने कहा कि उन्होंने इजराइल से जुड़े होने के कारण जहाज को कब्जे में लिया और वह गाजा के हमास शासकों के खिलाफ इजराइल के अभियान के खात्मे तक अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में इजराइलियों से जुड़े या उनके स्वामित्व वाले जहाजों को निशाना बनाना जारी रखेगा।

हूतियों ने कहा, इजराइल या उससे जुड़े सभी जहाजों को निशाना बनाया जाएगा।" हूतियों के मुख्य वार्ताकार और प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुल-सलाम ने बाद में एक ऑनलाइन बयान में कहा कि इजराइली केवल बल की भाषा" समझते हैं। उन्होंने कहा, इजराइली जहाज को कब्जा में लेना एक व्यावहारिक कदम है जो अंजाम की परवाह किए बिना समुद्री युद्ध छेड़ने में यमनी सशस्त्र बलों की गंभीरता को साबित करता है।" उन्होंने कहा, यह तो शुरूआत है।"इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बहामास का झंडा लगे गैलेक्सी लीडर जहाज पर हमले के लिए हूतियों को दोषी ठहराया था, जो एक इजराइली अरबपति से संबद्ध वाहन वाहक था। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा था कि जहाज में कोई भी इजराइली नहीं था। जहाज के जापानी संचालक, एनवाईके लाइन ने कहा कि अपहरण के समय जहाज में कोई माल नहीं था। एनवाईके ने कहा कि इसके चालक दल के सदस्य फिलीपींस, बुल्गारिया, रोमानिया, यूक्रेन और मैक्सिको से हैं। जहाज के जापानी संचालक एनवाईके लाइन' ने कहा कि जहाज को कब्जा में लिए जाने के दौरान उसमें सामान नहीं था। एनवाईके ने कहा कि जहाज के चालक दल के सदस्य फिलीपीन, बुल्गारिया, रोमानिया, यूक्रेन और मैक्सिको से थे। जहाज भारत में गुजरात राज्य के पिपावाव जाने वाला था। जापान ने सोमवार को जहाज को कब्जे में लिए जाने की निंदा की। मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने कहा कि जापान की सरकार हूती विद्रोहियों के साथ बातचीत के माध्यम से चालक दल की शीघ्र रिहाई के लिए पूरी कोशिश कर रही है।




**हूतियों के मुख्य वार्ताकार और प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुल-सलाम ने बाद में एक ऑनलाइन बयान में कहा कि इजराइली केवल बल की भाषा" समझते हैं**

### पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जरदारी का दावा- पीपीपी ही जीतेगी अगला चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने रविवार को विश्वास जताया कि उनकी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) अगला आम चुनाव जीतेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि चुनाव निष्पक्ष और स्वतंत्र तरीके से होंगे। जरदारी का बयान ऐसे समय आया है जब विभिन्न राजनीतिक दल अगले साल आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। पीपीपी ने सोशल मीडिया मंच एक्स' पर जरदारी का बयान साझा किया, जिसमें उन्होंने कहा कि देश पारदर्शी चुनाव की ओर बढ़ रहा है और उनकी पार्टी चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। जरदारी ने कहा, मुझे पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (एउढ) पर पूरा भरोसा है कि वह पारदर्शी तरीके से चुनाव कराएगा।" उन्होंने कहा कि पीपीपी शीर्ष पर रहेगी। जरदारी ने कहा, पीपीपी एकमात्र ऐसी पार्टी है जो हर तरह के माहौल में चुनाव लड़ने में सक्षम है।

### काला सागर में भीषण तूफान के बाद डूबा तुर्किश जहाज

# एक कर्मी की मौत व 11 लापता



**अंकारा।** तुर्किये के काला सागर तटीय क्षेत्र के पास तूफान के दौरान डूब गए एक मालवाहक जहाज के चालक दल की तलाश कर रहे बचाव दल को सोमवार को एक कर्मी का शव मिला, वहीं 11 अन्य सदस्य लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तुर्किये का झंडा लगा जहाज ह्यकाफकामेटलर' इस्तांबुल से करीब 200 किलोमीटर दूर इरेगली शहर में समुद्र तट के पास बने एक ढांचे से टकराने के बाद डूब गया था। परिवहन और अवसंरचना मंत्री अब्दुलकादिर उरालोगलू ने कहा कि यह जहाज तुर्किये के पश्चिमी बंदरगाह इजमिर की ओर जा रहा था। उरालोगलू ने कहा कि खराब मौसम के कारण बचाव अभियान कई घंटे तक रुका रहा, लेकिन सोमवार को हालात सामान्य होने के बाद चालक दल की तलाश शुरू की गई तो पोत में तैनात रसोइये का शव मिला। इसी तरह कैमरून का ध्वज लगा पल्लाडा जहाज इरेगली के पास पांच मीटर तक ऊंची लहरों में फंसकर दो हिस्सों में टूट गया था। इस पर सवार सभी 13 कर्मी सुरक्षित हैं। समुद्री महानिदेशालय ने यह जानकारी दी। तुर्किये में एक अन्य घटना में दक्षिणी प्रांतों दियारबाकिर और बटमान में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में 4 लोगों की मौत हो गई।

# छठ व हमारी सोच

***लोक*** आस्था का पर्व छठ जलस्त्रोतों की गंदगी के बीच सम्पन्न हुआ। यह मौका सफाई का है। लेकिन दुर्भाग्य राज्य के अधिकांश जगहों के नदी ,तालाब व अन्य जलस्त्रोत अतिक्रमण,प्रदूषण और उपेक्षा के कारण सिमटते नजर आये। प्रदूषण की मार की वजह से छठ व्रतियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ऐसे मौके पर हम सब को संकल्प लेना चाहिए कि अर्ध्य की समाप्ति से लेकर अगले वर्ष के अर्ध्य तक इन जलस्त्रोतों को प्रदूषित न करें। शहरों में तालाबों को पाट कर अपार्टमेंट बनाये जा रहे हैं। इससे निराश लोगों ने घरों में टब लेकर सीमेंट की टंकी में छठ मनाना शुरू कर दिया है। इस बार इस प्रक्रिया का जमकर इस्तमाल किया गया। जबकि यह पर्व सामूहिकता का है। इसमें लोग एक दूसरे का सहयोग करते हैं। इस पवित्र त्योहार की सात्विकता और सादगी भी निराली होती है। इसमें न तो कोई आडंबर है न कि किसी तरह का कर्मकांड है। ऐसे में नदियों - तालाबों की स्वच्छता के लिए सबको संकल्पित होने की जरूरत है। तभी हमारा भविष्य व परंपरा और संस्कृति सुरक्षित रह पायेगी। बहरहाल शहरी क्षेत्रों में इस बार निगम की मुस्तैदी देखी गई। यह अच्छी बात है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में धान की फसल नहीं होने से लोगों के चेहरे मुरझाये देखे गये। पपड़ी जमे ओठों से अभाव के आकाश में आस्था भारी देखी गई। कहीं -कहीं धर्म में आस्था रखने वाले लोगों ने मदद भी की। ऐसे भी इस पर्व की महानता है कि लोग एक दूसरे से भिक्षा मांग कर छठ मैया की पूजा करते हैं। इस महान परम्परा की बदौलत सैकड़ो सालों से इस पर्व के प्रति लोगों में गहरी आस्था है। बहरहाल नदियों का सिमटना और अतिक्रमण आने वाले दिनों के लिए कुछ अच्छे संकेत नहीं हैं। नदियां और तालाब वाटर लेबल को संतुलित रखते हैं। ऐसे में अतिक्रमण कर रहे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जरूरत है। कहीं भी देखा जाये तो नदियां नाले का रूप लेती दिखलाई पड़ रही हैं। पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिले की सरस्वतीया नदी नाले का रूप ले ली है। लोगों की मानें तो आज से एक दशक पूर्व इसका आकार काफी बड़ा था। छठ के मौके पर यह जगह गुलजार हुआ करता था। आज इसकी गोद में कई मकान बन गये हैं। इस प्रकार झारखंड की कई नदियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। पलामू की गंगा कोयल के दोनों किनारों पर अतिक्रमण बदस्तूर जारी है। यह अच्छे संकेत नहीं हैं। प्रकृति के साथ छेड़छाड़ कभी भी भयावह दृष्य उत्पन्न कर सकते हैं। इसके लिए सरकार के साथ जिला प्रशासन को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। ताकि लोगों में कानून का डर पैदा हो। वैसे भी वर्तमान समय में पर्व और त्योहार के प्रति लोग उदासीन रवैया अपनाने को विवश हो रहे हैं। इसकी वजहों की पड़ताल भी जरूरी है। क्यों कि पर्व त्योहार हमारे जीवन में कई प्रकार की सीख देने के लिए आते हैं। उसकी बदौलत ही हमारा जीवन सुखमय रहता है। छठ का पर्व उसमें महत्वपूर्ण है। इसलिए इसकी गरिमा का ख्याल रखना सबकी जवाबदेही है। सामूहिकता में कितनी ताकत होती है,यह इस पर्व से सीखा जा सकता है। नदी के किनारे छठ की अराधना और घरों की छतों पर टब में पानी रखकर करने में काफी अंतर है। इस बार के छठ में अधिकांश लोगों का घर में छठ करना यह दर्शाता है कि हमारी सोच में गहरा बदलाव आया है। ऐसे में ऐसी क्या स्थितियां बन रही हैं कि लोगों के विचार और सोच पर कुठाराघात लगातार जारी हैं। इस सोच की दशा और दिशा पर भी विचार आवश्यक है।

**शहरों में तालाबों को पाट कर अपार्टमेंट बनाये जा रहे हैं। इससे निराश लोगों ने घरों में टब लेकर सीमेंट की टंकी में छठ मनाना शुरू कर दिया है। इस बार इस प्रक्रिया का जमकर इस्तमाल किया गया। जबकि यह पर्व सामूहिकता का है। इसमें लोग एक दूसरे का सहयोग करते हैं। इस पवित्र त्योहार की सात्विकता और सादगी भी निराली होती है।**

# डीपफेक पर नियंत्रण के लिये सरकार की सख्ती जरुरी





ललित गर्ग

***डीपफेक*** व्यक्तिगत जीवन से आगे बढ़ कर अब राजनीतिक एवं वैश्विक सन्दर्भों के लिये एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इक्कीसवीं सदी में कृत्रिम बौद्धिकता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या एआई) तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नये रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है, एआइ के जरिये डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किये जा रहे हैं। गलत सूचनाएं, ऑडियो-वीडियो और तस्वीरें फैलाने वालों के हाथों में एआइ ने खतरनाक उस्तरा थमा दिया है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा एवं राजनीतिक मुद्दों के साथ व्यक्तिगत छवि को घूमिल करने का यह हथियार अनेक चिन्ताओं को बढ़ा रहा है और बड़े संकट का सबब बनता जा रहा है। डीपफेक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी नहीं बक्शा है, उन्हें भी परेशान कर दिया है। उनका एक वीडियो इन दिनों यू-ट्यूब सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर खूब चर्चित हो रहा है, इसमें उनको गरबा करते दिखाया गया है। ये पूरा वीडियो डीपफेक नाम की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार किया गया है। इसी तरह देश एवं विदेश की अनेक हस्तियों के अनेक अश्लील एवं राजनीतिक डीपफेक व्यापक स्तर पर प्रसारित हो रहे हैं। डीपफेक एक ऐसी तकनीक है जिसमे आप कृत्रिम बौद्धिकता की मदद एवं तकनीक से वीडियो, तस्वीरों और ऑडियो में हेरफेर कर सकते है। इस तकनीक की मदद से आप किसी दूसरे व्यक्ति की फोटो या वीडियो पर किसी और का चेहरा लगाकर उसे पूरी तरह से बदल भी सकते है। एक रिपोर्ट के अनुसार इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल लगभग 96 प्रतिशत के आसपास अश्लील सामग्री बनाने में होता है। कुछ लोग इसका इस्तेमाल अपने मर चुके रिश्तेदारों की तस्वीरों को ऐनिमेट करने में भी करते हैं लेकिन अब डीपफेक कंटेंट का इस्तेमाल देश एवं विदेश की राजनीति में भी होने लगा है। राजनीतिक पार्टियाँ अपने चुनावी प्रचार में इस तकनीक का जमकर इस्तेमाल कर रही है। आम जनता को गुमराह करने एवं बड़ी हस्तियों की छवि एवं प्रतिष्ठा को धूमिल करने में अब इस तकनीक का व्यापक उपयोग होने लगा है। अनेक फिल्मी हस्तियों विशेषतः हीराइनों की अविश्वसनीय अश्लील एवं नग्न वीडियो बड़ी संख्या में आनलाइन आसानी से देखी जा सकती है। पब्लिक प्लैटफॉर्म्स पर मौजूद फोटोज की मदद से आसानी से डीपफेक विडियो बनाया जा सकता है। ऐसे वक्त में जब कोई नौसिखिया भी आसानी से फर्जी विडियो बनाकर सच और झूठ का फर्क मिटा सकता है, किसी भी विडियो पर झट से भरोसा ना करें क्योंकि डीपफेक विडियोज से घिरी वर्चुअल दुनिया में आंखों देखा सबकुछ हमेशा सच नहीं होता। देश-विदेश में कई प्रतिष्ठित हस्तियां डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुकी हैं। कई विदेशी हस्तियों के भी डीपफेक वीडियो सामने आ चुके हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के डीपफेक वीडियो में तो वे रूस से लड़ रही अपनी सेना को सरेंडर करने के लिए कह रहे हैं। इजरायल-हमास युद्ध के भी कई डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डीपफेक को देश के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक बता इसके खिलाफ जनता को शिक्षित एवं सावधान करने पर जोर दिया है। भारत के लिये यह बड़ा खतरा इसलिये भी है कि भारत विविधता वाला देश है, यहां की जनता छोटी-छोटी बातों पर भावुक एवं भड़क जाती है। असली एवं नकली यानी डीपफेक का पता लगाने के लिये सतर्कता एवं सावधानी बरतने की अपेक्षा है। अगर वीडियो में आँख और नाक कहीं और जा रही है या वीडियो में पलक नहीं झपकाई गई है तो समझ जाइये यह डीपफेक कंटेंट है। कंटेंट की कलरिंग को भी देखकर पता लग सकता है कि तस्वीर या वीडियो में छेड़छाड़ हुई है। ढेरों चर्चित महिला हस्तियों एवं सिने कलाकारों के चेहरे डीपफेक टेक की मदद से पॉर्न वीडियोज पर लगाकर उन्हें ऑनलाइन शेयर किया जा रहा है। पॉप्युलर अमेरिकन अडल्ट साइट की ट्रेंडिंग टैग्स रिपोर्ट दिखाती है कि ऐसे वीडियोज पिछले कुछ महीने में तेजी से चर्चित हुए हैं और इन्हें व्यापक रूप में सर्च किया जा रहा है या देखा जा रहा है। इस टेक से किसी का फेक न्यूड वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल भी किया जा सकता है और ऐसे मामले सामने आए भी हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि जैसे-जैसे यह टेक्नॉलजी पॉप्युलर होगी, इसका गलत इस्तेमाल और ऐसे क्राइम भी बढ़ते जायेंगे। कृत्रिम बुद्धि, कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीनों और सॉफ्टवेयर को बुद्धि के साथ विकसित करता है। 1955 में जॉन मैकार्थी ने इसको कृत्रिम बुद्धि का नाम दिया और उसके बारे में 'यह विज्ञान और इंजीनियरिंग के बुद्धिमान मशीनें बनाने के' के रूप परिभाषित किया। कृत्रिम बुद्धि अनुसंधान के लक्ष्यों में तर्क, ज्ञान की योजना, सीखने, धारणा और वस्तुओं में हेरफेर करने की क्षमता, आदि शामिल हैं। वर्तमान में, इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए सांख्यिकीय विधियों, कम्प्यूटेशनल बुद्धि और पारंपरिक खुफिया शामिल हैं। कृत्रिम बुद्धि का दावा इतना है कि मानव की बुद्धि का एक केंद्रीय संपत्ति एक मशीन द्वारा अनुकरण कर सकता है। बिजली के बल्ब और मूवी कैमरे के आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन ने कहा था कि हर नई तकनीक सुविधाओं के साथ कुछ नकारात्मक पहलू भी लाती है। नित नई तकनीक के दौर से गुजर रही दुनिया में उनका कथन प्रासंगिक बना हुआ है। कृत्रिम बौद्धिकता तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नये रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है। किसी भी बात या घटना के सच होने का सबसे बड़ा सबूत उसके किसी विडियो को माना जाता रहा है लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। आंखों देखी पर और किसी भी तरह के डिजिटल फोटो या विडियो पर भरोसा नहीं किया जा सकता। डीपफेक टेक्नॉलजी की मदद से ऐसे वीडियो बनाए जा सकते हैं कि बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स भी गच्चा खा जाएं। सामान्य इंटरनेट यूजर शायद ही समझ पाये कि विडियो डीपफेक है और उसमें दिखने वाला शख्स कोई और है। यह टेक्नॉलजी वीडियोज के साथ बिल्कुल वैसे ही काम करती है, जैसा फोटो के लिए फोटोशॉप करता है। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, यह वीडियो फेक (डीपफेक) है। दरअसल इस वीडियो को लेकर मेगा स्टार अमिताभ बच्चन ने भी चिंता जताई है। इस डीपफेक वीडियो पर दिल्ली महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस में मामला दर्ज कराया है।

**डीपफेक एक ऐसी तकनीक है जिसमे आप कृत्रिम बौद्धिकता की मदद एवं तकनीक से वीडियो, तस्वीरों व ऑडियो में हेरफेर कर सकते है। इस तकनीक की मदद से आप किसी दूसरे व्यक्ति की फोटो या वीडियो पर किसी और का चेहरा लगाकर उसे पूरी तरह से बदल भी सकते है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने ऋषि वशिष्ठ की कहानी*

***महर्षि*** वशिष्ठ के पास भी कई दिव्य शक्तियां थीं, उन्होंने राजा कौशिक के सभी दिव्यास्त्रों को नष्ट कर दिया। फिर वशिष्ठ ने ब्रह्मास्त्र छोड़ दिया। इससे पूरी धरती पर संकट का खतरा पैदा हो गया। सभी देव महर्षि वशिष्ठ के पास पहुंचे और मानव जगत के हित में ब्रह्मास्त्र वापस लेने का आग्रह किया। वशिष्ठ का क्रोध शांत हुआ और उन्होंने अपना ब्रह्मास्त्र वापस ले लिया। दूसरी ओर, कौशिक एहसास हुआ कि इतने सारे दिव्यास्त्र होने के बावजूद वे एक ऋषि से हार गये। उन्हें पता चल गया कि कितना भी शक्तिशाली और पराक्रमी राजा क्यों न हो, सिद्धी से प्राप्त शक्ति के सामने वह कुछ भी नहीं है। कौशिक फिर से जंगल की ओर चले गये और एकांत में तपस्या शुरू कर दी। उनकी तपस्या से इंद्र देव प्रकट हुए और उन्होंने कौशिक को ब्रह्मत्व प्रदान किया। इस तरह राजा कौशिक ब्रह्मर्षि विश्वामित्र बन गये। मगर विश्वामित्र के मन में अब भी महर्षि बनने की चाहत थी। उन्होंने फिर से कठिन तप शुरू कर दिया। फिर काम और क्रोध पर विजय पाकर उन्होंने महर्षि पद प्राप्त कर लिया।

**(समाप्त)**

**आइये सुने ऋषि भारद्वाज की कथा**

लोक कल्याण के लिए ज्ञान प्राप्त करना है उनके जीवन का मुख्य उद्देश्य रहा था। वेदों का ज्ञान प्राप्त करने के लिए इन्होंने सौ- सौ वर्ष के तीन जन्म लिए थे। भारद्वाज ऐसे ऋषि थे जो मंत्र द्दष्टा होने के साथ-साथ आयुर्वेद के भी बड़े आचार्य थे। वह बहुत अच्छे शाम गायक भी थे इसलिए चार प्रमुख शाम गायकों में इनका नाम है लोगों के कल्याण के लिए उन्होंने कई ग्रंथों की रचना की। उनका जीवन दर्शन हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने ज्ञान अर्जित किया और उसे जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया यही कारण है कि वेदों और पुराणों में भी इनकी महिमा गाई गई है

**(क्रमशः)**

# बढ़ते हुए आधुनिकरण के साथ मानव जीवन में टीवी की भूमिका



योगेश कुमार गोयल

'ब्लैक ऐंड व्हाइट' बुद्धू बक्सा (टेलीविजन) अपने सहज प्रस्तुतिकरण के दौर से गुजरते हुए कब आधुनिकता के साथ कदमताल करते हुए सूचना क्रांति का सबसे बड़ा हथियार और हर घर की अहम जरूरत बन गया, पता ही नहीं चला। यह दुनिया-जहान की खबरें देने और राजनीतिक गतिविधियों की सूचनाएं उपलब्ध कराने के अलावा मनोरंजन, शिक्षा तथा समाज से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाओं को उपलब्ध कराने, प्रमुख आर्थिक और सामाजिक मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए समूचे विश्व के ज्ञान में वृद्धि करने में मदद करने वाला एक सशक्त जनसंचार माध्यम है। यह संस्कृतियों और रीति-रिवाजों के आदान-प्रदान के रूप में मनोरंजन का सबसे सस्ता साधन है, जो तमाम महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए पूरी दुनिया के ज्ञान में असीम वृद्धि करने में मददगार साबित हो रहा है। मानव जीवन में टीवी की बढ़ती भूमिका तथा इसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर चर्चा करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 नवंबर को विश्व टेलीविजन दिवस मनाया जाता है। संचार और वैश्वीकरण में टेलीविजन की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए इसके महत्वों को रेखांकित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व टेलीविजन दिवस मनाने की जरूरत महसूस की गई और आम जिंदगी में टीवी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए आखिरकार टीवी के आविष्कार के करीब सात दशक बाद वर्ष 1996 में विश्व टेलीविजन दिवस मनाने की घोषणा कर दी गई। दरअसल टीवी के आविष्कार को सूचना के क्षेत्र में एक ऐसी क्रांति का आविष्कार माना गया है, जिसके जरिये समस्त दुनिया हमारे करीब रह सकती है और हम अब घर बैठे ही दुनिया के किसी भी कोने में होने वाली घटनाओं को लाइव देख सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा पहली बार 21 तथा 22 नवंबर 1996 को विश्व टेलीविजन मंच का आयोजन करते हुए टीवी के महत्व पर चर्चा करने के लिए मीडिया को प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया गया था। उस दौरान विश्व को परिवर्तित करने में टीवी के योगदान और टीवी के विश्व पर पड़ने वाले प्रभावों के संदर्भ में व्यापक चर्चा की गई थी। उसी के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा में 17 दिसंबर 1996 को एक प्रस्ताव पारित करते हुए प्रतिवर्ष 21 नवंबर को विश्व टेलीविजन दिवस मनाने का निर्णय लिया गया और तभी से प्रतिवर्ष 21 नवंबर को ही यह दिवस मनाया जाता रहा है। इलेक्ट्रॉनिक टेलीविजन का आविष्कार 1927 में हुआ माना जाता है और उसके करीब 32 साल बाद इलेक्ट्रॉनिक टेलीविजन ने भारत में पहला कदम रखा। भारत में टीवी का पहला प्रसारण प्रायोगिक तौर पर दिल्ली में दूरदर्शन केन्द्र की स्थापना के साथ 15 सितंबर 1959 को शुरू किया गया। उस समय टीवी पर सप्ताह में केवल तीन दिन ही मात्र तीस-तीस मिनट के कार्यक्रम आते थे लेकिन इतने कम समय के बेहद सीमित कार्यक्रमों के बावजूद भी टीवी के प्रति लोगों का लगाव बढ़ता गया और यह बहुत जल्द लोगों की आदत का अहम हिस्सा बन गया। दूरदर्शन का व्यापक प्रसार हुआ वर्ष 1982 में दिल्ली में हुए एशियाई खेलों के आयोजन के प्रसारण के बाद। दूरदर्शन द्वारा अपना दूसरा चैनल 26 जनवरी 1993 को शुरू किया गया और उसी के बाद दूरदर्शन का पहला चैनल डीडी-1 और दूसरा नया चैनल डीडी-2 के नाम से लोकप्रिय हो गया, जिसे बाद में डीडी मैट्रो नाम दिया गया। भले ही टीवी के आविष्कार के इन दशकों में इसका स्वरूप और तकनीक पूरी तरह बदल चुकी है लेकिन इसके कार्य करने का मूलभूत सिद्धांत अभी भी पहले जैसा ही है। हालांकि किसी भी वस्तु के अच्छे और बुरे दो अलग-अलग पहलू भी हो सकते हैं। कुछ ऐसा ही सूचना एवं संचार क्रांति के अहम माध्यम टीवी के मामले में भी है। एक ओर जहां यह मनोरंजन और ज्ञान का सबसे बड़ा स्त्रोत बन चुका है और नवीनतम सूचनाएं प्रदान करते हुए समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालता है, वहीं इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते रहे हैं।

**संयुक्त राष्ट्र द्वारा पहली बार 21 तथा 22 नवंबर 1996 को विश्व टेलीविजन मंच का आयोजन करते हुए टीवी के महत्व पर चर्चा करने के लिए मीडिया को प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया गया था।**

**टीवी**


## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

**जहां एक निराशावादी व्यक्ति, किसी भी कार्य में उसका दुष्परिणाम ढूंढ लेता है। वहीं आशावादी व्यक्ति हर एक कठिन कार्य में भी एक अवसर ढूंढ लेता है।**

# हल्दी की खेती से किसानों को दूरगामी फसल से फायदा



किशन भावनानी

***वैश्विक स्तर*** पर पूरी दुनियां को विश्वास हो चुका है कि भारत के हर क्षेत्र में चौमुखी विकास हो रहा है। 40-50 सालों से लटके कामों को सफलतापूर्वक नये जोश के साथ आगे बढ़कर मंजिल तक पहुंचा जा रहा है। वहीं आज भारत ने हर क्षेत्र को विकसित करने के लिए उनकी जड़ों तक पहुंचकर समस्याओं का हल ढूंढने में भिड़ गया है जिसके लिए उस उत्पाद या क्षेत्रों का राष्ट्रीय बोर्ड गठन कर उसका विकास किया गया है, जिसका उदाहरण चाय बोर्ड सहित आने अनेक बोर्डों का गठन किया गया है और अब राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंजूरी प्रदान कर अधिसूचित हुआ है। बता दें इसके लिए अनेक वर्षों से किसानों की मांग जारी थीऔर 15-20 सालों से आंदोलन कर रहे थे, जिसमें इस राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को लेकर प्रण लिया था कि जब तक बोर्ड का गठन नहीं होगा तब तक वह चप्पल नहीं पहनेंगें, अब इस बोर्ड के गठन का प्रस्ताव केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पारित कर अधिसूचित किया गया है। बोर्ड के गठन से अब अनेक स्थानों, हल्दी उत्पादन के दूरदराज दुर्लभ स्थान या अनजान स्थान का संज्ञान लेकर वहीं हल्दी उत्पादन में तकनीक की सहायता कर उत्पादन बढ़ाया जायेगा। अब समय आ गया है कि जिस क्षेत्र में हल्दी उगने का एटमॉस्फेयर है और हल्दी की फसल अच्छी निकालने की आमना है, वहां किसानों को हल्दी की खेती करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, क्योंकि हल्दी सभी खाद्य औषधि सहित अन्य सभी प्रयोग में आने वाली एक वस्तु है जिसमें किसानों को अच्छी कमाई करने की उम्मीद है, साथ ही बोर्ड की पूरी मदद मिलने की रणनीति तैयार की गई है। बोर्ड इसका संज्ञान लेकर इसका विकास करेगा तो नये ऊंचे आयामों की प्राप्ति किसानों को होगी। चूंकि हल्दी किसानों के लिए एक कमाई वाली फसल है और अब राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को भी अधिसूचित किया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में और पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आओ हल्दी की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। अंतरराष्ट्रीय स्तरपर हल्दी के नए बाजार विकसित करने में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम हल्दी के महत्व और किसानों के लिए कमाई वाली फसल होने को, जानने की करें तो, बताते चलें कि हल्दी की खेती को कमाई वाली फसल कहा जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये बहुत से कार्यों में इस्तेमाल होने वाली फसल है। जिसकी मांग हमेशा बनी रहती है। हल्दी का इस्तेमाल मसाले, औषधि, ब्यूटी प्रोडक्ट्स व अन्य कई उत्पादों में होता है। इसके साथ ही हल्दी की खेती के दौरान अधिक पानी या फिर सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती है, ये एक ऐसी फसल है जो कम लागत में उग सकती है और इससे अच्छी आमदनी की जा सकती है। देश के लगभग हर घर में हल्दी का इस्तेमाल किया जाता है। इसकी खेती कर किसान भाई अच्छा पैसा कमा सकते हैं। यदि हम एक हेक्टेयर जगह में हल्दी की खेती करने की सोच रहे हैं तो करीब-करीब दस हजार रुपये के बीज, दस हजार रुपये की खाद व मजदूरी शुल्क जो उस समय लागू हो वह हमको देना होगा। हल्दी की खेती से होने वाली आय मुख्य रूप से उत्पादन पर निर्भर होती है। एक हेक्टेयर में हल्दी का औसत उत्पादन 20-25 क्विंटल तक का होता है। यदि हल्दी का भाव दो सव रुपये किलो है, तो एक हेक्टेयर में हल्दी की खेती से करीब 5 लाख तक की कमाई की जा सकती है। बाजार में हल्दी की काफी डिमांड है। भारत ही नहीं बल्कि विदेश में भी हल्दी की काफी मांग है। हम हल्दी को ऑनलाइन प्लेटफार्म के जरिए भी अच्छे दामों में बेच सकते हैं। हल्दी की खेती करने के लिए अच्छी जल निकासी वाली मिट्टी को चुनें।

**हल्दी का इस्तेमाल मसाले, औषधि, ब्यूटी प्रोडक्ट्स व अन्य कई उत्पादों में होता है। इसके साथ ही हल्दी की खेती के दौरान अधिक पानी या फिर सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती है।**

**किसान**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अमरूद की पत्तियों से बालों को मिलते हैं ये जबरदस्त फायदे

जब आप अमरूद की पत्तियों को अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल करते हैं तो इसका सीधा असर आपके बालों के टेक्सचर पर भी पड़ता है। इसमें कुछ ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो बालों को अधिक स्मूथ और शाइनी बनाते हैं। जिसके कारण हेयर टेक्सचर बेहतर होता है।

हम सभी काले, लंबे और घने बालों की चाहत रखते हैं और इसके लिए तरह-तरह के फैन्सी हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। जबकि बालों की नेचुरल तरीके से भी केयर की जा सकती है। ऐसी कई चीजें होती हैं, जिन्हें हम बेकार समझते हैं, लेकिन वे बालों के लिए बेहद लाभदायी साबित हो सकती है। ऐसी ही एक चीज है अमरूद की पत्तियां। अमूमन अमरूद के साथ कई बार पत्तियां भी आ जाती हैं, जिन्हें हम बेकार समझकर फेंक देते हैं। लेकिन इन पत्तियों से बालों की कई समस्याओं को सुलझाया जा सकता है।



## हेयर ग्रोथ में मिलती है मदद

अगर आप अपने बालों की ग्रोथ तेजी से होते हुए देखना चाहती हैं तो आपको अमरूद की पत्तियों का इस्तेमाल करना चाहिए।

दरअसल, इनमें विटामिन बी और सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो बालों के विकास के लिए आवश्यक हैं। जब आप इसे हेयर केयर रूटीन में शामिल करती हैं, तो ना केवल हेयर ग्रोथ तेजी से होती है, बल्कि बालों के झड़ने की समस्या भी काफी हद तक कम होती है।

## रूसी का करे इलाज

अक्सर यह देखने में आता है कि ठंड के दिनों में रूसी की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में अमरूद की पत्तियों का इस्तेमाल करने से यकीनन आपको लाभ मिल सकता है। दरअसल, इसमें एंटी-माइक्रोबायल और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो रूसी और स्कैल्प की अन्य समस्याओं को काफी हद तक दूर करने में मदद कर सकते हैं।

## हेयर टेक्सचर को करे इंप्रूव

जब आप अमरूद की पत्तियों को अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल करते हैं तो इसका सीधा असर आपके बालों के टेक्सचर पर भी पड़ता है। इसमें कुछ ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो बालों को अधिक स्मूथ और शाइनी बनाते हैं। जिसके कारण हेयर टेक्सचर बेहतर होता है।

## बालों को करे कंडीशन

अमरूद की पत्तियों में मौजूद नेचुरल ऑयल बालों के लिए एक कंडीशनर की तरह काम करता है। इसलिए, इसकी पत्तियों का हेयर मास्क रूखे व कर्ली हेयर के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इससे आपको अपने बालों को मैनेज करना आसान हो जाता है। साथ ही साथ, बाल अधिक सॉफ्ट व सिल्की नजर आते हैं।

❖ मिताली जैन

# सर्दियों के मौसम के लिए बेस्ट है ये ब्राइडल फेशियल किट

सर्दियों के मौसम में अगर आप सही से फेशियल करती हैं। तो यह आपके चेहरे पर अच्छा ग्लो लेकर आएगा। हांलाकि आप अपनी स्किन टाइप के हिसाब से फेशियल ले सकती हैं। आज हम आपको 5 बेस्ट फेशियल के बारे में बताने जा रहे हैं। इस समय शादियों का सीजन चल रहा है। ऐसे में पार्लरों में बहुत भीड़ होती है। जिसके कारण लोग पार्लर जाने से कतराते हैं। ऐसे में अगर आप भी पार्लर नहीं जाना चाहती हैं, तो आपको लिए होम फेशियल किट्स काफी मददगार साबित हो सकती हैं। सर्दियों के मौसम में अगर आप सही से फेशियल करती हैं। तो यह आपके चेहरे पर अच्छा ग्लो लेकर आएगा। हांलाकि आप अपनी स्किन टाइप के हिसाब से फेशियल ले सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 5 बेस्ट फेशियल के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनका इस्तेमाल कर आप भी शादी में सबसे खूबसूरत नजर आ सकती हैं।

**श्छछउउ गोल्ड फेशियल किट :** वीएलसीसी गोल्ड फेशियल किट काफी ज्यादा फेमस है। इस फेशियल किट में 4 पाउच आते हैं। जिनमें फेस स्क्रब, पील ऑफ मास्क, फेशियल जेल और मसाज क्रीम होती है। इसके साथ ही ब्लीच की एक छोटी सी डिब्बी आती बै। जिसके फेस पैक से एक दिन पहले अपने फेस पर लगाना होता है। हांलाकि इन सभी प्रोडक्ट में सभी इंस्ट्रक्शन दिए होते हैं। वहीं अगर आपकी त्वचा सेंसिटिव है, तो भी इसका प्रोसेस आपकी त्वचा पर कोई असर नहीं डालेगा। आपको सिर्फ यह ध्यान रखना है कि फेशियल करने से एक दिन पहले ब्लीच का इस्तेमाल करना होगा। इसके साथ ही यह फेशियल ऑयली स्किन वालों के लिए



परफेक्ट साबित हो सकता है।

**शहनाज हुसैन फेशियल :** शहनाज हुसैन का गोल्ड फेशियल किट भी बेस्ट होता है। यह आपकी स्किन में ग्लो लाने के साथ ही त्वचा को मॉइश्चराइज करने का काम करता है। इस किट में भी चार प्रोडक्ट होते हैं। इसमें आपको गोल्डन स्क्रब, गोल्डन क्रीम, गोल्डन जेल और गोल्डन मास्क। इस फेशियल प्रोसेस को पूरा करने में आपको 40 मिनट से ज्यादा नहीं लगेगा। आपको अगर शादी या पार्टी में जाना है, तो यह फेशियल किट आपका सबसे अच्छा साथी साबित हो सकता है। शहनाज हुसैन कंपनी दावा करती है कि इस फेशियल में एंटी-एजिंग फॉमूर्ला है। जो आपकी स्किन फाइन लाइंस को कम करने का काम करता है।

**ओ3 फेशियल किट :** लॉरियल पैरिस का ओ3+ एडवांस फेशियल किट भी आपकी स्किन को अच्छा ग्लो दे सकता है। इसमें स्क्रब, मसाज जेल आदि काफी लाइट होता है। जो आपकी स्किन को आराम से साफ करने का काम करता है। अगर आपकी त्वचा सेंसिटिव है, तो यह फेशियल एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है। यह आपकी स्किन क्वालिटी और स्किन टेक्स्चर को बेहतर बनाने में मदद करता है।

**ओरीफ्लेम टी-ट्री फेशियल किट :** टी-ट्री ऑयल और रोजमेरी दोनों ही स्किन के लिए काफी अच्छे माने जाते हैं। यह आपकी स्किन के टेक्शचर को सुधारने का काम करता है। साथ ही आपकी त्वचा में ग्लो लाने का काम करता है। इस किट को इस्तेमाल करने में सिर्फ 30 मिनट का समय लगता है। इसके इस्तेमाल से आपको स्किन पर असर साफ पता लगेगा। इस प्रोसेस में आपको ओरिफ्लेम टी ट्री फेशियल जेल से अपने फेस को साफ करें। इसके बाद स्क्रब, मास्क और फेशियल क्रीम का इस्तेमाल करें।

**लोटस हर्बल डायमंड सेल्लुलर रेडियंस फेशियल किट :** लोटस हर्बल डायमंड सेल्लुलर रेडियंस फेशियल किट बहुत ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। यह फेशियल किट लो बजट में मिल जाता है। इसमें 6 प्रोसेस हैं। इस कंपनी का दावा है कि इससे आपकी स्किन रेडियंट और ग्लोइंग बनती है। इसमें पर्ल एक्सफोलिएटर इस्तेमाल किया जाता है, फिर रेडिएंट स्किन एक्टिवेटर से मसाज, मसाज क्रीम और फिर आखिरी में फेस पैक का इस्तेमाल किया जाता है। यह प्रोडक्ट डीप क्लींजिंग के लिए बहुत अच्छा माना जाता है।

❖ अनन्या मिश्रा



# चेहरे पर नीम का तेल लगाते समय इन बातों का रखें ध्यान

हमेशा यह सलाह दी जाती है कि नीम के तेल को किसी कैरियर ऑयल या फिर फेशियल ऑयल में मिक्स करके ही अप्लाई करना चाहिए। आप इसे कभी भी सीधे अपनी स्किन पर ना लगाएं। इससे आपको स्किन में जलन या इरिटेशन हो सकती है। नीम के औषधीय गुणों से हम सभी वाकिफ है। यही कारण है कि अक्सर हम नीम को अपने स्किन केयर रूटीन में जगह देते हैं। अमूमन इसके पत्तों को पीसकर इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। लेकिन ऐसे बहुत से लोग हैं, जिनके पास इतना समय नहीं होता है कि वे हर दिन इतनी मेहनत करें। ऐसे में वे नीम के तेल का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं। मार्केट में नीम का तेल आसानी से मिल जाता है, जिसकी मदद से आप अपनी स्किन की कई प्रॉब्लम्स जैसे एक्ने आदि से निजात पा सकते हैं।

**स्किन को करें क्लीन :** अगर आप नीम के तेल से अपनी स्किन को पैम्पर करना चाहते हैं तो यह बेहद जरूरी है कि आप अपनी स्किन को जरूर क्लीन करें। चेहरे पर मौजूद किसी भी तरह की गंदगी या मेकअप होने पर आपको नीम का तेल इस्तेमाल करने से वह लाभ नहीं मिलेगा, जो वास्तव में मिलना चाहिए।

**कैरियर ऑयल में करें मिक्स :** हमेशा यह सलाह दी जाती है कि नीम के तेल को किसी कैरियर ऑयल या फिर फेशियल ऑयल में मिक्स करके ही अप्लाई करना चाहिए। आप इसे कभी भी सीधे अपनी स्किन पर ना लगाएं। इससे आपको स्किन में जलन या इरिटेशन हो सकती है।

**कम मात्रा में लगाएं :** यह सच है कि नीम का तेल स्किन के लिए बेहद लाभदायक हो सकता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप एकदम से बहुत अधिक मात्रा में तेल लगाएं। अगर आप पहली बार नीम के तेल का इस्तेमाल कर रहे हैं तो शुरूआत हमेशा कम मात्रा से ही करनी चाहिए। एकदम से बहुत अधिक तेल लगाने से आपकी स्किन को प्रॉब्लम हो सकती है।

**करें पैच टेस्ट :** नीम के तेल से आपकी स्किन को कोई प्रॉब्लम ना हो, इसलिए यह जरूरी है कि आप इसे अपने पूरे फेस या स्किन पर लगाने से पहले एक छोटे से एरिया पर पैच टेस्ट जरूर करें। इससे आपको यह पता चल जाएगा कि आपको नीम के तेल से एलर्जी है या नहीं। यदि आपको किसी तरह की रेडनेस, खुजली या जलन हो रही है तो आप इसे अवॉयड करें।

## काव्य कोना

### भावना

अदभुत
वो शब्द, वो गूढ़ शब्द
हे ईश्वर, हे भगवान
मतलब समझने की कोशिश
द्वन्द एवं द्वन्द्व से दूर
एक अनुभूति मात्र
अदृश्य, निरूप, एक पुकार
हर मानव अपनी भाषा में संज्ञान लेता
अतःमन में पुकारता।
विवेक समझौता कर लेता है
बुध्दि परखना चाहती है
कहीं यह कल्पना तो नहीं
द्वन्द्व भी अजीब है
नकारा, फिर नाम दी अदृश्य शक्ति
खोजता परखता
सामंजस्य बैठाता
कभी कहता प्रकृति की शक्ति
अदभुत
वो शब्द, वो गूढ़ शब्द
हे ईश्वर, हे भगवान।
है यह शक्ति भी अजीब
प्रतिज्ञा न मिलने की, न दिखने की
सिर्फ अनुभव और अनुभूति
मन से पुकारा जिसने
गजराज की तरह सहायता तुरंत पाया
आस्था और आस्था की विलक्षण देन
हे ईश्वर, हे भगवान
दो शब्द, वो गूढ़ शब्द
हे ईश्वर, हे भगवान
अदभुत।

❖ नाग मणि

# काश जीना विज्ञान होता



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

जीना भी एक कला है। काश यह विज्ञान होता। कम से कम इसमें दो और दो जोड़ने से चार तो होते। कम से कम हाइड्रोजन के दो परमाणु और ऑक्सीजन का एक परमाणु मिलकर जल का अणु तो बनता। यहां तो जिंदगी कागज की नाव की तरह बही जा रही है। जमाना बाढ़ बनकर हमेशा पीछे लगा रहता है। जब देखो तब डुबोने के चक्कर में। शायद औरों की झोपड़ियां जलाकर उस पर भोजन पकाने से खाने का मजा दोगुना हो जाता होगा। भूख से बिलखती जिंदगियों की अंतर्पीड़ाओं के बैकग्राउंड में एक अच्छा सा संगीत बजा देने से शायद वह कर्णप्रिय लगने लगे। हो सकता है ऊटपटांग गानों के बीच यह भी जोरों से धंधा कर ले। चलती का नाम गाड़ी है और इस गाड़ी में मुर्दों के बीच सफर करना जो सीख जाता है तो समझो उसकी बल्ले-बल्ले है। वैसे भी यहां कौन जिंदा है। सब के सब मरे हुए तो हैं। कोई जमीर मारकर जी रहा है। कोई किसी का मेहनताना खाकर जी रहा है। कोई झूठों वादों से बहलाकर जी रहा है तो कोई मैयत की आग पर रोटी सेककर जी रहा है। यहां उल्टा-सीधा जो भी कर लो, लेकिन जीकर दिखाओ यही आज की सबसे बड़ी चुनौती है। या फिर कहलो आठवां अजूबा है।

सिर उठाने के लिए नहीं झुकाने के लिए होता है। सिर उठाना तो हमने कब का छोड़ दिया। इतनी ही उठाने की ताकत होती तो दिन को रात, अनपढ़ को विद्वान, सूखी रोटी को मक्खन का टुकड़ा नहीं कहते। एक आदत सी हो गयी है बुरे को अच्छा कहने की, झूठे वादों को सच समझने की। बेरोजगारी को कलाकारी मानने की। जैसे पेड़ कटते समय कुल्हाड़ी में लगी लकड़ी को अपनी बिरादरी समझकर खुश होता है ठीक उसी तरह हम भी अपनी जाति-बिरादरी के मुखिया को चुनकर उनके हाथों गला घोंटवाने का परम आनंद प्राप्त करते हैं। शायद ऐसे ही लोग इस दुनिया में जीने के सच्चे हकदार होते हैं। दुनिया में कीड़े-मकौड़ों से भला किसे शिकायत हो सकती है? कीड़े-मकौड़े तब तक जीवित रहते हैं जब तक किसी के बीच दखलांदाजी नहीं करते। दखलांदाजी करने वालों का जवाब तो सारा जमाना मसलकर ही देता है।

यहां चुपचाप चलने वालों की टांग में टांग अड़ाया जाता है। इतना होने पर भी वह अगर चलने लगता है, तो उसकी एक टांग काट दी जाती है। हालत यह होती है कि चलने वाला बची हुई एक टांग को अपना सौभाग्य समझकर टांग काटने वाले को शुक्रिया अदा करता है। जो होता है होने दो, जैसा चलता है चलने दो कहकर आगे बढ़ने की आदत डाल लेनी चाहिए। नहीं तो तुम से तुम्हारा भोजन, पानी, बिजली छीन लिया जाएगा। तब तंबूरा बजाने के लायक भी नहीं बचोगे। यह हवा, आकाश, पानी, आग, धरती सब बिकने लगे हैं। वह दिन दूर नहीं जब चंद सांसों के लिए भी इन्हें खरीदना होगा। तब चंद सांस देने वाला दुनिया का सबसे बड़ा दानी कहलाएगा। अपने लिए आहें भरवाएगा। यहां तुम्हारा कुछ नहीं है। तुम एकदम ठनठन गोपाल हो। इसलिए सिर उठाने, सवाल पूछने, परेशानी बताने जैसे देशद्रोही काम बिल्कुल मत करो। यह एक आभासी दुनिया है। यहां केवल अपना आभास मात्र रहने दो। इसे हकीकत समझने की भूल बिल्कुल मत करना। वरना किसी आरोप में सरेआम लटका दिए जाओगे।

## सूडोकु नवताल- 6890

✱ ✡ ✡ ✡ ✡ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6889 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**21 नवम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | वृश्चिक | 05.59 ब.से |
| चंद्र | कुंभ में | धनु | 08.18 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 10.23 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 12.09 बजे से |
| गुरु | मेष में | मीन | 13.42 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मेष | 15.13 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृष | 16.53 बजे से |
| राहु | मीन में | मिथुन | 18.51 बजे से |
| केतु | कन्या में | कर्क | 21.04 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 23.21 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | कन्या | 01.32 बजे से |
| बजे तक | | तुला | 03.43 बजे से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 325 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल **तिथि** नवमी 01.10 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** शतभिषा 20.01 बजे को समाप्त। **योग** व्याघात 17.40 बजे को समाप्त। **करण** बालव 14.14 बजे तदनन्तर कौलव 01.10 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 07.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 19° 48' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871804 **जूलियन दिन** 2460269.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उलावल **तारीख** 06 **विशेष** अक्षय नवमी, आँवला नवमी, जगद्धात्री पूजा, सत युग।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7952

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| | ■ | ■ | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | | | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | ■ |
| 15 | | | 16 | | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | 19 | | ■ | 20 | ■ | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-4
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी -2)
8. पासे फैंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2,3
15. चोरी करना-2,3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

**ऊपर से नीचे**

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़ -4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

### शब्द पहेली -7951 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | ल | वा | र | ■ | वि | ■ | ■ |
| ■ | क | ■ | द्य | ■ | अ | रा | ज | क |
| क | रा | र | ■ | क | प | ट | ■ | ह्य |
| ■ | र | ज | त | ■ | ना | ■ | आं | सु |
| अ | ■ | क | मी | ना | प | न | ■ | नी |
| वा | बी | ■ | ज | ■ | न | ज | ला | ■ |
| न | ■ | स | वा | ल | ■ | र | ज | त |
| क | र | ब | ला | ■ | आ | ■ | बा | ■ |
| ■ | ■ | ल | ■ | अ | स | बा | ब | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए।

**वृष राशि :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**मिथुन राशि :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कर्क राशि :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**सिंह राशि :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कन्या राशि :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला राशि :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**वृश्चिक राशि :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे।

**धनु राशि :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**मकर राशि :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**कुंभ राशि :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**मीन राशि :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# कांग्रेस के महिला विरोधी रुख से राजस्थान में महिलाओं के विरुद्ध अपराध बढ़े : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को राजस्थान में कांग्रेस के महिला विरोधी रुख की आलोचना करते हुए कहा कि इससे राज्य महिलाओं के विरुद्ध अपराधों का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए वंशवाद की राजनीति ही सब कुछ है, उन्हें तुष्टिकरण के अलावा कुछ नहीं सूझता है। राजस्थान के पाली में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विकास के प्रति देश की प्रतिबद्धता और 21वीं सदी में भारत की उन्नति में राजस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने भाजपा सरकार के विकास दृष्टिकोण को रेखांकित किया और राज्य में कांग्रेस पार्टी के कुशासन की निंदा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राजस्थान की गहलोत सरकार के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ भी नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस सरकार के शासन में राजस्थान में विकास की कमी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण की राजनीति को प्राथमिकता देने के लिए कांग्रेस की आलोचना



की, जिसके बारे में उनका मानना था कि यह राज्य की प्रगति में बाधक है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस शासन के दौरान उभरे दंगों और विभाजनकारी माहौल का हवाला देते हुए राजस्थान में तुष्टिकरण की राजनीति के प्रभाव की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कांग्रेस को उसकी विकृत मानसिकता के लिए सबक सिखाने की जरूरत पर बल दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने जालोर जिले के कानीवाड़ा में एक विशेष घटना पर प्रकाश डाला, जहां पीढ़ियों से दलित समुदाय के पुजारियों द्वारा पूजा जाने वाला हनुमानजी का एक प्राचीन मंदिर कांग्रेस के संरक्षण में एक लक्ष्य बन गया है। उन्होंने राजस्थान में दलित परिवारों पर हो रहे अत्याचार की ओर इशारा करते हुए महिलाओं और दलितों के खिलाफ कांग्रेस की भाषा की निंदा की। महिलाओं के मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी ने महिला विरोधी होने और ऐसा माहौल बनाने के लिए कांग्रेस की आलोचना की जहां महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़े हैं। उन्होंने राजस्थान की महिलाओं से राज्य को कांग्रेस से मुक्त करने का आग्रह करते हुए एक ऐसी सरकार की आवश्यकता पर जोर दिया, जो महिलाओं के कल्याण और सुरक्षा के लिए काम करे। उन्होंने कहा, "महिला विरोधी कांग्रेस कभी भी महिलाओं के कल्याण या सुरक्षा के लिए काम नहीं कर सकती। कांग्रेस ने महिलाओं के खिलाफ अपराध में राजस्थान को नंबर वन बनाया है। इधर, मुख्यमंत्री का दावा है कि बहन-बेटियों की ओर से की गई शिकायतें फर्जी हैं। विधान सभा में मुख्यमंत्री के निकटतम मंत्री इस अत्याचार को यह कहकर उचित ठहराते हैं कि यह पुरुषों का राज्य है।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और भाजपा सरकारों की कर नीतियों की तुलना करते हुए आर्थिक चिंताओं को भी संबोधित किया। उन्होंने भाजपा सरकार के तहत प्रत्यक्ष करों में कटौती पर प्रकाश डाला, जिससे मध्यम वर्ग को महत्वपूर्ण राहत मिली। प्रधानमंत्री मोदी ने पेट्रोल की ऊंची कीमतों के लिए राजस्थान सरकार की भी आलोचना की और 3 दिसंबर को भाजपा सरकार बनने के बाद कीमतों की समीक्षा का वादा किया। मीडिया को मुख्यमंत्री की धमकियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने जानकारी दबाने की कोशिशों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने भ्रष्टाचार और काले धन से संबंधित मुद्दों की कवरेज को रोककर स्टोरी को नियंत्रित करने की कोशिश के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने कहा, "जिसकी नैया डुबोना जनता ने तय कर लिया है वो कांग्रेस पैसे देकर अखबारों में झूठी लहर फैला रही है।" प्रधानमंत्री ने राजस्थान के पाली में पर्यटन और विकास की संभावनाओं पर जोर दिया और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सड़क और रेल कनेक्टिविटी में सुधार के लिए भाजपा सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला।

# भारत की जीडीपी 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर होने का दावा फर्जी : कांग्रेस

**आरएनएम। नई दिल्ली**

भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर रविवार को मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि पहली बार भारत की जीडीपी चार लाख करोड़ (4 ट्रिलियन) डॉलर को पार कर गई है। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं, कांग्रेस ने सोमवार को केंद्र सरकार के इस दावे की आलोचना करते हुए इसे पूरी तरह से फर्जी बताया है। कॉंग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि इसका उद्देश्य अधिक उत्साह पैदा करना और चापलूसी और हेडलाइन प्रबंधन का प्रयास है। यह पहली बार नहीं, इससे पहले भी बीजेपी सरकार जनता के साथ धोखा दे चुकी है।



एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कल दोपहर 2.45 बजे से शाम 6.45 बजे के बीच, जब पूरा देश क्रिकेट मैच देखने में मशगूल था, तब राजस्थान और तेलंगाना के वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और साथ ही प्रधानमंत्री के सबसे चहेते कारोबारी समेत मोदी सरकार के कई धुरंधरों ने ट्वीट किया कि भारत की जीडीपी का साइज पहली बार 4 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया। रविवार को सोशल मीडिया पर एक स्क्रीनशॉट वायरल हो रहा है, जिसमें भारतीय अर्थव्यवस्था (जीडीपी) को पहली बार 4 ट्रिलियन डॉलर यानी 4 लाख करोड़ डॉलर के पार निकलने का दावा किया जा रहा है। इस स्क्रीनशॉट को रवींद्र जडेजा की पत्नी और भाजपा विधायक रिवाबा जडेजा, देवेंद्र फडणवीस और अर्जुन राम मेघवाल सहित कई बीजेपी नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया है। इसके अलावा भारत के दूसरे सबसे अमीर शख्स गौतम अडाणी ने भी भारत के 4 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने पर बधाई दी है। हालांकि, बाद में उन्होंने इस पोस्ट को डिलीट कर दिया। आधिकारिक तौर पर भी सरकार की ओर से इसे लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। वहीं 9 नवंबर को जारी स्टेटिस्टा के आंकड़ों के मुताबिक, भारत की जीडीपी 3.73 ट्रिलियन डॉलर यानी 3.73 लाख करोड़ डॉलर थी। समाचार एजेंसी पीटीआई ने भी इस खबर को चलाया है।

# लखीसराय में सनकी युवक ने 6 को मारी गोली, 3 की मौत

## दो लोग हिरासत में, घटना में प्रयुक्त हथियार जब्त

**एजेंसी। पटना**

बिहार में लखीसराय जिले के कबैया थाना क्षेत्र के पंजाबी मोहल्ला में सोमवार को सनकी युवक ने छह लोगों पर ताबड़तोड़ गोली बरसा दी। इस गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोगों को पटना पीएमसीएच में भर्ती किया गया है। ये सभी एक ही परिवार के हैं। आरोपित युवक का नाम आशीष चौधरी बताया गया है। गोलीकांड मामले में जांच करने पहुंचे मुंगेर रेंज के डीआईजी संजय कुमार सिंह ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की है। घटना में प्रयुक्त हथियार और मुख्य आरोपित आशीष चौधरी के घर के दो लोगों को हिरासत में लिया गया है जिनसे



पूछताछ चल रही है। डीआईजी ने बताया कि जल्द पुलिस की टीम मुख्य आरोपित आशीष चौधरी को पकड़ लेगी। पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है। पुलिस ने बताया कि गोली मारने वाले आशीष चौधरी का संबंध सामने वाली घर की लड़की के साथ था। लड़की के परिवार उसकी शादी उससे नहीं करना चाहते थे जिसके कारण इस घटना को उक्त युवक ने अंजाम दिया।

# देशहित में है 'वन नेशन, वन इलेक्शन' : कोविंद

## निजी कार्यक्रम में शामिल होने सपरिवार यूपी में हैं पूर्व राष्ट्रपति

**एजेंसी। रायबरेली**

पूर्व राष्ट्रपति और वन नेशन वन इलेक्शन के चेयरमैन रामनाथ कोविंद ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन देशहित में है और इसका सभी ने किसी न किसी समय समर्थन किया है, इसके लिए वर्तमान में आम सहमति के प्रयास किये जा रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति सोमवार को रायबरेली में निजी कार्यक्रम में शामिल होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्थाओं समेत राजनैतिक पार्टियों से सुझाव मांगे गए हैं। कई पार्टियों समेत नीति आयोग और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं ने इसका समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनैतिक दल सहमत नहीं हैं जिसे लेकर बीच का रास्ता निकाला जा रहा है जिससे देशहित में इसे जल्द लागू किया जा सके। इसका फायदा केंद्र की सत्ताधारी पार्टी चाहे भाजपा हो, कांग्रेस या अन्य कोई पार्टी,



उसे वन नेशन वन इलेक्शन का सीधा फायदा मिलेगा। जनता भी लाभान्वित होगी क्योंकि इससे देश के करोड़ों रुपये की बचत होगी।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के जनपद आगमन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे । सोमवार को वे रायबरेली जनपद में निजी कार्यक्रम में शामिल पहुंचे । उनके आईटी गेस्ट हाउस पहुंचने पर डीएम हर्षिता माथुर, एडिशनल एसपी नवीन सिंह और एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी ने स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति को गार्ड ऑफ आनर दिया गया। आईटीआई गेस्ट हाउस में अल्प विराम के बाद शिवाजी नगर स्थित बेटी की ससुराल में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे दिल्ली रवाना हो जायेंगे।

# ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने साबरमती रिवर क्रूज में कराया फोटो शूट

**एजेंसी। अहमदाबाद**

क्रिकेट वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीतने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पेट कमिन्स सोमवार को दो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों और आईसीसी अधिकारियों के साथ वर्ल्ड कप ट्रॉफी लेकर फोटो शूट कराने साबरमती रिवर फ्रंट और अटल ओवरब्रिज पहुंचे। साबरमती रिवरफ्रंट के रिवर क्रूज पर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने लुत्फ उठाया। करीब एक घंटे तक खिलाड़ी रिवर क्रूज पर रहे। रिवर क्रूज से साबरमती नदी और अटल ब्रिज के साथ फोटो शूट कराया। इस दौरान कप्तान पेट कमिन्स ने गुजराती व्यंजन खमण और ढोकला का स्वाद लेते हुए उसकी तारीफ की। ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पेट कमिन्स अपने दो




खिलाड़ियों और आईसीसी अधिकारियों के साथ सुबह 11 बजे साबरमती रिवर क्रूज पर पहुंचे। क्रूज पर उनका स्वागत किया गया। कप्तान कमिन्स और उनके साथियों को गुजराती नाश्ता दिया गया। नाश्ते में फाफड़ा, जलेबी, खमण, ढोकला समेत 10 प्रकार के अलग-अलग फल और व्यंजन परोसे गए। कप्तान कमिन्स ने ढोकला व खमण खाकर ब्लैक टी पी।

# अखिल भारतीय संताली लेखक संघ के 36वें वार्षिक सम्मेलन में भाग लेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

## राष्ट्रपति आज से 22 नवंबर तक ओडिशा और आंध्र प्रदेश के दौरे पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार से 22 नवंबर तक ओडिशा और आंध्र प्रदेश के दौरे पर रहेंगी। वो आज बारीपदा में अखिल भारतीय संताली लेखक संघ के 36वें वार्षिक सम्मेलन और साहित्यिक महोत्सव के उद्घाटन सत्र में हिस्सा लेंगी। इसके बाद कुलियाना में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन करेंगी। यह जानकारी पीआईबी की विज्ञप्ति में दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार 21 नवंबर को राष्ट्रपति पहाड़पुर गांव में कौशल प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ करेंगी। इसके बाद बादामपहाड़ रेलवे स्टेशन का दौरा करेंगी। यहां तीन नई रेलगाड़ियों (बादामपहाड़-टाटानगर मेमू, बादामपहाड़-राउरकेला साप्ताहिक एक्सप्रेस और बादामपहाड़-शालीमार साप्ताहिक एक्सप्रेस) को हरी झंडी दिखाएंगी। वो न्यू रायरंगपुर डाक मंडल का उद्घाटन करने के साथ रायरंगपुर डाक मंडल का स्मारक कवर जारी करेंगी। इस दौरान बादामपहाड़ रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगी। वो बादामपहाड़-शालीमार एक्सप्रेस रेलगाड़ी से बादामपहाड़ से रायरंगपुर तक यात्रा करेंगी। शाम को राष्ट्रपति वीर सुरेंद्र साई प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बुर्ला के 15वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति 22 नवंबर को संबलपुर में ब्रह्माकुमारीज के राष्ट्रीय शिक्षा अभियान -नए भारत के लिए नई शिक्षा का शुभारंभ करेंगी। आखिर में राष्ट्रपति पुट्टपर्थी का दौरा करेंगी। वहां वो श्री सत्य साईं इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के 42वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी।

# उत्तरकाशी पहुंचे ऑस्ट्रेलिया के अंतरराष्ट्रीय टनल एक्सपर्ट

## फंसे 41 मजदूरों की वापसी का बढ़ा भरोसा

**एजेंसी। उत्तरकाशी**

उत्तरकाशी के सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग में बीते नौ दिनों से फंसे 41 श्रमिकों को सुरंग से बाहर निकालने के लिए ऑस्ट्रेलिया के अंतरराष्ट्रीय स्तर के टनल एक्सपर्ट प्रोफेसर सर अर्नोल्ड डिक्स की मदद ली जा रही है। सोमवार को उक्त जानकारी जिला अधिकारी अभिषेक रुहेला ने दी। उन्होंने बताया कि टनल विशेषज्ञ अर्नोल्ड डिक्स के साथ विचार विमर्श कर रेस्क्यू अभियान की रणनीति पर चर्चा हुई। अर्नोल्ड डिक्स एक वैज्ञानिक हैं। उन्हें अंडरग्राउंड इन्फ्रास्ट्रक्चर, बिल्डिंग्स और ट्रांसपोर्ट रिस्क के शानदार और स्वतंत्र विशेषज्ञ के रूप में जाना जाता है। अंतरराष्ट्रीय टनल एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स दुनिया भर में कई परियोजनाओं के लिए विवाद निवारण बोर्ड और टेंडर इवैल्युएशन पैनल पर नियुक्तियां करते हैं। कानून और इंजीनियरिंग दोनों में ही विशेषज्ञता होने के कारण उन्होंने कई विवादित और कठिन मसलों में भी अपनी सूझबूझ से समझौता कराया है। उन्हें अंडरग्राउंड इन्फ्रास्ट्रक्चर, बिल्डिंग्स और ट्रांसपोर्ट रिस्क के शानदार और स्वतंत्र विशेषज्ञ के रूप में जाना जाता। अब उम्मीद की जानी चाहिए कि नौ दिनों से उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों की बाहर निकालने की राह हो गई है।

## द्विपक्षीय वार्ता में दोनों देशों के रक्षा स्टार्टअप के बीच सहयोग पर हुई व्यापक चर्चा

# भारत-ऑस्ट्रेलिया मजबूत करेंगे रक्षा साझेदारी

## राजनाथ ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पनडुब्बी रोधी सैन्य सहयोग पर जोर दिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष रिचर्ड मार्ल्स के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। बातचीत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पनडुब्बी रोधी और ड्रोन रोधी युद्ध और साइबर डोमेन जैसे विशिष्ट प्रशिक्षण क्षेत्रों में सैन्य सहयोग पर जोर दिया गया। भारत और ऑस्ट्रेलिया इस बात पर सहमत हुए कि दोनों देशों के बीच मजबूत रक्षा साझेदारी हिंद-प्रशांत की समग्र सुरक्षा के लिए अच्छी



होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधान मंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने संयुक्त अभ्यास, आदान-प्रदान और संस्थागत बातचीत सहित दोनों देशों के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। रक्षा मंत्री ने इस वर्ष अगस्त में पहली बार ऑस्ट्रेलिया में बहुपक्षीय अभ्यास 'मालाबार' के सफल आयोजन पर मंत्री मार्ल्स को बधाई दी।

दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच सूचना आदान-प्रदान और समुद्री डोमेन जागरुकता में सहयोग को और बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया। दोनों पक्ष हाइड्रोग्राफी सहयोग और हवा से हवा में ईंधन भरने के लिए सहयोग पर कार्यान्वयन व्यवस्था को समाप्त करने के लिए चर्चा के उन्नत चरण में हैं। राजनाथ सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों की सेनाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पनडुब्बी रोधी और ड्रोन रोधी युद्ध और साइबर डोमेन जैसे विशिष्ट प्रशिक्षण क्षेत्रों में भी सहयोग करना चाहिए। दोनों मंत्री इस बात पर सहमत हुए कि रक्षा उद्योग और अनुसंधान में गहरा सहयोग पहले से ही मजबूत संबंधों को बढ़ावा देगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया को सुझाव दिया कि जहाज निर्माण, जहाज की मरम्मत और रखरखाव और विमान रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) सहयोग के संभावित क्षेत्र हो सकते हैं। दोनों मंत्रियों ने पानी के भीतर प्रौद्योगिकियों में संयुक्त अनुसंधान के लिए सहयोग पर भी चर्चा की। इसके अलावा चुनौतियों को संयुक्त रूप से हल करने सहित दोनों देशों के रक्षा स्टार्टअप के बीच सहयोग पर चर्चा की गई। उन्होंने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि एक मजबूत भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी न केवल दोनों देशों के पारस्परिक लाभ के लिए, बल्कि हिंद-प्रशांत की समग्र सुरक्षा के लिए भी अच्छी होगी।

FILMY हलचल

# फ्रांस के '3 कॉन्टिनेंट्स फेस्टिवल' में अमिताभ बच्चन का रेट्रोस्पेक्टिव सेट

**भारतीय** सिनेमा के अभिनय जगत के महानायक अमिताभ बच्चन की नौ फिल्मों की एक पूर्वव्यापी फिल्म फ्रांस के '3 कॉन्टिनेंट्स फेस्टिवल' के लिए तैयार है। वेरायटी की रिपोर्ट के अनुसार पूर्वव्यापी शीर्षक 'अमिताभ बच्चन बिग बी फॉरएवर' अभिनेता के अभिनय के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करेगा, जिसमें लेखक सलीम खान और जावेद अख्तर द्वारा निर्मित 'एंग्री यंग मैन' के रूप में उनका व्यक्तित्व, कुछ महानतम फिल्मों में एक्शन, ड्रामा, रोमांस और कॉमेडी शामिल है। हिंदी भाषा का सिनेमा जिसमें 'शोले', 'दीवार', 'डॉन', 'कभी-कभी' और 'अमर अकबर एंथोनी' शामिल हैं। निर्देशक भी भारतीय सिनेमा के दिग्गज हैं जिनमें यश चोपड़ा, रमेश सिप्पी, मनमोहन देसाई और हृषिकेश मुखर्जी शामिल हैं। यह शोकेस फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन द्वारा सह-प्रस्तुत किया गया है, जो फिल्म निमार्ता और पुरालेखपाल शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर द्वारा स्थापित एक गैर-लाभकारी संगठन है, जिसने पिछले एक साल में भारत भर के सिनेमाघरों में बेहद सफल रेट्रोस्पेक्टिव फिल्मों की एक श्रृंखला की मेजबानी की है, जिसमें 'बच्चन बैक टू द बिगिनिंग', 'दिलीप कुमार हीरो ऑफ हीरोज' और 'देव आनंद 100 फॉरएवर यंग' शामिल हैं।




# भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का हुआ आगाज

गोवा के खूबसूरत समुद्र तट के बीच सोमवार को 54वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह का उद्घाटन केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में किया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री आईनॉक्स कॉम्प्लेक्स में ओपनिंग फिल्म के निमार्ताओं और कलाकारों को सम्मानित किया। उन्होने फिल्म बाजार का भी उद्घाटन किया। यह दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा वैश्विक फिल्म बाजार है। उद्घाटन समारोह में माधुरी दीक्षित, शाहिद कपूर श्रिया सरन, नुसरत भरूचा, पंकज त्रिपाठी, शांतनु मोइत्रा, श्रेया घोषाल और सुखविंदर सिंह ने प्रस्तुति दी। महोत्सव में फिल्म उद्योग की जानी-मानी हस्तियां कैथरीन जेटा जोन्स, सलमान खान, विद्या बालन, आयुष्मान खुराना, अनुपम खेर, विकी कौशल, सिद्धार्थ मल्होत्रा, अदिति राव हैदरी, एआर रहमान, अमित त्रिवेदी आदि मौजूद थे।

# किंग खान की फिल्म के क्लाइमेक्स को ले जावेद अख्तर का बड़ा खुलासा

**बॉलीवुड** के किंग खान यानी शाहरुख खान के लिए साल 2023 काफी अच्छा रहा। शाहरुख ने 'पठान' और 'जवान' जैसी फिल्में दीं, जिन्होंने 1000 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। ये कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि साल 2023 शाहरुख खान के नाम रहा है। हाल ही में किंग खान के जन्मदिन के मौके पर उन्होंने अपने फैंस को सरप्राइज दिया। शाहरुख ने 2 नवंबर यानी अपने जन्मदिन पर अपनी आने वाली फिल्म 'डंकी' का पहला टीजर रिलीज किया। टीजर को



सोशल मीडिया पर काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और फैंस शाहरुख की नई फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार हिरानी ने किया है। इस फिलम में शाहरुख और राजकुमार हिरानी पहली बार एक साथ काम करेंगे। जब से फिल्म की घोषणा हुई है तब से इसकी कहानी को लेकर तरह-तरह की बातें सुनने को मिल रही हैं। टीजर से साफ था कि फिल्म में भारत से अवैध तरीके से आए लोगों पर टिप्पणी की जाएगी। अब हाल ही में इस फिल्म को लेकर जावेद अख्तर ने टिप्पणी की है। जावेद अख्तर ने 'डंकी' के लिए गाना लिखा है। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान यह खुलासा किया।

## गागर में सागर

### वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने अस्तचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य



**रांची।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने रांची महानगर छठ पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे, अध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव ने डोरंडा छप्पन सेट स्थित निर्मित कृत्रिम तालाब में अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर छठि मैया के चरणों में शीश झुकाया एवं राज्य की तरक्की, खुशियाली, भाईचारा, विकास के लिए कामना की।

### गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा की प्रभात फेरी में महुआ माजी हुई शामिल



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के तत्वावधान में आयोजित श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 554वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में सातवें दिन गुरुद्वारा साहिब से प्रभात फेरी निकाली गई।प्रभातफेरी वापस पार्किंग गेट पहुंच कर सुबह साढ़े आठ बजे विसर्जित हो गई। इस मौके पर झामुमो की राज्यसभा सांसद माननीय श्रीमती महुआ मांजी भी शामिल हुई, उन्होंने निशान साहब को पुष्प माला पहनाई और स्त्री सत्संग सभा की महिला श्रद्धालुओं को माला पहनाकर भक्ति भाव प्रकट किया और फेरी के साथ-साथ शबद गायन किया। सत्संग सभा की ओर से उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी कर तथा फेरी पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धा भाव से फेरी का स्वागत किया। सरदार छोटू सिंह ने निशान साहिब उठाकर फेरी की अगुवाई की तथा मनीष मिढा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने अरदास की।

### सांसद ने भगवान भास्कर को दिया अर्घ्य, श्रद्धालुओं को दी शुभकामनाएं



**रांची।** लोकआस्था के महापर्व छठ के अवसर पर सांसद संजय सेठ ने क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर जाकर सभी छठव्रतियों और श्रद्धालुओं को अपनी शुभकामनाएं दी। सांसद ने भगवान भास्कर से सबके आरोग्यमय और ऊजार्वान जीवन की कामना की। सांसद श्री सेठ ने इस अवसर पर अरगोड़ा तालाब में हटिया विधायक नवीन जायसवाल, नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार और अरुण झा के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। सांसद ने कहा कि भगवान भास्कर ऊर्जा और आरोग्य प्रदान करते हैं। लोकआस्था के इस पर्व पर मैं भगवान भास्कर और छठ मैया से सब के आरोग्यमय और ऊजार्वान जीवन की कामना करता हूं। भगवान सबको ऊर्जा प्रदान करें, आरोग्यवान रखें ताकि हम सब अपने-अपने कर्म क्षेत्र में और बेहतर कार्य कर सकें। जनता के लिए सदैव खड़ा रह सके। इस दौरान सांसद सेठ ने छठव्रतियों को प्रणाम कर, उनसे आशीर्वाद भी ग्रहण किया।

### ईरबा में आज जलसा इस्लाह ए मुआशरह का होगा आयोजन

**रांची।** जल्सा इस्लाह ए मुआशरह का आयोजन अब्दुल कयूम अंसारी उर्दू मिडिल स्कूल ईरबा रांची में मंगलवार को समय 7:30 बजे किया जायेगा। इस जलसा में दुनिया के जाने माने मशहूर व मारूफ वक्ता (मोकर्रिर) मौलाना कारी अहमद अली फलाही दामत बरकातहू विशेष रुप से आ रहे हैं। जलसा के आयोजनकर्ता अनवार अहमद अंसारी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग सह प्रदेश उपाध्यक्ष झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा किया जा रहा है उनकी सोच वर्तमान समय में समाज में व्याप्त बुराई, नशाखोरी,शराबंदी पर रोक लगे तथा समाज में एक मुहिम चलाकर इसे समाप्त करने का संकल्प लिया है। यह जलसा इसी की कड़ी है। इस जलसा में लोग आकर इस्लाम के बीतें सुनेंगे और उसपर अमल भी करेंगे, जिससे लोगा बुराईयों से दूर होंगे।

### निःशुल्क शिक्षा व चिकित्सा के लिए निकाली न्याय यात्रा

**रांची।** लोकहित अधिकारी पार्टी रांची जिला के नेतृत्व में देश स्तरीय निःशुल्क शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था लागू कराने को लेकर निकली न्याय यात्रा सोमवार को बुढ़मू प्रखंड के मुरूपीरी पंचायत के मुर्गी गांव पहुंची। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों से वार्ता के क्रम में लोगों को केंद्र सरकार द्वारा देश को निजीकरण के दुष्परिणाम महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया। श्री साहू ने कहा आने वाले 2024 में लोकहित अधिकार पार्टी देश स्तरीय सभी के लिए निःशुल्क शिक्षा और चिकित्सा के विषय पर चुनाव लड़ेगी। इसके लिए ग्रामीणों को शिक्षा और चिकित्सा का महत्व को समझाते हुए कहा देश का सबसे बड़ा समस्या भ्रष्टाचार का बुनियाद चुनाव में पैसों का लेनदेन होता है। इसीलिए किसी भी राजनीतिक पार्टी से पैसा लेकर उसे वोट करना एक प्रकार से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की शुरूआत होती है। अभियान में विशेष कर कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक कांके प्रखंड अध्यक्ष देवपूजन ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

### दिसंबर में जारी हो सकता है मॉडल सेट पेपर

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट का मॉडल प्रश्न पत्र को लेकर अपडेट दिया है। जानकारी के अनुसार, झारखंड काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (जेसीईआरटी) ने मॉडल पेपर तैयार कर लिया है और जैक को सौंप दिया है। संभवत मॉडल सेट पेपर दिसंबर में जारी किया जा सकता है। मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 को देखते हुए जैक में एक के बाद एक कामों को किया जा रहा है। इससे पहले फॉर्म भरने की तिथि की घोषणा की जा चुकी है।





# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए भक्तों की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में लोक आस्था का महापर्व छठ उत्साह और उमंग के साथ सोमवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संपन्न हो गया। महापर्व छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के चौथे दिन सुबह छठ व्रतियों ने पूरी आस्था के साथ उदीयमान सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर सभी के लिए सुख और समृद्धि की कामना की। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए रांची में आधी रात के बाद से ही जलाशयों के आसपास मेला जैसा नजारा देखने को मिला। भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए दौरा में प्रसाद सजा कर छठ व्रतियों के साथ-साथ हर कदम जलाशयों-तालाबों की ओर बढ़ते दिखे। रांची के अरगोड़ा तालाब, विवेकानंद सरोवर, बटन तालाब, शालीमार तालाब, हटिया डैम, हटनिया तालाब, कांके डैम, स्वर्णरेखा नदी, तिरिल तालाब और डिस्टलरी तालाब के साथ साथ अन्य जलाशयों में छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन और रांची नगर निगम की ओर से विशेष सुरक्षा व्यवस्था और लाइटिंग के बीच छठव्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और ब्रहांड के कल्याण की कामना भगवान सूर्य से की। इस बार भी बड़ी संख्या में लोगों ने अपने अपने कॉलोनी, आवासीय परिसर के बाहर बनें कृत्रिम तालाब और अपार्टमेंट की छतों पर भी अस्थायी जलाशय निर्माण कर भगवान सूर्य की उपासना की।

### छठ व्रतियों के बीच फलदार पौधों का किया वितरण



**रांची।** आस्था के पावन महापर्व छठ के अवसर पर रांची नगर निगम ने सोमवार को छठ व्रतियों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया। यह वितरण निगम और रिलेशनस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। नगर आयुक्त अमित कुमार के आह्वान पर मोराबादी स्थित कुसुम बिहार रोड नंबर चार में छठ घाट में छठ व्रतियों और उनके परिजनों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रिलेशनस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी और बॉलीवुड अभिनेत्री अंतरा दुबे भी उपस्थित थीं। इस दौरान छठ व्रतियों और उनके परिजनों ने पौधा लगाकर उसके संरक्षण का भी संकल्प लिया।

### राजधानी में थे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**रांची।** इस दौरान प्रमुख छठ घाटों पर सुरक्षा की भुगतान इंतजाम किए गए थे। राजधानी रांची में छठ पर्व को लेकर 1200 अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई थी। इसके अलावे एनडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोरों को भी तैनात किया गया था। ड्रोन कैमरे से प्रमुख छठ घाटों की निगरानी भी की जा रही थी। सिटी एसपी राजकुमार मेहता, ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो, ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय सहित अन्य डीएसपी और थानेदार अपने-अपने क्षेत्र में छठ घाटों पर निगरानी कर रहे थे। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा लगातार कंट्रोल रूम से छठ घाटों की सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे थे। साथ ही लगातार वायरलेस से अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। एसएसपी का कहना था कि किसी भी तरह का छठव्रतियों को परेशानी न हो ताकि पूजा में खलल हो सके। पुलिस असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रख रही थी। हर घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम दिखाई दे रहे थे।

### ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक



**रांची।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की बैठक राहें प्रखंड कार्यालय में सोमवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता राजकिशोर मुंडा ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कमिटी के सदस्य सह जिला महासचिव अजय साहू ने कहा कि यह बैठक जिला अध्यक्ष के निर्देश पर रखा गया है। इसमें प्रदेश कांग्रेस से 10 सूत्री निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। सभी समन्वय समिति, प्रखंड कमिटी और पंचायत कमेटी से जो भी नवनियुक्त नाम की सूची है, उसे जल्द से जल्द जिला अध्यक्ष को सौपने का कार्य करें। बैठक में मुख्य रूप से त्रिलोचन महतो, बुद्धदेव महतो, राजकिशोर सिंह, फिरेन्द्रनाथ महतो, तारकेश्वर महतो,सहित अन्य नेता मौजूद थे।

## हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बाल संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा ने सोमवार को रांची के बूटी मोड़ के डुमरदगा स्थित बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे सभी बच्चो से मुलाकात की और लगभग एक घंटे बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे बच्चो से बातचीत कर उनकी बातों को सुना। मुख्य न्यायधीश का स्वागत संप्रेक्षण गृह के बच्चों ने तिलक लगा कर और गुलदस्ता भेंट कर किया। बच्चों के क्लास रूम को भी देखे, वहां बच्चों ने अपने द्वारा बनाई गई पेंटिंग दिखाई और एक बच्चे ने मुख्य न्यायाधीश का पेंटिंग बनाई थी, जिसे मुख्य न्यायधीश को भेट किया। फिर बच्चों ने स्थानीय भाषा में स्वलिखित गीत सुनाया और देशभक्ति गीत सुनाया। मुख्य न्यायधीश ने बाल संप्रेक्षण गृह में सभी वार्ड ,रसोई घर और लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया और प्रधान न्यायिक दंडाधिकारी और स्टेशन हाउस मास्टर से जानकारी ली। साथ ही बच्चों को मिलने वाले दैनिक आहार की पूरी जानकारी ली। इस दौरान महानिबंधक झारखंड उच्च न्यायालय, प्रधान न्यायायुक्त, पुलिस अधीक्षक रांची , प्रधान न्यायिक दंडाधिकारी और जूविनाइल जस्टिस बोर्ड सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



### एनआरसी के मुद्दे पर झामुमो को हमेशा सांप क्यों सूंघ जाता है : प्रतुल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोमवार को झामुमो के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पलटवार करते हुए कहा कि एनआरसी के मुद्दे पर झामुमो को हमेशा सांप सूंघ जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पार्टी बांग्लादेशी मुसलमान और रोहिंग्या मुसलमान का समर्थन करने वाली पार्टी है। तभी यह नहीं चाहती कि अल्पसंख्यक कल्याण की योजनाओं का पूरा हिस्सा झारखंड के मुसलमान को मिले। वो तो ऐसा चाहती है कि स्थानीय मुसलमान के हिस्से को भी मुस्लिम घुसपैठिये लूट कर ले जाए।

### झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस

## बॉलीवुड सिंगर जावेद अली करेंगे परफॉर्म

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। 22 और 23 नवंबर को कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। 22 नवंबर को जहां उत्कृष्ट विधायक सम्मान समारोह होगा, वहीं 23 नवंबर को बॉलीवुड सिंगर जावेद अली प्रस्तुति देंगे। इस मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सभी मंत्री और पक्ष-विपक्ष के विधायक मौजूद रहेंगे। वहीं विधानसभा के अधिकारी व कर्मियों के साथ-साथ नक्सली घटनाओं में शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं 10वीं, 12वीं बोर्ड के टॉपरों और चंद्रयान मिशन से जुड़े झारखंड के तीन वैज्ञानिकों को विशेष तौर पर सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि 23 नवंबर को शाम 6:00 बजे से विधानसभा परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय कलाकारों के लोक गायन व संगीत से होगी।

### झारखंड पवेलियन में खूब पसंद की जा रही है फैब्रिक पर ट्राइबल पेंटिंग की ज्वेलरी

## काजल नंदी के बनाये सामानों की खूब हो रही है बिक्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ नई दिल्ली**

दिल्ली का प्रगति मैदान मेला अब सामान्य लोगों के लिए खोल दिया गया है। मेले में खासी भीड़ देखने को मिल रही है। मेले के फोकस स्टेट में एक झारखंड पवेलियन में खूब भीड़ आ रही है। लोग झारखंड प्रदेश की जानकारी के साथ साथ उत्पादों की भी खरीदारी कर रहे हैं। झारखंड पवेलियन में ही परितिप्ति हैंडमेड ज्वेलरी की स्टॉल पर खासी भीड़ देखने को मिल रही है। परितिप्ती की स्टॉल पर फैब्रिक पर ट्राइबल पेंटिंग की ज्वेलरी की बिक्री की जा रही है। परितिप्ती की फैब्रिक ज्वेलरी जितनी पसंद की जा रही उससे ज्यादा लोग स्टॉल संचालक और परितिप्ति की काजल नंदी की कहानी में दिलचस्पी लेते दिख रहे हैं।

झारखंड के जमशेदपुर की काजल बताती है कि उनको शुरू से ही प्रेरक कहानियां पढ़ने का शौक था। कैसे लोग छोटी उम्र में बड़ी कामयाबी तक पहुंच रहे हैं। 20 वर्षीय काजल का कुछ अपना करने और स्वावलंबी बनने के सपना में उनके पिता की आर्थिक स्थिति बाधा बन रही थी। ऐसे में उनके सहपाठी अनिल ने उनको आर्थिक सहायता दी और पैसों की सहायता से काजल ने 2019 से फैब्रिक पर ट्राइबल पेंटिंग कर ज्वेलरी बनाने का सफर शुरू किया। वर्तमान में उनके साथ 20 से अधिक महिलाएं काम कर रही है। भविष्य में उनकी योजना और महिलाओं को साथ जोड़ते हुए अपने बिजनेस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की है। ऑनलाइन सेलिंग से शुरू किए गए इस बिजनेस को वो पहली बार विश्व व्यापार मेले में लाई हैं। उनका सामान देश के अलावा अमेरिका, लंदन, मलेशिया, सिंगापुर तक भेजा जा चुका है। काजल का मानना है कि एक दिन वो दुनिया के अधिक से अधिक देश में अपनी बनाई ज्वेलरी पहुचाएंगी।

## पृष्ठ एक के शेष

**भारत की हार के बाद पीएम मोदी ने...**

बहुत अच्छा था, लेकिन फाइनल में हम हार गए। हम सभी दुखी हैं, लेकिन हमारे देश के लोगों का समर्थन हमें आगे बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ड्रेसिंग रूम में पहुंचे। उनका दौरा विशेष और बहुत प्रेरणादायक था।

**प्रधानमंत्री ने शमी को लगाया गले :** शमी ने भी पीएम से मुलाकात की तस्वीर शेयर की है। उन्होंने लिखा- दुर्भाग्य से कल हमारा दिन नहीं था। मैं पूरे टूर्नामेंट के दौरान हमारी टीम और मेरा समर्थन करने के लिए सभी भारतीयों को धन्यवाद देना चाहता हूं। विशेष रूप से ड्रेसिंग रूम में आने और हमारा उत्साह बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी हूं। हम वापसी करेंगे!

**आदिवासी किशोरी की...**

विद्यालय की सातवीं कक्षा की छात्रा थी। वहीं बाजार में चर्चा है कि जब छठ पूजा पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट था। लगातार सड़कों पर गश्त की जा रही थी तो इस प्रकार की जघन्य घटना को अंजाम देकर अपराधी कैसे निकल गए।

**15 दिन के अंदर घटित दो बड़ी घटना :** बीते 15 दिन के अंदर घटित दो बड़ी घटना से चंदवा के ग्रामीण सहमे हुए हैं। बताते चलें कि बीते 7 नवंबर को चंदवा थाना के चौकीदार रहे सदीक अंसारी को माल्हन से चंदवा लौटने के क्रम में दूबी के समीप अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के 15 दिन गुजरने के बाद भी हत्याकांड का अबतक खुलासा नहीं हो पाया है। अब छठ पूजा मनाने निकली आदिवासी छात्रा का शव मिलने की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।

**ब्रिटेन में बिहार व झारखंड के...**

अधिक व्यक्तियों की भागीदारी रही। इसके अलावा परिवारों के 128 बच्चे - बच्चियाँ भी शामिल हुए, जिन्होंने सक्रिय रूप से सांस्कृतिक गतिविधियों, पेंटिंग कला प्रदर्शन और उत्सवों में भाग लिया। संगठन ने बेहतर प्रदर्शन के लिए कुल 50 बच्चों को सम्मानपत्र व पुरस्कार भी बांटा। समारोह के दौरान विवाहित महिलाओं ने रीति-रिवाजों भरी छठ पुजा के सभी रीतियों में शरीक हुई और सामुहिक नहाय खाय व खरना प्रसाद व ठेकुआ आदि बनाने में बढचढ कर भाग लिया।

सीवान के पंडित सुनील पाठक ने चारों दिन पूजा पाठ कराया और सबों को छठ पूजा के सांस्कृतिक महत्व व सूर्य उपासना की महत्ता से विदेश में रह रहे समुदाय को अवगत कराया।

रविवार सांध्य डूबते सुर्य देव तथा सोमवार को उगते सुर्य देव को पंडित जी के मंत्रों चारण, श्लोक के साथ सबों ने अर्घ्य दिया। महिलाओं ने मिलकर छठी मईया के पारंपरिक गीत गाया। सबों ने छठी माता, सूर्य देव, बाबा भोलेनाथ के जयकारे लगाये और सामुहिक आरती में भाग लिया।

लोगों ने ढलते सूर्य के साथ जीवन की सभी परेशानी दूर करने और उदयमान सूर्य की तरह जीवन मे नई - नई खुशियों के आगमन की कामना की। भारत और भारतीय समाज के मान - सम्मान,धन, वैभव, यश कृति, पद, प्रतिष्ठा हमेशा बने रहने की कामना की। इन्ही मंगलकामनाओं सहित ब्रिटेन में रह रहे भारतीय के आस्था के महापर्व छठ पूजा हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। सबों ने एक दूसरें को शुभकामनायें दी। सबों को छठ पुजा के उपरांत छठ प्रसाद बांटा गया। सभी छठ व्रतियों ने एक साथ पारण किया। सबों को टीका लगाया और आशीर्वाद दिया।

इस पुजा में शुक्ला कॉलोनी रांची के कैंट ब्रिटेन निवासी और संगठन महासचिव कैप्टेन ओम प्रकाश ने बढ चढ कर योगदान दिया। उन्होंने बताया कि लोक आस्था व सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक छठ पर्व को समावेशिता और साझा सहयोग से दूसरे वर्ष भी मनाया गया। यह हमारा विदेश में सांस्कृतिक विरासत और आस्था को सदा बनाए रखने प्रयास हैं, ताकि विदेश में भी आपसी भाई चारगी बनी रहे। हमारे युवा पीठी और बच्चों का भी लोक आस्था से जुडाव को मजबूत मिले।

इस उत्सव में कांके रोड, रांची निवासी अजय कुमार एवं विनिता नंद, कदमा जमशेदपुर के निवासी राकेश कुमार, जुही प्रिया, हर्षवर्धन, गौरव शर्मा, नेहा भगत,अदवित शर्मा, बोकारो स्टील सीटी निवासी मधुलिका शर्मा, समीर कुमार शर्मा ने भी सक्रिय रूप से छठ पूजा में भाग लिया। सबों ने देश से दूर लोक आस्था के पर्व से जुड़े रहने का इसे अनुपम अवसर बताया और बिहारी कनेक्ट यूके संगठन के व्यापक व सफल आयोजन की भूरी प्रशंसा की और आभार जताया।

इस महापर्व छठ उत्सव के कार्यकारी समिति के सदस्यों के नेतृत्व में, मूल रूप से सीवान के रहने वाले और पूर्वी लंदन के निवासी डॉ. उदेश्वर के सिंह (अध्यक्ष), रांची के कैप्टन ओम प्रकाश (महासचिव), मधुबनी के राजीव सिंह, हैरो, लंदन में, पटना के विजय रे हाउंस्लो , डॉ. बीरेंद्र राय मिडलैंड स्थित मुजफ्फरपुर के, संदीप गुप्ता बिहार से और वर्तमान में लीसेस्टर निवासी, अजय प्रकाश मूल रूप से पूर्णिया के और वेम्बली निवासी , अभिषेक आशीष पटना के पूर्वी लंदन निवासी, पटना से मृणाल कुमार पूर्वी लंदन, और डॉली पांडे मूल रूप से जमशेदपुर और लंदन के वॉटफोर्ड निवासी का उत्सव को धरातल में लाकर सफल आयोजन में विशेष योगदान रहा।

यह आयोजन विदेश में भी सदियों पुरानी परंपराओं का सम्मान और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ाव को बनाए रखने में यह कार्यक्रम सफल रहा।

समारोह में बच्चों ने छठ वीडियो गीतों, मनोरम छठ चित्रों और एक पुरस्कार शो के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे उत्सव में एक गतिशील और जीवंत स्पर्श जुड़ गया।

बिहारी कनेक्ट यूके के कोषाध्यक्ष राजीव सिंह ने वर्ष के इस बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम को निष्पादित करने के लिए 60 से अधिक स्वयंसेवकों के पिछले तीन महीनों के अनगिनत समर्पित सहयोग की सराहना की। इसे सफल बनाने में सभी के अथक प्रयास को अमूल्य बताया और प्रत्येक स्वयंसेवक को हार्दिक धन्यवाद दिया।

कार्यकारी सदस्य डॉ बीरेंद्र राय ने बताया कि कार्यक्रम में एकता और सांस्कृतिक विरासत के सार को अपनाते हुए पारंपरिक रीति-रिवाजों और समकालीन उत्सवों का मिश्रण प्रदर्शित किया गया। उपस्थित लोगों को धार्मिक समारोहों, सांस्कृतिक प्रदर्शनों और शानदार व्यंजनों का आनंद लिया, जो समृद्ध परंपराओं को दशार्ते हैं।

यूके इस कार्यक्रम को शानदार बनाने में उनके अटूट समर्थन के लिए उपस्थित लोगों, प्रायोजकों, स्वयंसेवकों और यॉर्क कॉटेज स्पा एंड रिजॉर्ट के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

**बिहारी कनेक्ट यूके के बारे में -**

बिहारी कनेक्ट यूके एक समुदाय-संचालित संगठन है, जो बिहार और झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, जबकि यूनाइटेड किंगडम में रहने वाले बिहारी व झारखण्ड मूल के व्यक्तियों और बिहारी व झारखण्डी संस्कृति में रुचि रखने वाले लोगों के बीच एकता और सौहार्द को बढ़ावा देता है। विभिन्न आयोजनों और पहलों के माध्यम से, बिहारी कनेक्ट यूके का लक्ष्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान, नेटवर्किंग और सामुदायिक जुड़ाव के लिए एक मंच बनाना है।

चार दिवसीय समारोह में सामुहिक सहभागिता से भोजन एवं ठहरने का उम्दा प्रबंधन समिति ने किया जिसकी काफी सराहना लोगों ने कई।

**छठ त्योहार की धार्मिकता से परे...**

विभिन्न स्थानों पर सूर्य की स्थिति (अयनांत) को चिह्नित करने के लिए स्तंभ बनाए गए हैं। इन धार्मिक मान्यताओं के गूढ को समझने की जरूरत है। विश्वव्यापी सूर्योपासना का अर्थ यह हुआ कि लोगों ने अपने अनुभव से पाया कि सूर्य के बिना मानव का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। भारत की बात करें तो यहां के प्रायः सभी पर्व त्योहारों के पीछे वैज्ञानिकता छिपी हुई है। होली के बारे में कहा जाता है कि हल्दी या प्राकृतिक पदार्थों से बने रंग और गुलाल सर्दी के मौसम के बाद शरीर में होने वाले संक्रमण को दूर कर देते थे। आज के मिलावटी युग में भले गुलाल या रंग से ही समस्या हो जाती हो पर प्राचीन काल में इसे उत्सव या उल्लास के साथ धर्म से जोड़ा गया था। इसी प्रकार दशहरा के दस दिनों का उपवास शरीर के अंदर के विकारों या दूषित पदार्थों को हटाकर अंदर से स्वस्थ कर देता है। आयुर्वेद और प्राकृतिक इलाज पद्धति भी उपवास को चिकित्सा की श्रेणी में रखता है। इसी प्रकार दिवाली में घरों की तो छठ में सरोवरों की सफाई बरसात के बाद के त्योहार हैं । छठ में या देवत्थान (देवठान) में मौसमी फलों या प्राकृतिक उत्पादों को प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है ताकि कृषि का पेड़ पौधों का महत्व बना रहे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि छठ में बड़े से बड़े लोग अहंकार त्याग कर जिस विनम्रता और भक्ति भाव छूठी मइया की सेवा करते हैं और हर कार्य बेहिचक करते हैं वही भाव सनातन ही नहीं सभी धर्मों का मूल है। जब संविधान नहीं बना था तब धर्म को ही संविधान की मान्यता थी और आज भी लोग बहुत सी धार्मिक बातों या निर्देशों को सहजता से मान लेते हैं जबकि सामान्य निर्देशों की अवहेलना करते हैं ।

# एफआईएच हॉकी स्टार्स अवार्ड्स के लिए नामित होने पर सविता ने कहा- यह टीम वर्क का परिणाम



**एजेंसी। बेंगलुरु**

भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता ने एफआईएच हॉकी स्टार्स अवाड्र्स में गोलकीपर ऑफ द ईयर श्रेणी में लगातार तीसरी बार नामित होने पर कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह लगातार दो बार यह पुरस्कार जीतेंगी और अब फिर से तीसरी बार नामित होंगी। सविता, जिन्होंने 2021 और 2022 में एफआईएच पुरस्कार जीती थीं, ने कहा कि उनकी उपलब्धि टीम वर्क का परिणाम है। सविता ने एफआईएच महिला गोलकीपर ऑफ द ईयर अवार्ड 2023 के लिए नामित होने पर हॉकी इंडिया से बातचीत में कहा,ह्लमैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं लगातार दो वर्षों तक यह पुरस्कार जीतूंगी, और फिर से नामित होंऊंगी। मैं वास्तव में बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं और यह मेरे, मेरे परिवार और मेरे साथियों के लिए भी गर्व का क्षण है। जब मैंने खेलना शुरू किया, तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतना आगे तक आऊंगी और यह सब मेरे परिवार और मेरे साथियों के समर्थन के कारण है।" उन्होंने कहा, टीम खेल में, कोई भी उपलब्धि व्यक्तिगत प्रयासों पर आधारित नहीं होती बल्कि टीम वर्क का परिणाम होती है। आपकी कड़ी मेहनत के लिए पहचाना जाना बहुत अच्छा है और यह पूरी टीम को प्रेरित करता है।"सविता ने हाल के वर्षों में भारत को कई महत्वपूर्ण जीत दिलाई हैं, जिसमें स्पेन में उद्घाटन एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2022 में खिताबी जीत भी शामिल है, जिससे भारत को एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में पदोन्नति हासिल करने में मदद मिली। इसके बाद उन्होंने एशियाई खेलों हांग्जो 2022 में कांस्य पदक जीतने के लिए टीम का नेतृत्व किया और इसके बाद हाल ही में आयोजित झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में खिताबी जीत हासिल की। उनकी कप्तानी में, भारत ने 2368.83 अंकों के साथ अपनी सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग (नंबर 6) भी हासिल की। सविता ने कहा, यह हमारे लिए एक अद्भुत सीजन रहा है। मुझे इस बात पर गर्व है कि हमने अपने रास्ते में आने वाली बाधाओं को कैसे पार किया। हम प्रत्येक खेल के साथ बेहतर होते गए हैं। यहां तक कि युवा खिलाड़ियों ने भी बहुत दृढ़ता दिखाई है; उन्होंने कड़ी मेहनत की है और अपना सब कुछ दे दिया है। आगामी एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, भारतीय महिलाएं पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए अपनी योग्यता सुरक्षित करने के लिए टूर्नामेंट में शीर्ष तीन में जगह बनाने का लक्ष्य रखेंगी। ओलंपिक क्वालीफायर 13 से 19 जनवरी तक रांची में होना है। भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ रखा गया है। पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य शामिल हैं। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी और शीर्ष तीन टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी योग्यता सुनिश्चित करेंगी।

## छठी बार वनडे वर्ल्ड कप जीतने पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कहा

# ‘अविश्वसनीय’ और ‘अद्भुत अहसास’

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रविवार को ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर छठी बार वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इस यादगार जीत को ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने 'अविश्वसनीय' और 'अद्भुत अहसास' बताया, जबकि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने इसे 2015 में अपनी जीत से भी बड़ी उपलब्धि करार दिया। भारत के 240 रनों के जवाब में ट्रैविस हेड की शतकीय पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने वनडे क्रिकेट के इतिहास में छठी बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस जीत को ट्रैविस हेड ने एक शानदार दिन करार दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पहले दो मैच हारने के बाद वापसी करते



हुए खिताब जीता है। ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाने में हेड का साथ देने वाले मार्नस लाबुशेन ने कहा कि यह अब तक की सबसे अच्छी उपलब्धि है जिसका वह हिस्सा रहे हैं। ग्लेन मैक्सवेल, जिन्होंने दोहरा शतक बनाकर ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान के खिलाफ जीत दिलाई और सेमीफाइनल में जगह पक्की की। वो भी अपनी टीम की इस जीत से काफी खुश नजर आए। वहीं, तेज गेंदबाज हेजलवुड ने कहा कि यह जीत 2015 विश्व कप में उनकी जीत से भी बड़ी है। हेजलवुड ने कहा, मुझे लगता है कि यह (2015 विश्व कप जीत) से भी बड़ा है। स्टीव स्मिथ ने इसे अविश्वसनीय प्रदर्शन बताया। उन्होंने कहा, यह अविश्वसनीय है और हां, यह शानदार प्रदर्शन था। गेंदबाजों ने माहौल तैयार किया और आज शाम क्षेत्ररक्षण बहुत अच्छा था। खेल को आगे बढ़ाया और अपनी ताकत के अनुसार खेलते रहे। यह हमारे लिए आदर्श शुरूआत नहीं थी, लेकिन हमें खुद पर विश्वास था।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए पाक टीम घोषित, बदल गए हैं कप्तान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज ने आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 18 सदस्यीय टेस्ट टीम की घोषणा कर दी है। 3 टेस्ट मैचों की सीरीज की शुरूआत 14 दिसंबर को पर्थ में पहले टेस्ट से होनी है। पाकिस्तान टीम की कप्तानी शान मसूद के हाथ में है। चयनकर्ता वहाब रियाज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए टीम का गठन किया गया है। हमने पिचों को ध्यान में रखा है और टीम में अधिक तेज गेंदबाजों को जोड़ा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रबंधन तीनों टेस्ट मैचों में टीम संयोजन के साथ लचीला हो सके। रियाज ने कहा कि सईम अयूब को इस साल उनके असाधारण घरेलू सीजन के बाद टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने कायद-ए-आजम ट्रॉफी और पाकिस्तान कप के दौरान बल्ले से प्रभावित किया था। उनके शामिल होने से हमारी मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप मजबूत होगी। इस साल की शुरूआत में श्रीलंका में अपनी सफलता के बाद पाकिस्तान ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-25 की वास्तव में अच्छी शुरूआत की है। हमें उम्मीद है कि टीम इस लय को ऑस्ट्रेलिया में भी जारी रखेगी। हमने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि टीम के पास ऑस्ट्रेलिया में सफलता पाने के लिए सभी प्रासंगिक संसाधन हों।

### ऐसा है शैड्यूल

पहला टेस्ट : 14-18 दिसंबर, पर्थ स्टेडियम

दूसरा टेस्ट : 26-30 दिसंबर, मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड

तीसरा टेस्ट : 3-7 जनवरी, सिडनी क्रिकेट ग्राउंड

### टीम

शान मसूद (कप्तान), बाबर आजम , शाहीन, आमेर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार, फहीम, हसन अली, इमाम, खुर्रम शहजाद, मीर हमजा, रिजवान, वसीम जूनियर, नौमान अली, सईम अयूब, आगा सलमान, सरफराज, सऊद शकील।

## कतर के खिलाफ सकारात्मक परिणाम असंभव नहीं : स्टिमक

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

चार साल पहले 2022 विश्व कप क्वालीफायर में भारत ने इगोर स्टिमक के कोचिंग में कतर के खिलाफ दोहा में गोलरहित ड्रा खेला था। भारतीय टीम मंगलवार को अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में 2026 संस्करण के लिए होने वाले एक और विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में कतर का सामना करेगी। स्टिमक के नेतृत्व में भारतीय टीम कलिंगा स्टेडियम में अपने पहले मैच में कतर के खिलाफ कहीं अधिक आत्मविश्वास से मैदान पर उतरेगी। स्टिमक इस बात से सहमत थे कि भारत अब एक या दो आश्चर्य करने में पूरी तरह सक्षम है, लेकिन वह अपनी सतर्कता कम करने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा, हमने हर कोण और स्थिति से कतर का विश्लेषण किया है और अच्छी तरह से जानते हैं कि गति और ताकत के मामले में वे क्या करने में सक्षम हैं। उनकी रक्षात्मक और आक्रामक स्थिति बेदाग है, जिसका प्रदर्शन उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ आठ गोल करके किया। उन्होंने कहा, वे आठ और गोल कर सकते




थे। यह बहुत कठिन होने वाला है और मैं बस यही चाहता हूं कि लड़के अगले मैच में अपने खेल का आनंद लें। पहला और बड़ा हिस्सा कुवैत के खिलाफ जीतकर पूरा किया गया, अब मैं चाहता हूं कि लड़के कोई दबाव न लें और कतर के खिलाफ अपनी गुणवत्ता दिखाएं। उन्होंने कहा, क्वालीफायर के अगले दौर में जाने के लिए हमें शीर्ष दो स्थानों पर रहना होगा, इससे अगले दौर में पहुंचने के हमारे लक्ष्य में मदद मिलेगी। कतर समूह से प्री-टूर्नामेंट पसंदीदा में से एक है। हमें अधिक उम्मीदें नहीं हैं लेकिन हम जानते हैं कि हमारे पास एक मौका है और हमें इसे दोनों हाथों से पकड़ना होगा।

## विश्व कप 2023 : रोहित, कोहली, शमी, राहुल जडेजा, बुमराह ‘टीम ऑफ द टूर्नामेंट’ में शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली, विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल, स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी को 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। हालाँकि भारत टूर्नामेंट में उपविजेता रहा, लेकिन अहमदाबाद में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से छह विकेट की हार के साथ उसकी दस मैचों की अजेय जीत का सिलसिला समाप्त हो गया। टीम के छह खिलाड़ियों ने टूनार्मेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह बनाई। जिसमें अग्रणी रन-स्कोरर और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट कोहली के साथ-साथ अग्रणी विकेट लेने वाले शमी भी शामिल हैं। 50 ओवर के विश्व कप में लगातार दूसरी बार टूर्नामेंट की टीम में नामित, रोहित ने भारत के लिए शीर्ष क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शून्य पर आउट होने के




बाद, शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ सिर्फ 84 गेंदों में 131 रनों की तूफानी पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। उन्होंने कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत में 86 रनों की शानदार पारी खेली और उसके बाद एक को छोड़कर सभी मौकों पर 40 का आंकड़ा पार किया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मुकाबला भी शामिल था। वहीं कोहली ने विश्व कप 2023 में 95.62 की औसत से 765 रन बनाकर सचिन तेंदुलकर का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने 2003 संस्करण के दौरान 673 रन बनाए थे। कोहली का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में मिली जीत में आया जब उन्होंने टूर्नामेंट में तीसरा शतक लगाते हुए 117 रनों की शानदार पारी खेली। यह उनका 50 वां एकदिवसीय शतक था। इस मामले में उन्होंने महान सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ते हुए, भारत को 12 वर्षों में पहली बार फाइनल में पहुंचाया। केएल राहुल ने पूरे टूर्नामेंट में कई महत्वपूर्ण पारियां खेलीं, जैसे चेन्नई में नाबाद 97 रन और साथ ही बेंगलुरु में अपने घरेलू मैदान पर नीदरलैंड पर नियमित जीत में शतक। उन्होंने फाइनल में भी भारत के लिए सर्वाधिक 66 रन बनाए। जडेजा ने गेंद से प्रभावित किया, विशेषकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जब वह युवराज सिंह के बाद एकदिवसीय विश्व कप में पांच विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय स्पिनर बने।

### 2023 पुरुष वनडे विश्व कप टूर्नामेंट की टीम इस प्रकार है

क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, डेरिल मिशेल, केएल राहुल, ग्लेन मैक्सवेल, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, दिलशान मदुशंका, एडम जाम्पा और मोहम्मद शमी।

**12वें खिलाड़ी :** गेराल्ड कोएत्जी।

## जोकोविच ने रिकॉर्ड सातवीं बार एटीपी फाइनल्स का खिताब जीता



**एजेंसी। तूरिन (इटली)**

नोवाक जोकोविच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यानिक सिनर को सीधे सेटों में हराकर रिकॉर्ड सातवीं बार एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने एक घंटा 43 मिनट तक चले मैच में स्थानीय खिलाड़ी सिनर को 6-3, 6-3 से हराकर 36 वर्ष की उम्र में नई उपलब्धि हासिल की। इस तरह से साल की शुरूआत रिकॉर्ड से करने वाले जोकोविच ने साल का अंत भी नया रिकॉर्ड बनाकर किया। उन्होंने 2023 के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना रिकॉर्ड दसवां खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने फ्रेंच ओपन में जीत हासिल करके 23वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर राफेल नडाल के रिकॉर्ड को तोड़ा था। जोकोविच को विंबलडन के फाइनल में कार्लोस अल्कराज से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इसके बाद उन्होंने अमेरिकी ओपन में खिताब जीता। जोकोविच ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि मेरी जिंदगी का यह सर्वश्रेष्ठ सत्र रहा। इस सप्ताह शानदार प्रदर्शन करने वाले स्थानीय खिलाड़ी यानिक के खिलाफ जीत दर्ज करके खिताब हासिल करना शानदार रहा। एटीपी फाइनल्स में इससे पहले सर्वाधिक खिताब जीतने का रिकॉर्ड संयुक्त रूप से जोकोविच और रोजर फेडरर के नाम दर्ज था।

## स्पेन ने यूरो 2024 क्वालीफायर में जॉर्जिया को 3-1 से हराया



**मैड्रिड।** स्पेन ने यूरोपीय चैम्पियनशिप क्वालीफाइंग अभियान में जॉर्जिया को 3-1 से हराया। हालाँकि पहले हॉफ में टीम के युवा मिडफील्डर गेवी के घुटने में चोट लग गई, जो गंभीर बताई जा रही है। स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने गुरुवार को साइप्रस के खिलाफ 3-1 दर्ज करने वाली टीम में कुछ बदलाव किये, जिसमें रोड्री, अल्वारो मोराटा, दानी कार्वाजल और उनाई साइमन जैसे खिलाड़ी शामिल हुए। स्पेन ने मैच में आक्रामक शुरूआत की। रॉबिन ले नॉर्मैंड ने मैच के चौथे मिनट में फेरान टोरेस के फ्री-किक को हेडर के जरिये गोल करके टीम का खाता खोला। हालांकि 6 मिनट बाद ही मैच के 10वें मिनट में खविचा वाराटसखेलिया ने गोल कर जॉर्जिया को 1-1 की बराबरी दिला दी। इसके बाद दोनों टीमों को गोल करने के कई मौके मिले, लेकिन कोई टीम गोल करने में सफल नहीं हुई। मध्यांतर तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। मध्यांतर के बाद मैच के 55वें मिनट में फेरान टोरेस ने गोल कर स्पेन को 2-1 की बढ़त दिला दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

## प्रशंसकों ने मर्यादा तोड़ी

## वनडे विश्व कप फाइनल मैच भारत पर त्वरित टिप्पणी

# विश्व विजेता बनने का सपना भी टूटा व दर्शकों के बारे में भ्रम भी



विजय केसरी

**देशवासियों** को उम्मीद थी कि इस बार भारत वनडे विश्व ट्रॉफी अपने नाम कर लेगा। वनडे विश्व कप में प्रारंभ से ही भारतीय खिलाड़ियों के लगातार, शानदार जीत ने देशवासियों को यह दिलासा दे दिया कि इस बार भारत विश्व चैंपियन ट्रॉफी लेकर ही दम लेगा। इस बार भारतीय खिलाड़ियों ने जी जान लगाकर क्रिकेट खेला, जिसकी सराहना भारत सहित विश्व भर के क्रिकेट प्रेमी कर रहे हैं। सेमी फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत जीत दर्ज कर वनडे विश्व विजय रथ की रस्सी मजबूती के साथ थामे आगे बढ़ता जा रहा था। इस बार के वनडे कप के खेल प्रदर्शन में भारत एकमात्र ऐसा देश रहा, जो किसी भी मैच में पराजित नहीं हुआ। भारत हर मैच में बेहतर प्रदर्शन किया। विराट कोहली अपने धुआंधार शतक की पारी खेलते हुए विश्व रिकॉर्ड तक बना लिया। वहीं शामी अपने विरोधियों पर कहर बनकर टूट पड़े थे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के नेतृत्व में पूरी टीम बहुत ही सूझबूझ के साथ सारे मैच खेले। क्रिकेट खेल समीक्षकों ने भारतीय खिलाड़ियों के नौ मैचों में बेहतर प्रदर्शन पर काफी कुछ लिखा भी।

इस वनडे विश्व कप में भारत का पलड़ा भारी ही दिखा । विश्व कप के लीग मैच में भारत कंगारूओं को कई बार हरा चुका है। इस बार भी 8 अक्टूबर को अपने ओपनिंग मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था। विश्व कप से पहले खेले गए वनडे सीरीज में भी भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों ने कंगारूओं को दो एक से धूल चटाई थी। होम ग्राउंड पर खेले गए पिछले दस मैचों में से भारत ने सात में जीत दर्ज कर परचम लहरा दिया। उम्मीद थी कि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में रोहित टीम को घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा, लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाया ।इसके साथ ही पिछले मैचों को देखते हुए यह कयास लगाया गया था कि भारत की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दमदार रहेगी।

ध्यातव्य है कि कपिल देव की कप्तानी में भारत ने 1983 में वेस्टइंडीज को हराकर विश्व कप अपने नाम किया था। वही 2011 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी ने श्रीलंका को हराकर विश्व कप अपने नाम किया था। 2008 विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया था, और विश्व कप अपने नाम कर लिया था। भारत को 15 वर्षों बाद ऑस्ट्रेलिया से बदला चुकाने का मौका मिला था, लेकिन इस मौके का लाभ भारत को नहीं मिल पाया। ऑस्ट्रेलिया की जीत ने भारत के इस बदले पर पानी फेर कर रख दिया।

ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट खिलाड़ियों को कमतर कर नहीं देखा जाना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी पलट वार करना जानते हैं। भारतीय खिलाड़ी,ऑस्ट्रेलिया



पर जीत दर्ज करने के लिए पूरी शक्ति लगा दी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के विजय रथ को रोक नहीं पाए। मैंने पूर्व में दर्ज किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी पलटवार करना जानते हैं। इस विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने इस पलटवार नीति का बहुत ही सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया की टीम इस विश्व कप में शुरूआती दो मैच गंवाने के बाद 8 मैच जीते हैं। यह ऑस्ट्रेलिया की टीम से सबक लेने की जरूरत है कि जीत के लिए कंगारू अंत तक संघर्ष करते रहते हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ मैक्सवेल ने 201 रन की पारी खेल, हारी बाजी पलट दी थी। वार्नर अंत तक फॉर्म में रहें। वार्नर इस मैच से पूर्व 528 रन बनाकर टॉप बल्लेबाजों की सूची में छठे स्थान पर रहें। इसके साथ ही जंपा इस मैच से पूर्व 22 विकेट झपट चुके हैं। जंपा का प्रदर्शन फाइनल मैच में भी बहुत ही बेहतर रहा। ऑस्ट्रेलियाई टीम के कई खिलाड़ी हैं, जो आईपीएल खेलते हैं, जिसका लाभ उन्हें मिला।

विश्व कप फाइनल का आलम यह रहा कि मैच को सीधे देखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पहुंचे। पूरा स्टेडियम दर्शकों से भारत रहा। दूसरी पारी में मैच के शुरूआत में जैसे ही भारतीय खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया के तीन विकेट लेकर अपना परचम लहराया, पूरा स्टेडियम गूंज उठा था। उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने जिस रणनीति के साथ खेल को अंजाम दिया, पूरा स्टेडियम पीन साइलेंस हो गया। भारतीय दर्शन जो यह उम्मीद लगाए बैठे थे कि भारत वनडे विश्व कप अपने नाम करेगा, उन्हें निराशा ही हाथ लगी।

इस वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को छह विकेट से हरा दिया। भारत की इस हार पर देशवासियों को निराशा जरूर हुई, वहीं दूसरी ओर पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को शानदार जीत पर शुभकामनाएं भी दी। साथ ही नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाडी ट्रेविस हेड को उल्लेखनीय खेल के लिए बधाई दिया। आगे उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के विश्व कप हारने के बाद कहा कि 'हम आज और हमेशा आपके साथ खड़े हैं।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस छोटी सी उक्ति में बहुत बड़ी बात छुपी हुई है । नरेंद्र मोदी यह भली-भांति जानते हैं कि भारतीय खिलाड़ियों ने यह मैच जीतने के लिए पूरी शक्ति लगा दी, फिर भी जीत नहीं पाए। आज का दिन भारतीय खिलाड़ियों के लिए अच्छा नहीं माना जा सकता है। आज भारतीय खिलाड़ियों को उनका भाग्य भी साथ नहीं दिया। आज भारतीय खिलाड़ी 240 रन बनाकर सारे विकेट खो दिए। नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि प्रिय टीम इंडिया, विश्व कप के दौरान आपकी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प उल्लेखनीय था। आपने बहुत अच्छे जज्बे के साथ खेला और देश को बहुत गौरव दिलाया। हम आज और हमेशा आपके साथ खड़े हैं।' इस वनडे फाइनल मैच को ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस देखने के लिए अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पहुंचे थे। देश के गृह मंत्री अमित शाह भी मैच देखने के लिए पहुंचे। भारतीय फिल्म जगत के सुपरस्टार शाहरुख खान, रणवीर सिंह, विवेक ओबेरॉय, अनुष्का शर्मा सहित काफी संख्या में फिल्मी सितारे मैच देख रहे थे। भारतीय टीम की हार उन सबों के चेहरे पर साफ झलक रही थी।

भारतीय टीम फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए 240 रन पर सिमट गई और ऑस्ट्रेलिया ने उसे छह विकेट से हरा दिया। मिचेल स्टार्क की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद ट्रेविस हेड के शतक से ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप फाइनल में भारत को छह विकेट से हराकर लगातार नौवीं जीत के साथ अभूतपूर्व छठा एकदिवसीय विश्व कप जीता और साथ ही करोड़ों भारतीयों का दिल और मेजबान टीम का विश्व चैंपियन बनने का सपना तोड़ दिया। मैच से पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस में कहा कि 'भारत एक मजबूत टीम है, लेकिन हमने शानदार प्रदर्शन किया है । ऑस्ट्रेलियाई टीम चैंपियन बनने के लिए खेलेंगी। 'इस कथन को ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने सच कर दिखाया। वहीं दूसरी ओर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि 'जैसे पूरे टूर्नामेंट में खेलें, वैसे ही फाइनल में खेलेंगे। विश्व कप की हम लोगों ने दो वर्ष पहले से ही तैयारी शुरू कर दी थी।' भारतीय खिलाड़ियों ने वनडे विश्व कप में अपनी तैयारी का बेहतर से बेहतर ढंग से प्रदर्शन किया, लेकिन अंत बहुत ही निराशाजनक साबित हुआ। अगर भारतीय टीम यह वनडे वर्ल्ड कप जीत जाती, तब रात भर भारत जश्न में डूब जाता, लेकिन यह संभव नहीं हो पाया। वहीं दूसरी और ऑस्ट्रेलिया की जीत पर पूरा ऑस्ट्रेलिया जश्न में डूब गया। वहां के अखबारों ने लीड में इस खबर को प्रकाशित किया ऑस्ट्रेलियाई टेलीविजन ने इस वनडे वर्ल्ड कप जीत को बहुत ही शानदार ढंग से प्रस्तुत किया।